# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 09 मार्च 2025 | वर्ष - 69 | अंक - 115 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 3.00 रु.

■ कहानी की कहानी
■ न जाओ... 04
■ अमेरिका का 51वां राज्य नहीं बना कनाडा...
■ रूस को भी पसंद नहीं आई डोनाल्ड ट्रंप की... 09
■ भारत को अमेरिका के साथ सभी वार्ताओं से...
■ महिलाओं को कम ब्याज दर पर मिलेगा... 11
■ गांगुली ने भारत को...
■ अंतरराष्ट्रीय महिला... 10

सार संक्षेप

## सशक्त महिलाओं के बल पर ही भारत विकसित बन सकता है : मुर्मु



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत को सभी का सपना बताते हुए कहा है कि आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त महिलाओं के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है, इसलिए पुरुषों को महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम पर सहयोग करना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने शनिवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

## भारत-आयरलैंड की संयुक्त आर्थिक आयोग की स्थापना पर सहमति

**डबलिन।** भारत और आयरलैंड ने बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों के महत्व को स्वीकार करते हुए भारत-आयरलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग की स्थापना पर सहमति व्यक्त की है। आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों, व्यापार और रक्षा मंत्री साइमन हैरिस के निमंत्रण पर भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने 06-07 मार्च 2025 तक आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा के दौरान यह महत्वपूर्ण सहमति बनी।




बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** मंडला के जिला अस्पताल में चूहों का राज चल रहा है।

**चुहिया- हां प्रिये-** कमजोरी व्यवस्था की और नप गए स्वास्थ्य कर्मी।

# चैंपियन्स ट्रॉफी : महा मुकाबला आज

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच खिताबी भिड़ंत पर टिकीं दुनिया की निगाहें

**दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला रविवार को दुबई में खेला जाएगा। इस महा मुकाबले पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें टिकी हैं।

इस फाइनल को जीतकर टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अनचाहे रिकॉर्ड के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। साल 1988 के बाद से भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी तरह के फाइनल में नहीं हराया है। 37 साल से यह इंतजार जारी है। 1988 में भारत ने न्यूजीलैंड को आखिरी बार शारजाह कप के फाइनल में हराया था। इसके बाद से टीम कीवियों के खिलाफ लगातार तीन फाइनल हार चुकी है।





**उम्मीद - खत्म होगा 37 साल का इंतजार..**

**12 साल पहले चैंपियंस ट्रॉफी जीता था भारत**-अब तक अपने प्रतिद्वंद्वियों और आलोचकों को हाशिये पर रखने में कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के लिये न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो फाइनल में पार पाना ही होगा, लेकिन साथ ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को लेकर जज्बाती होने से भी बचना होगा। भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का भारत के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं।

## महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : मोदी

**नवसारी/ नई दिल्ली, देशबन्धु।** विश्व महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानूनों में संशोधन किया है। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नवसारी जिले के वांसी बोरसी गांव में एक जनसभा में कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।




उन्होंने कहा, ''जब कोई लड़की देर से घर लौटती है, तो उसके माता-पिता सवाल पूछते हैं, लेकिन जब कोई लड़का देर से आता है, तो वे ऐसा नहीं करते, उन्हें ऐसा करना चाहिए। पिछले दशक में, हमने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए हमने नियम और कानून बदले हैं।''

### मुख्यमंत्री ने किया ऐलान

## धर्मांतरण करने वालों के लिए होगा फांसी का प्रावधान

**भोपाल,देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के लिए राज्य में फांसी की सजा का प्रावधान है और अब धर्मांतरण करने वालों को भी फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा।



भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य में मासूम बालिकाओं के साथ दुराचार करने के मामले में सरकार बहुत कठोर है। इस संबंध में फांसी का प्रावधान किया गया है। जो दुराचार करेगा, हमारी सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है। किसी हालत में ऐसे लोगों को जीवन जीने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं। जो धर्मांतरण कराएंगे, उनको भी फांसी की सजा दिलाए जाने का प्रबंध किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि धर्मांतरण और दुराचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की समाज विरोधी व्यवस्थाओं के खिलाफ सरकार ने संकल्प लिया है कि समाज के अंदर कुरीतियों, गलत बातों को बढ़ावा देने वालों से कठोरता के साथ पेश आएंगे।

## दिल्ली में गरीब महिलाओं को प्रति माह मिलेंगे 2500 रुपए

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली सरकार ने महिलाओं को महिला समृद्धि योजना का तोहफा दिया। शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हुई कैबिनेट में योजना पर मोहर लगाते हुए 5100 करोड़ रुपए की वार्षिक योजना को मंजूरी दी। इस योजना के तहत दिल्ली की गरीब महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपए की आर्थिक मदद मिलेगी।

इस योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। इस योजना के संबंध में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि शनिवार को दिल्ली सचिवालय में महिला समृद्धि योजना को लेकर दिल्ली कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में दिल्ली की गरीब महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह देने वाली महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य दिल्ली की गरीब महिलाओं को प्रति माह वित्तीय सहायता देकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

## मंडला जिला अस्पताल में चूहों के आतंक का वीडियो वायरल



## दो ड्यूटी नर्स निलंबित, एक वार्ड बॉय बर्खास्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडला में जिला अस्पताल में चूहों के आतंक का वीडियो वायरल होने के बात यह बात सामने आई है कि विगत आठ माह से पेस्ट कंट्रोल नहीं हुआ था। मरीज के परिजनों तथा स्टाफ नर्स ने चूहों के आतंक की शिकायत अस्पताल प्रबंधन की थी। वीडियो वायरल होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही करने की बजाये दो ड्यूटी नर्स को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा आउस सोर्स वार्ड बॉय की सेवा समाप्त कर दी गयी है।

मंडला कलेक्टर सोमेश शर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो देखने के बाद उन्होंने शनिवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि पिछले आठ महीनों से अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल नहीं हुआ था। उन्होंने तत्काल अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल करवाया। इसके अलावा सीएमएचओ को सफाई व्यवस्था

>>शेष पृष्ठ 2 पर

## मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक पुरुष प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए, बसों में तोड़-फोड़ की और सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी की।

### परदेशियों से काली करतूत

## हम्पी के पास पर्यटक सहित दो महिलाओं से दुष्कर्म

### तीन पुरुष साथियों को नहर में फेंका, एक की मौत

**सानापुर।** कर्नाटक के प्रसिद्ध टूरिस्ट स्पॉट हम्पी से एक शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां अज्ञात लोगों ने एक विदेशी महिला पर्यटक सहित 2 महिलाओं से दुष्कर्म किया। इसके साथ ही उनके 3 पुरुष साथियों के साथ मारपीट कर उन्हें नहर में फेंक दिया। इनमें से एक व्यक्ति का नहर के पास से शव बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात 11-11.30 बजे के बीच ये घटना हुई। हम्पी के पास लोकप्रिय सानापुर झील के किनारे अज्ञात बदमाशों ने एक 27 वर्षीय महिला इजरायली पर्यटक और एक होमस्टे की 29 वर्षीय महिला संचालिका के साथ दुष्कर्म किया। ओडिशा का रहने वाला एक पुरुष पर्यटक, जो अपराध के समय उन दोनों के साथ था, उसका शव मिला है। अपराधियों ने उसे तुंगभद्रा नहर में धक्का दे दिया, जबकि अमेरिका और महाराष्ट्र के दो अन्य पुरुष पर्यटक घायल हो गए हैं। घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस की स्पेशल टीम इस घटना से जुड़े आरोपियों की तलाश कर रही है। सानापुर झील हम्पी से लगभग 4 किमी दूर है और विदेशी पर्यटकों के बीच एक बड़ा आकर्षण का केंद्र है। इस संबंध में गंगावती ग्रामीण पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 309 (6) (चोरी या जबरन वसूली), 311 (मौत या गंभीर चोट पहुंचाने के इरादे से डकैती), 64 (बलात्कार), 70 (1) (सामूहिक बलात्कार), 109 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के अनुसार, ये वारदात जब हुई जब चार पर्यटक और होमस्टे की महिला संचालक सानापुर झील के पास संगीत बजाकर लुत्फ ले रहे थे।

### आरोपियों ने पूछा पेट्रोल पंप का पता

झील के पास जब ये लोग संगीत बजा रहे थे तभी बाइक सवार तीन लोग उनके पास आए और पूछा कि उन्हें पेट्रोल कहां से मिलेगा? होमस्टे संचालिका ने उन्हें बताया कि आसपास पेट्रोल पंप नहीं है तो तीनों ने उनसे कैश की मांग की। जब पैसा देने से इनकार कर दिया, तो कन्नड़ और तेलुगु बोलने वाले इन बदमाशों ने उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट शुरू कर दी, जिसके बाद उन्होंने तीन पुरुष पर्यटकों को नहर में धक्का दे दिया। शिकायत दर्ज कराने वाली एक महिला पीड़िता का कहना है कि जब पुरुष पर्यटक नहर से बाहर आने के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब तीन में से दो आरोपियों ने उसके और इजरायली महिला पर्यटक के साथ दुष्कर्म किया। एक पुरुष पर्यटक की मौत हो गई है, जिसका शव नहर के पास से मिला। साथ ही आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## हरियाणा के युवक को ऑस्ट्रेलिया में 40 साल कैद की सजा

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की कोर्ट ने कहा कि 40 साल में से 30 साल में उसे कोई पैरोल नहीं मिलेगी। हरियाणा में रेवाड़ी के रहने वाले एक युवक को ऑस्ट्रेलिया में रेप करने के मामले में 40 साल कैद की सजा सुनाई गई है। सिडनी की एक कोर्ट ने रेवाड़ी के बालेश धनखड़ को कोरियन महिलाओं के साथ रेप करने के मामले में यह सजा सुनाई है।

**5 कोरियन युवतियों का दुष्कर्म किया**

आरोपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई कार्यक्रमों की फोटो भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। बालेश बतौर छात्र 2006 में ऑस्ट्रेलिया गया था, जहां उसने पढ़ाई के बाद कई बड़ी कंपनियों में डेटा विजुलाइजेशन सलाहकार के रूप में काम किया। इसी दौरान उसने कोरियन मूल की 5 महिलाओं का रेप किया। 2018 में बालेश धनखड़ को गिरफ्तार किया गया था। सिडनी सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट यूनिट में पुलिस की छापेमारी में डेट-रेप ड्रग्स और घड़ी रेडियो के रूप में एक वीडियो रिकॉर्डर बरामद किया गया था। नौकरी का झांसा देकर रेप का आरोप बालेश धनखड़ पर आरोप थे कि उसने 2017 में 5 कोरियन महिलाओं को नौकरी का झांसा देकर इंटरव्यू लेने के बहाने मिलने को बुलाया और फिर नशीली दवा देकर उनके साथ रेप किया।

## राहुल ने पार्टी को दिखाया आईना, गुजरात प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी हावी

**अहमदाबाद,( एजेंसियां )।** राहुल गांधी ने शनिवार को अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों लगे पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। राहुल ने कई चौंकाने वाली टिप्पणियां कीं और अपनी ही पार्टी को आईना दिखाया। राहुल गांधी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को 20-30 लोगों को निकालना भी पड़े तो इसमें किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई बब्बर शेर हैं। लेकिन बंधे हुए हैं। पार्टी में दो गुट हैं। उन्होंने कहा कि एक जनता की इज्जत करता है, जनता के मुद्दों के लिए आवाज उठाता है, उसके दिल में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। दूसरा गुट जनता की इज्जत नहीं करता है। इसके लोग भाजपा से मिले हुए हैं।

**गुजरात प्रदेश कांग्रेस के आधे नेता भाजपा से मिले हुए**



JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये
प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

रिपोर्ट

### महिला दिवस पर आई रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# महिलाएं बन रहीं सेविंग की सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** महिलाएं अब न केवल घर की चारदीवारी से बाहर निकल रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त हो रही हैं। वे खेत-खलिहानों, खदानों और फैक्ट्रियों में काम करने के साथ-साथ रेल और हवाई जहाज भी चला रही हैं। यही नहीं, वे अपने पैसों को संभालना और बचत करना भी सीख रही हैं।

डीबीएस बैंक इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले एक नई रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि भारत की 90 प्रतिशत ग्रामीण महिला उद्यमी अपनी मासिक आय का कुछ हिस्सा बचाती हैं। यह रिपोर्ट डीबीएस बैंक ने सामाजिक संगठन हक़दर्शक के साथ मिलकर तैयार की है। सर्वेक्षण मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के ग्रामीण जिलों की 411 महिला उद्यमियों के बीच किया गया, जिनमें से 402 महिलाएं स्वयं सहायता समूह (SHG) की सदस्य हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 57 प्रतिशत महिलाएं अपनी मासिक आय का 20 प्रतिशत से कम बचाती हैं, 33 प्रतिशत महिलाएं 20-50 प्रतिशत के बीच बचत करती हैं, जबकि 5 प्रतिशत महिलाएं अपनी आय का 50 प्रतिशत से अधिक बचाती हैं। हालांकि, कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं, जिन्हें यह पता ही नहीं होता कि वे कितना बचा रही हैं। इसका मतलब है कि वित्तीय साक्षरता और बेहतर योजना की आवश्यकता है।



56 प्रतिशत महिलाएं बैंक में पैसे जमा करती हैं। 39 प्रतिशत महिलाएं SHG की बचत योजनाओं में हिस्सा लेती हैं। 18 प्रतिशत महिलाएं नकद राशि घर पर ही जमा रखती हैं। केवल 11 प्रतिशत महिलाएं फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) या रेकरिंग डिपॉजिट (RD) में निवेश करती हैं। सिर्फ़ 5 प्रतिशत महिलाएं सोने में निवेश करती हैं। 64 प्रतिशत महिलाएं अपने व्यवसाय के मुनाफे को फिर से अपने कारोबार में निवेश करती हैं।

**महिलाओं की बढ़ी भागीदारी**-रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि 18 प्रतिशत ग्रामीण महिला उद्यमी अपने वित्तीय फैसले खुद लेती हैं, जबकि 47 प्रतिशत महिलाएं अपने पति के साथ मिलकर फैसले करती हैं। वहीं, 24 प्रतिशत महिलाओं के वित्तीय निर्णय उनके पति लेते हैं और 11 प्रतिशत महिलाएं अपने परिवार के अन्य सदस्यों की सलाह पर निर्भर रहती हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि महिलाएं अब वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में बढ़ रही हैं, लेकिन पारंपरिक सोच अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

# देश-विदेश

## एक हजार नेपाली छात्रों के वापस कैंपस में लौटने का दावा

**भुवनेश्वर।** बीटेक की छात्रा की कथित आत्महत्या के मामले के बाद ओडिशा की केआईआईटी यूनिवर्सिटी चर्चा में बनी हुई है। फिलहाल इस केस की जांच नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन और ओडिशा पुलिस कर रही है। इसी बीच यूनिवर्सिटी की तरफ से दावा किया गया है कि इस मामले के बाद कैंपस छोड़कर 1100 नेपाली छात्रों में से 1000 से ज्यादा छात्र भुवनेश्वर स्थित कैंपस में वापस आ गए हैं। यूनिवर्सिटी की तरफ से यह दावा तब किया गया जब राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने विधानसभा को बताया कि परिसर में शिक्षा के लिए सही माहौल बना रहे इसके लिए प्रोफेसर की समिति का गठन किया गया है इसके बाद यूनिवर्सिटी की तरफ से कहा गया कि 16 फरवरी की घटना के बाद गए अधिकांश छात्र वापस आ गए हैं। अब वह वापस फिर से शैक्षणिक गतिविधियां शुरू करेंगे। बाकी बचे 100 छात्र भी रास्ते में हैं और वह भी जल्दी ही वापस आ जाएंगे।

## नायक तो महाराणा प्रताप हैं, अकबर नायक नहीं हो सकता : योगी आदित्यनाथ




**ग्रेटर नोएडा, ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र नायकों के सम्मान की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि जो लोग इन्हें सम्मान नहीं दे सकते, वे मानसिक विकृति के शिकार हैं और उन्हें इलाज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र नायकों का सम्मान किए बिना वर्तमान पीढ़ी आगे नहीं बढ़ सकती और नई प्रेरणा नहीं प्राप्त कर सकती।

सीएम योगी ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने जीवनकाल में मेवाड़ राजवंश से जुड़े उन सभी क्षेत्रों को वापस हासिल किया था, जिन्हें मुगल शासक अकबर ने हड़पने की चेष्टा की थी। उन्होंने अकबर को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। उन्होंने कहा, नायक तो महाराणा प्रताप हैं, अकबर नायक नहीं हो सकता। नायक तो छत्रपति शिवाजी महाराज हैं, जिन्होंने औरंगजेब को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और वह घुटते-घुटते बेमौत मरा। उन्होंने कहा कि जो लोग सनातन धर्म, भारत की संस्कृति और परंपरा को नष्ट करने के लिए आए, वे कभी भी राष्ट्र नायक नहीं हो सकते। राष्ट्र नायक वे हैं, जिन्होंने राष्ट्र और धर्म के लिए समर्पण किया। उन्होंने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह के योगदान को अविस्मरणीय बताया।

उन्होंने महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा, हमने जितने श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया था, उससे तीन से चार गुना ज्यादा लोग पहुंचे। पार्किंग स्पेस कम पड़ गई और कई श्रद्धालुओं को 10 से 15 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा, लेकिन संगम में स्नान करने के बाद हर कोई प्रसन्न होकर लौटा। इससे पहले, सीएम योगी ने नोएडा में चार आईटी कंपनियों का उद्घाटन और भूमि पूजन किया। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में शारदा केयर हेल्थ सिटी अस्पताल का भी उद्घाटन किया।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले-

## भारत टैरिफ में कटौती पर हो गया है राजी

### कांग्रेस ने कहा-प्रधानमंत्री संसद में स्थिति स्पष्ट करें



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत टैरिफ में कटौती करने के लिए सहमत हो गया है। ट्रंप ने कहा, भारत हम पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। आप भारत में कुछ भी बेच नहीं सकते हैं। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका से ज्यादा टैक्स वसूलने वाले सभी देशों पर 2 अप्रैल 2025 से रेसिप्रोकल टैरिफ लागू हो जाएंगे। ट्रंप का कहना है कि टैरिफ से अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार बढ़ेगा।

इसे लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस ने कहा कि ट्रंप के दावे पर पीएम मोदी को संसद को विश्वास में लेना चाहिए। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सवाल उठाया कि क्या भारतीय किसानों और निर्माताओं के हितों से समझौता किया जा रहा है? एक्स पर पोस्ट में जयराम रमेश ने लिखा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकियों के साथ व्यापार पर बातचीत करने के लिए वाशिंगटन डीसी में हैं। इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने यह दावा किया। मोदी सरकार ने क्या सहमति जताई है? क्या भारतीय किसानों और भारतीय विनिर्माण के हितों से समझौता किया जा रहा है? प्रधानमंत्री को 10 मार्च को संसद को विश्वास में लेना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो भी साझा किया। इस वीडियो में ट्रंप कह रहे हैं कि आर्थिक, वित्तीय और व्यापार दृष्टिकोण से हमारे देश को दुनिया के लगभग हर देश ने लूटा है। कनाडा, मैक्सिको और फिर आप सीधे लाइन में चले जाते हैं। भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। यह प्रतिबंधात्मक है। भारत अब सहमत हो गया है। वह अपने टैरिफ में कटौती करना चाहता है। क्योंकि आखिरकार उनके किए की पोल खोल रहा है।

### अगर ट्रंप सही हैं तो यह मोदी सरकार का आत्मसमर्पण है : कांग्रेस

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि ट्रंप की बात सही है, तो यह मोदी सरकार का आत्मसमर्पण है। कांग्रेस पार्टी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को आगामी बजट सत्र में संसद में इस मुद्दे पर स्पष्टता देनी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने अपने शुल्कों में काफी कटौती करने पर सहमति जताई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत अमेरिका से उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, जिससे वहां व्यापार करना कठिन हो जाता है। हालांकि, इस पर भारतीय सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### चौंकाने वाले आंकड़ों ने खोली यूनुस सरकार की पोल

## बांग्लादेश में बढ़ रही महिलाओं के खिलाफ हिंसा

**ढाका, (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आंकड़ों ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत देश की गंभीर वास्तविकता को उजागर किया है। विश्व शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, लेकिन बांग्लादेश के हालात परेशान करने वाले हैं। बांग्लादेश महिला परिषद की अध्यक्ष फौजिया मोस्लेम ने कहा, 'समाज अराजकता की ओर बढ़ रहा है, जहां आपराधिक दंड से मुक्ति बढ़ रही है। कानून प्रवर्तन की नाकामी, जवाबदेही की कमी अपराधियों को मजबूत बना रही है।'

प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पूरा समाज जागरूक नहीं हुआ तो इस संकट से निपटना बेहद मुश्किल होगा। फौजिया मोस्लेम ने कहा, न्याय की जगह बातचीत ने ले ली है, जिससे महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वालों और व्यवस्था का शोषण करने वालों को अधिक शक्ति मिल रही है।' उन्होंने कहा कि आत्मसंतुष्टि, अधिकारियों की चुप्पी, [जिसमें नेतृत्वकारी भूमिका में महिलाएं भी शामिल हैं], और कानून के प्रति सामान्य उपेक्षा, ये सभी महिलाओं के प्रति बढ़ती दुश्मनी को बढ़ावा दे रहे हैं। देश में कानून व्यवस्था की हालत पिछले अगस्त में सत्ता परिवर्तन के बाद से बेहद खराब है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ढाका स्थित मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन की एक रिपोर्ट से पता चला है कि फरवरी 2025 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की 295 घटनाएं दर्ज की गईं, जो जनवरी की तुलना में 24 अधिक हैं।

**यौन उत्पीड़न का भी सामना करना पड़ा**-विभिन्न व्यवसायों से जुड़ी कुल 21 महिलाओं ने स्थानीय मीडिया को बताया कि पिछले तीन महीनों में उन्हें घर के बाहर यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। ढाका में रहने वाली 19 से 48 वर्ष की आयु की इन महिलाओं ने सड़क पर उत्पीड़न के कई मामलों की सूचना दी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें डर है कि विरोध करने पर वे भीड़ का निशाना न बन जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मंडला जिला .....

पर विशेष तौर पर ध्यान रखने तथा समय-समय पर पेस्ट कंट्रोल करवाने के निर्देश दिये है। इसके अलावा दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही करने भी निर्देश जारी किये थे। सीएमएचओ मंडला डॉ कीर्ति सरोते ने बताया कि दो स्टॉफ नर्स को निलंबित कर दिया गया है तथा एक ऑउट सोर्स कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गयी है। इसके अलावा अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ विजय धुर्वे तथा सहायक प्रबंधक अजय सैयाम को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। ड्यूटी नर्स तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों के द्वारा चूहों के आतंक के संबंध में पूर्व में शिकायत किये जाने पर उनका कहना था कि यह मामला पहली बार उनके संज्ञान में आया है। अस्पताल के सिविल सर्जन व आरएमओ से इस संबंध में उन्होने शिकायत की होगी। सिविल सर्जन व आरएमओ ने उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं दी गयी। सभी दोषी व्यक्तियों को खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

संयुक्त संचालक स्वास्थ्य एवं सेवा डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि इस घटना के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है। संबंधित अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे। गौरतलब है कि 27 सेकेंड के वायरल वीडियो में एक मरीज पलंग में सो रहा है। पलंग के समीप टेबल में रखे सामान को चूहो की गैंग कुतरने में लगी हुई है। इसके अलावा वार्ड में भी चूहे उछल-कूद कर रहे है। इस संबंध में अस्पताल में कार्यरत स्टाफ का कहना है कि पूर्व में भी चूहों के आतंक के संबंध में अस्पताल प्रबंधन से शिकायत की गयी थी। जिम्मेदार अधिकारियों ने उनको शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की। स्टॉफ नर्स तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों ने विगत 9 जनवरी को भी लिखित शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि बच्चा वार्ड में चूहों का आतंक है। चूहे अस्पताल में भर्ती मरीज तथा उनके सामान को काट रहे है। इसके पूर्व भी इस संबंध में शिकायत की जा चुकी है।

## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

### पश्चिम मध्य रेल

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-39-2025, दिनांक: 04/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) अनुभाग के अधीन बीना-कटनी सेक्शन में टीबीआर 46.40 किमी का कार्य. **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,43,71,360/- **बयाना राशि:** ₹ 3,21,900/- **समापन अवधि:** 12 माह **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-40-2025, दिनांक: 04/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल इंजीनियर दमोह सेक्शन के अंतर्गत तीसरी लाइन के किमी (1114.34 से 1127.074) के मध्य कुल 12.734 किमी पर विविध पी. वे रखरखाव कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹64,31,345/- **बयाना राशि:** ₹ 1,28,600/- **समापन अवधि:** 24 माह **(3) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-41-2025, दिनांक: 06/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता, कटनी अनुभाग के अंतर्गत तीसरी लाइन न्यू मझगवां फाटक – सलैया में बचे हुए कार्यों का विविध पी. वे रखरखाव कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,06,45,832/- **बयाना राशि:** ₹ 2,03,200/- **समापन अवधि:** 12 माह **(4) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-42-2025, दिनांक: 06/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) के अधिकार क्षेत्र में कटनी-सिंगरौली सेक्शन पर विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों से सम्बंधित में विभिन्न स्थानों पर सेस का चौड़ीकरण/मरम्मत कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,28,74,316/- **बयाना राशि:** ₹ 3,14,400/- **समापन अवधि:** 15 माह **(5) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-43-2025, दिनांक: 06/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) के अधिकार क्षेत्र में कटनी-सिंगरौली सेक्शन पर विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के संबंध में नाली निर्माण/ नाली सुधार का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹65,45,110/- **बयाना राशि:** ₹ 1,30,900/- **समापन अवधि:** 12 माह **(6) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-44-2025, दिनांक: 06/03/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों से सम्बंधित में सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 52Kg/60Kg/90 UTS रेल इन-सीटू की वेल्डिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,09,62,786/- **बयाना राशि:** ₹ 2,04,800/- **समापन अवधि:** 18 माह. **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि का समय 15.00 बजे तक:** टेंडर नं. 1, 2, 3, 4, 5 व 6 के लिए तिथि-01.04.2025 **निविदा खुलने की अंतिम तिथि का समय 15:15 बजे:** टेंडर नं. 1, 2, 3, 4, 5 व 6 के लिए तिथि- 01.04.2025. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### कार्यालय नगर परिषद् डूमरकछार, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Email- cmodoomarkachhar@mpurbangov.in

क्र. 2073/ न.परि./2025 — डूमरकछार, दिनांक 07/03/2025

**//संशोधित आदेश//**

एतद् द्वारा कार्यालय नगर परिषद् डुमरकछार जिला-अनूपपुर म.प्र. के आदेश पत्र क्रमांक 2036/न.परि./स्था./2025 डूमरकछार दिनांक 05.03.2025 आदेश पत्र के परिपेक्ष्य में यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल पूर्व मे इस निकाय द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1043/न.परि./स्था./2022-23 डूमरकछार दिनांक 26.09.2022 को निरस्त एवं संशोधित पढ़ा एवं माना जावे अन्य सभी आदेश यथावत लागू एवं मान्य होगी।

कृपया सर्व संबंधितों को सादर सूचनार्थ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् डूमरकछार, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

### In The Court Of XXI Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur

Presiding Officer: फरहान मसूद कुरैशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A /0000230/2025)
अभिनेश कुमार गुप्ता........................वादी
Vs
आम जनता..............................प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 24/03/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी अभिनेश कुमार गुप्ता ने आपके विरूद्ध आर सी एस ए दावा वास्ते वसीयत के आधार पर स्वत्व की घोषणा हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 07 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते वसीयत के आधार पर स्वत्व की घोषणा हेतु

कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(फरहान एम. कुरैशी)
21वें व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड)
र.नं. 3314 जबलपुर (म.प्र.)

### In The Court Of XXI Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur

Presiding Officer: फरहान मसूद कुरैशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A /0000231/2025)
विजयश्री गुप्ता........................वादी
Vs
आम जनता..............................प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 24/03/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी विजयश्री गुप्ता ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते वसीयत के आधार पर स्वत्व की घोषणा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 07 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी -उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते वसीयत के आधार पर स्वत्व की घोषणा हेतु
कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(फरहान एम. कुरैशी)
21वें व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड)
र.नं. 3313 जबलपुर (म.प्र.)

### In The Court Of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

Presiding Officer: अंकिता शाही
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC /0000193/2024)
गुड्डी बाई.................................आवेदक
Vs
संजय कुमार जैन.....................अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 11/04/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आ जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुड्डी बाई पता निवासी- म.नं. 1295/1 शाहीनाका रोड गढ़ा वार्ड पुरवा, जबलपुर ने मृतक श्यामलाल गौंड निवासी ग्राम पोस्ट मनकेडी, शाहपुरा, जबलपुर की (1) संजय कुमार जैन सचिव डी.एन. जैन बोडिंग सोसायटी, गोलबाजार, जबलपुर (2) संजय कुमार गोटिया डी.एन. जैन हायर सेकण्डरी स्कूल गोलबाजार जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11 अप्रैल 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकरी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 अप्रैल 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवासी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 27 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया हे।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस।
कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्रीमति अंकिता शाही)
अस्टम सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
र.नं. 3315 जबलपुर (म.प्र.)

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर

Web site:www.mp.gov.in/pwdmp Email :-eepwdelecjbp@mp.nic.in Tel./Fax No. 0761-2620792

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक -35/2024-25 व.ले.लि. — जबलपुर, दिनांक 03/03/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेन्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | अमानत की राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1.ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | 2025_ PWDRB_ 406851_1 | लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत शासकीय कार्यो के निरीक्षण हेतु इनोवा किस्टा वाहन अथवा समकक्ष वाहन प्रदाय करना प्रतिमाह दर के आधार पर (अवधि 1 वर्ष के लिये) | Rs. 6.00 Lakh | Rs. 12000/- | Rs. 2000/- | 1 Years | 1-1 st Call |
| 2. | 2025_ PWDRB_ 406864_1 | लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत शासकीय कार्यो के निरीक्षण हेतु इनोवा किस्टा वाहन अथवा समकक्ष वाहन प्रदाय करना प्रतिदिन की दर के आधार पर (अवधि 1 वर्ष के लिये आवश्यकतानुसार) | Rs. 3500/- | Rs. 500/- | Rs. 500/- | 1 Years | 1-1 st Call |
| 3. | 2025_ PWDRB_ 406906_1 | लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत शासकीय कार्यो के निरीक्षण हेतु स्कार्पियो वाहन (एन मॉडल) अथवा समकक्ष वाहन प्रदाय करना प्रतिमाह दर के आधार पर (अवधि 1 वर्ष के लिये) | Rs. 4.00 Lakh | Rs. 8000/- | Rs. 2000/- | 1 Years | 1-1 st Call |
| 4. | 2025_ PWDRB_ 406934_1 | लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत शासकीय कार्यो के निरीक्षण हेतु स्कार्पियो वाहन (एन मॉडल) अथवा समकक्ष वाहन प्रदाय करना प्रतिदिन की दर के आधार पर (अवधि 1 वर्ष के लिये आवश्यकतानुसार) | Rs. 2000/- | Rs. 500/- | Rs. 500/- | 1 Years | 1-1 st Call |
| 5. | 2025_ PWDRB_ 407093_1 | लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत शासकीय कार्यो के निरीक्षण हेतु बुलेरो नियों वाहन अथवा समकक्ष वाहन प्रदाय करना प्रतिदिन की दर के आधार पर (अवधि 1 वर्ष के लिये आवश्यकतानुसार) | Rs. 3.00 Lakh | Rs. 6000/- | Rs. 2000/- | 1 Years | 1-1 st Call |
| 6. | 2025_ PWDRB_ 407103_1 | लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर के अंतर्गत शासकीय कार्यो के निरीक्षण हेतु बुलेरो नियों वाहन अथवा समकक्ष वाहन प्रदाय करना 15 दिवस (प्रत्येक माह) दर के आधार पर (अवधि 1 वर्ष के लिये) | Rs. 1.50 Lakh | Rs. 3000/- | Rs. 1000/- | 1 Years | 1-1 st Call |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 12.03.2025 है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-24009/24 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग जबलपुर**

### कार्यालय ग्राम पंचायत अचानकपुर, जनपद पंचायत बिरसा

दिनांक- 9.3.2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अचानकपुर जनपद बिरसा मे 15 वां वित्त , 5वा वित्त, मनरेगा, स्वच्छ भारत अभियान ,गौण खनिज, पंचायत मंद, विधायक निधि, जिला पंचायत निधि, जनपद निधि व अन्य मदो से विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण के लिए रेत, सीमेंट, गिट्टी, लोहा, ईंट, पुल पुलिया पाईप,फोटोकॉपी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री, नाली निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य आवश्यक निर्माण सामग्री क्रय व डस्टबिन, सीमेंट कुर्सी के साथ अन्य स्वच्छता सामग्री एवं फेंसिंग, हाईमास्क, स्ट्रीट लाइट, सीसी रोड़, डैमेज नाली निर्माण, भवन निर्माण, ओपन जिम, सामग्री तथा इसके सभी उपकरण लगाने के लिये निविदा प्रकाशन तिथि के 5 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता की फर्म रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। वहीं निविदा के संबंध मे अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा।

**निवेदक- सरपंच -विमल तिल्लासी** — **सचिव- किशोर गिरी गोस्वामी**
**ग्राम पंचायत अचानकपुर जपं.बिरसा**

### In The Court of III Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

presiding Officer:
दीपा पॉल
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(RCS A/0000102/2025)
सुरेन्द्र तिवारी..............वादी
Vs
आम जनता......... प्रतिवादी
Process Id-/ 2025
पेशी दिनांक.:-12/03/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी सुरेन्द्र तिवारी ने आपके विरूद्ध सिविल सूट व्यवहार वाद वास्ते दावा घोषणात्मक स्थाई निषेधाज्ञा एवं आज्ञाप्ति प्रदान करने हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन नोटिस के साथ व्यवहार वाद वास्ते दावा घोषणात्मक स्थाई निषेधाज्ञा एवं आज्ञाप्ति प्रदान किये जाने की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(दीपा पॉल)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)**
र.नं. 3316 **जबलपुर , (म.प्र.)**

### In The Court of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

presiding Officer:
अंकिता शाही
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000032/2025)
बाबू लाल मेहरा..........आवेदक
Vs
आम जनता .....अनावेदक
Process Id- /2025
पेशी दिनांक:-08/04/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर मप्र
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल मेहरा पता- म.नं. 20, ग्राम मोहॉस थाना बरगी तहसील व जिला जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक गुड्डी बाई मेहरा निवासी- मोहॉस जबलपुर की 1. शाखा प्रबंधक महोदय, भारतीय जीवन बीमा निगम सीएलआईए ब्रांच एलआईसी ऑफ इंडिया जीवन प्रकाश एमडीएल नागपुर रोड मदन महल जबलपुर 2. शाखा प्रबंधक महोदय बैंक ऑफ इंडिया शाखा मदन महल जिला जबलपुर 3. महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड राईट टाउन जिला जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 अप्रैल 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 अप्रैल 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 28 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1973 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्रीमती अंकिता शाही)**
**अष्टम सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 3310

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं/4687/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 05/03/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष सिंह ठाकुर एवं अन्य पिता कमल सिंह ठाकुर निवासी- 603 कल्याण शिला मार्ग ठाणे महाराष्ट्र के द्वारा मौजा करमेता /ब्लॉक नंबर नं.बं. 497 प्लाट नं. ....स्थित भूमि खसरा नंबर 66/8 रकवा 0.389 हे. में से प.ह.नं. 23 में से रकवा 800 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा श्री सांई आर्शीवाद द्वारा डॉ. रोहित तिवारी पिता स्व. सुरेन्द्र कुमार तिवारी निवासी 252 दक्षिण मिलौनीगंज जबलपुर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31/03/2015 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/03/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-05/03/2025
पेशी दिनांक-21/03/2025

**अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर**
र.नं. 3309

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं/4689/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 05/03/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष सिंह ठाकुर व अन्य पिता कमल सिंह ठाकुर निवासी- 603 कल्याण शिला मार्ग ठाणे महाराष्ट्र के द्वारा मौजा करमेता /ब्लॉक नंबर नं.बं. 497 प्लाट नं. ....स्थित भूमि खसरा नंबर 66/8 रकवा 0.389 हे. में से प.ह.नं. 23 में से रकवा 800 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा श्री सांई आर्शीवाद द्वारा डॉ. रोहित तिवारी पिता स्व. सुरेन्द्र कुमार तिवारी निवासी 252 दक्षिण मिलौनीगंज जबलपुर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31/03/2015 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/03/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-05/03/2025
पेशी दिनांक-21/03/2025

**अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर**
र.नं. 3309

# देश-प्रदेश

**उवाच**

## महिला सशक्तिकरण के नारे को धरातल पर उतार रही हैं भाजपा सरकारें

**भोपाल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के गरीबी हटाओ और महिला सशक्तिकरण सिर्फ नारे नहीं हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें इसे धरातल पर साकार कर रही हैं। महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में किस प्रकार लाया जाए और किस तरह से उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने के लिए सक्षम बनाया जाए, इसके व्यवहारिक प्रयास अगर किसी ने किए हैं, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाने का कार्य कर रही है।



मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों को भेजी साढ़े 15 सौ करोड़ से अधिक राशि, कहा-

# नारी सशक्तिकरण के हर संभव किए जा रहे प्रयास




## आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के वाहन किये रवाना

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाओं को अधिकार देने से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। भारत विश्व का एक मात्र ऐसा देश है जो हमेशा से मातृ शक्ति का सम्मान करता रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी हैं। सशक्त नारी से ही प्रदेश और देश आज न केवल सशक्त बन रहा है, बल्कि समृद्ध भी हो रहा है।

डॉ. यादव अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि एक करोड़ 27 लाख बहनों के खाते में 1552.73 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। पिछले एक वर्ष जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक लाड़ली बहनों के खाते में 22 हजार 227.89 करोड़ की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव के बाद संसद में महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण की शक्ति परिलक्षित होगी और देश का संचालन महिलाओं के हाथों में होगा। नारी सशक्तिकरण के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर अब प्रदेश में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार भी वितरित किए। डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित स्व-सहायता सम्मेलन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में एक हजार युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ डिजिटल ई-न्यूज लेटर 'आजीविका अनुभूति' का विमोचन किया।

उन्होंने सीहोर जिले के समूह सदस्यों को 2 सौ ई-सायकिल वितरित करने के साथ आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के 3 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम में तुलसी का पौधा भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 19 हजार से अधिक बहनों का कन्यादान सरकार की ओर से किया गया है। योजना में हो रहे सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता, सौहार्द और एकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान पवित्रता का संकल्प है, जिसमें अब तक 115 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। आहार अनुदान योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के माध्यम से बहनों को सहायता प्रदान करते हुए समर्थ बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्र में देश में 4 करोड़ से अधिक मकान बनने जा रहे हैं। इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा तथा भगवान दास सबनानी, प्रमुख सचिव महिला बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूख वली भी मौजूद रहीं।

## धर्मांतरण करने वालों के लिए होगा फांसी का प्रावधान

**भोपाल, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के लिए राज्य में फांसी की सजा का प्रावधान है और अब धर्मांतरण करने वालों को भी फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा।

राजधानी भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य में मासूम बालिकाओं के साथ दुराचार करने के मामले में सरकार बहुत कठोर है। इस संबंध में फांसी का प्रावधान किया गया है। जो दुराचार करेगा, हमारी सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है। किसी हालत में ऐसे लोगों को जीवन जीने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं। जो धर्मांतरण कराएंगे, उनको भी फांसी की सजा दिलाए जाने का प्रबंध किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आगे कहा कि किसी भी हालत में धर्मांतरण और दुराचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की समाज विरोधी व्यवस्थाओं के खिलाफ सरकार ने संकल्प लिया है कि समाज के अंदर कुरीतियों, गलत बातों को बढ़ावा देने वालों से कठोरता के साथ पेश आएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई और शुभकामनाएँ

# महिलाओं ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था, कार्यालय और मीडिया प्रबंधन की कमान

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति माँ और बहन प्रधान है, इसी का प्रभाव है कि हमारे देश का नाम भारत माता से जोड़कर लिया जाता है। महिलाओं और बहनों की जिंदगी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि नारी सशक्तिकरण में मध्यप्रदेश देश में आदर्श राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में सुरक्षा सहित समस्त व्यवस्थाएं संभाल रही महिला अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुरक्षा की जिम्मेदारी सुश्री बिट्टू शर्मा के पास थी, वहीं मुख्यमंत्री का वाहन इंस्पेक्टर सुश्री इरशाद अली चला रही थीं, कारकेड के वाहनों की जिम्मेदारी सुश्री सपना सहित अन्य महिला चालकों पर थी। ओएसडी का दायित्व अंडर सेक्रेटरी सुश्री श्रीलेखा क्षोत्रीय निभा रही थीं और प्रेस अधिकारी की जिम्मेदारी श्रीमती बिंदु सुनील और श्रीमती सोनिया परिहार के पास रही। फोटोग्राफी की जिम्मेदारी सुश्री जिया श्रीवास्तव, कृति मानिक पुरी, असमा नकवी और आकांक्षा मीणा ने निभाई। कारकेड की पायलेट निरीक्षक रेणू मुरार थीं।

# एयरपोर्ट पर बुजुर्ग महिला को नहीं मिली व्हीलचेयर

## गिरने से लगी चोट, आईसीयू में भर्ती




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया द्वारा दिल्ली एयरपोर्ट पर एक बुजुर्ग महिला को समय पर व्हीलचेयर न देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मजबूरी में काफी दूर पैदल चलने के बाद वह गिर गईं और फिलहाल बेंगलुरु के एक अस्पताल में आईसीयू में हैं। बेंगलुरु जा रही महिला राज पसरीचा एक पूर्व सैन्य अधिकारी (लेफ्टिनेंट जनरल) की विधवा हैं। वह इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर लंबी दूरी तक पैदल चलने के बाद गिर गईं। उन्होंने पहले से व्हीलचेयर बुक कराई थी, लेकिन एयरलाइन ने समय पर व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराई।

घटना 4 मार्च की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनकी पोती पारुल कंवर ने पोस्ट किया कि उनकी दादी दो दिनों से आईसीयू में हैं और उनके शरीर का बायां हिस्सा कमजोर हो रहा है। मैं यह पोस्ट इसलिए कर रही हूं क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं है और मुझे गुस्सा आता है कि मानव जीवन और उनके कल्याण की इतनी कम कद्र है। एयर इंडिया, तुमने मेरी दादी के साथ इतना बुरा व्यवहार किया और इतना कम सम्मान दिया। तुम्हें शर्म आनी चाहिए। आरोपों का खंडन करते हुए, एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बुजुर्ग डिपार्चर टर्मिनल पर बहुत देर से पहुंची थीं।

## महिला दिवस पर नारी शक्ति का सम्मान

# देश की इन दिग्गज महिला अचीवर्स ने संभाला मोदी का एक्स हैंडल, दिए प्रेरक संदेश




**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय महिला अचीवर्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल को संभाला और अपने प्रेरणादायक संदेश साझा किए। इनमें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली, वैज्ञानिक एलीना मिश्रा और शिल्पी सोनी शामिल थीं, जिन्होंने महिलाओं को अपने सपनों का पीछा करने और किसी भी क्षेत्र में बाधाओं को पार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**चेस ग्रैंडमास्टर आर वैशाली का संदेश**-23 वर्षीय भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने अपने संदेश में लिखा, वनक्कम! मैं वैशाली हूं, और मुझे इस महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सोशल मीडिया हैंडल को संभालने का अवसर मिलने पर बेहद गर्व हो रहा है। मैं शतरंज खेलती हूं और अपने प्रिय देश का कई टूर्नामेंटों में प्रतिनिधित्व करने पर खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं।

वैशाली ने बताया कि उन्होंने 6 साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू किया था और यह खेल उनके लिए एक सीखने, रोमांचक और पुरस्कृत करने वाली यात्रा रही है। उन्होंने सभी महिलाओं, विशेष रूप से युवा लड़कियों को संदेश देते हुए कहा, अपने सपनों का पीछा करें, चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं। आपका जुनून ही आपकी सफलता की कुंजी बनेगा। उन्होंने माता-पिता और भाई-बहनों से भी अपील की कि वे लड़कियों का समर्थन करें। मैं भाग्यशाली रही हूं कि मेरे माता-पिता, श्री रमेशबाबू और श्रीमती नागलक्ष्मी, ने हमेशा मेरा साथ दिया। अगर आप लड़कियों पर विश्वास करेंगे, तो वे चमत्कार कर सकती हैं।

**वैज्ञानिक एलीना मिश्रा और शिल्पी सोनी का संदेश**-ओडिशा से आने वाली वैज्ञानिक एलीना मिश्रा और शिल्पी सोनी ने विज्ञान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि भारत आज नवाचार और विकास के लिए सबसे जीवंत स्थान बन गया है। उन्होंने लिखा, हम, एलीना और शिल्पी, अपने-अपने क्षेत्रों में खुल रहे अवसरों को देख रही हैं। यह कभी अकल्पनीय था कि परमाणु प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र में महिलाओं के लिए इतने अवसर उपलब्ध होंगे। इसी तरह, अंतरिक्ष क्षेत्र में महिलाओं और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी भारत को नवाचार और विकास के लिए सबसे उपयुक्त स्थान बना रही है।

भारतीय महिलाओं में असीम प्रतिभा है, और भारत में उनके लिए सही मंच भी उपलब्ध है। हमें विज्ञान के क्षेत्र में अधिक महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी चाहिए ताकि भारत वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में अग्रणी बन सके।

**डॉ. अंजली अग्रवाल- दिव्यांगों के लिए समावेशी भारत की वकालत** -डॉ. अंजली अग्रवाल, जो समर्थ्यम सेंटर फॉर यूनिवर्सल एक्सेसिबिलिटी की संस्थापक हैं, ने दिव्यांगों के लिए समावेशी बुनियादी ढांचे की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सुगम्य भारत ही विकसित भारत की बुनियाद है।

**ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बना रहीं अजैता शाह**-फ्रंटियर मार्केट्स की संस्थापक अजैता शाह ने बताया कि उनकी 'मेरी सहेली ऐप' ने हजारों ग्रामीण महिलाओं को कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में उद्यमी बनने में मदद की है। उन्होंने कहा, आर्थिक रूप से सशक्त महिला खुद अपना भविष्य संवार सकती है।

**पीएम मोदी का महिलाओं को विशेष सम्मान**-यह पहली बार नहीं है जब महिला अचीवर्स ने पीएम मोदी के सोशल मीडिया हैंडल को संभाला हो। इससे पहले 2020 में भी सात महिला अचीवर्स को यह अवसर मिला था, जिससे उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रेरणा देने का मंच प्राप्त हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी ने महिला दिवस पर 'नारी शक्ति' को नमन किया और अपनी सरकार की महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

मुख्यमंत्री केसला के विवाह सम्मेलन में वर्चुअली हुए शामिल, कहा-

# समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रहे सामूहिक विवाह



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक समय था जब गरीब परिवार बेटी का विवाह कर कर्ज में डूब जाते थे। बेटी के जन्म के साथ ही उसकी शादी की चिंता सताती थी। लेकिन, अब सरकार बेटियों का कन्यादान कर रही है। माता-पिता अब बेटियों के जन्म पर उदास नहीं होते बल्कि, बधाई गीत गाते हैं। निर्धन परिवार की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना वरदान सिद्ध हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव केसला नर्मदापुरम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास से कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। सामूहिक विवाह में 508 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। यहां एक कल्याणी और एक दिव्यांग बहन का भी विवाह सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिणय सूत्र में बंधे नव दम्पत्तियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण अर्थात विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है। सामूहिक विवाह में सम्मिलित प्रत्येक नव विवाहित जोड़े को मंगलआशीष के रूप में 49 हजार रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। सामूहिक विवाह समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रहे हैं। यह मित व्ययता और सामाजिक समरसता का संदेश भी देते हैं। भारतीय परम्परा में विवाह कोई समझौता या एग्रीमेंट नहीं, अपितु जन्म-जन्मांतर तक चलने वाला पवित्र बंधन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में नारी सशक्तिकरण मिशन आरंभ किया गया है। लाड़ली बहना योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से बहनें आत्मनिर्भर हो रही हैं। केसला में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री डीडी उइके, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सांसद श्रीमती माया नरोलिया, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, विजय पाल सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

CHANGE OF NAME

I, Aishwarya Vinod, D/o P. S. Vinod, residing at 535, New Ram Nagar, near Shanta Mata Mandir, Adhartal, Jabalpur (MP), have hereby changed my name to MAYA ROY vide an affidavit sworn before a First-Class Magistrate on 7th March 2025. Henceforth, I shall be known as Maya Roy for all legal and official purposes. कृति

नाम और जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I, Army No 10545686Y Rank HAV Name RAKESH KUMAR Presently residing at Vill- H NO B IX-333, MOHALLA RAMPURA PO- PATHANKOT Teh- PATHANKOT Distt PATHANKOT (PB) PIN-145001 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में माता का नाम MOHINI DEVI और मेरी माता की जन्मतिथि 01/06/1952 दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम MOHANI DEVI और जन्मतिथि 20/12/1952 है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातो मे दर्ज है एवं मेरी माता के इस नाम और जन्मतिथि को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 33AA 622611 दिनांक 08/03/2025 नोटरी जबलपुर म प्र

गलत नाम- MOHINI DEVI
गलत जन्मतिथि - 01/06/1952
सही नाम-MOHANI DEVI
सही जन्मतिथि - 20/12/1952 कृति

नाम और जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I, Army No 10545686Y Rank HAV Name RAKESH KUMAR Presently residing at Vill- H NO B IX-333, MOHALLA RAMPURA PO- PATHANKOT Teh- PATHANKOT Distt PATHANKOT (PB) PIN-145001 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में पिता का नाम CHIMAN LAL और मेरे पिता की जन्मतिथि 01/06/1948 दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम CHANAN LAL और जन्मतिथि 13/04/1947 है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातो मे दर्ज है एवं मेरे पिता के इस नाम और जन्मतिथि को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 33AA 622612 दिनांक 08/03/2025 नोटरी जबलपुर म प्र

गलत नाम- CHIMAN LAL
गलत जन्मतिथि - 01/06/1948
सही नाम-CHANAN LAL
सही जन्मतिथि - 13/04/1947 कृति

हैदराबाद में आयोजित खेल चिंतन शिविर में मंत्री सारंग ने की सहभागिता, कहा-

# मध्यप्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के समग्र विकास के लिए हो रहे प्रयास




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश को खेल हब के रूप में विकसित करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा संकल्प है कि हर युवा को खेल के क्षेत्र में अपने सपने पूरे करने का अवसर मिले और वे देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने और उनके समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार ने 'फिट इंडिया क्लब', 'पार्थ योजना', 'खेलों बढ़ों अभियान' और मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान, जैसे महत्वपूर्ण नवाचारों की शुरुआत की है। श्री सारंग ने यह बात तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित खेल चिंतन शिविर में कही। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रदेश में 18 खेलों के लिए 11 खेल अकादमियां स्थापित की गई हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए मध्यप्रदेश में विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता वाली खेल अधोसंरचना तैयार की गई है। इन 11 खेल अकादमियों में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण, अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय श्रीमती रक्षा निखिल खडसे, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, मिजोरम पु लालनघिंगलोवा हमार भी उपस्थित रहे।

## भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति स्थापित करने हुआ मंथन

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मंडाविया की अध्यक्षता में संपन्न हुए खेल चिंतन शिविर में भारत के खेल भविष्य और वैश्विक स्तर पर भारत के खेल दबदबे को बढ़ाने के लिए विस्तृत योजना तैयार की गई। इस दौरान विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों, खेल प्रशासकों और विशेषज्ञों ने अपने-अपने राज्यों में खेलों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। साथ ही, आवश्यक नीतिगत सुधारों, अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, खिलाड़ियों के कल्याण और प्रशिक्षकों के प्रोत्साहन के लिए विस्तार से बातचीत की गई।

## मध्यप्रदेश के नवाचारों को मिली सराहना

खेल चिंतन शिविर में मध्यप्रदेश के खेल मॉडल पर विशेष प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसमें प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास, खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए किए गए नवाचारों की जानकारी साझा की गई। इन नवाचारों की केंद्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया ने सराहना की। मध्यप्रदेश मॉडल ने शिविर में भाग ले रहे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों, खेल विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया।

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सिर्फ महिला पुलिसकर्मी तैनात रहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वह नवसारी में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था की कमान महिला पुलिस कर्मियों ने संभाला। देश में ऐसा पहली बार हुआ।

गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि गुजरात पुलिस एक अनूठी पहल की है। भारत के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की पूरी सुरक्षा व्यवस्था महिला पुलिस ने संभाली। इसमें नवसारी के वानसी बोरसी गांव में हेलीपैड पर पीएम के आगमन से लेकर उनके कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा शामिल है। उन्होंने कहा कि 2,100 से अधिक आरक्षी, 187 उप-निरीक्षक, 61 पुलिस निरीक्षक, 16 पुलिस उपाधीक्षक, पांच पुलिस अधीक्षक, एक पुलिस महानिरीक्षक और अतिरिक्त डीजीपी रैंक की एक अधिकारी समेत सभी महिला पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहीं। प्रधानमंत्री ने वानसी बोरसी गांव में 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित किया।

# साहित्य

कहानी



# कहानी की कहानी

■ डॉ अमित रंजन

वह एक शानदार पार्टी थी। मिस्टर हेमचंद्र बरुआ की कहानी को एक प्रतिष्ठित संस्था द्वारा वर्ष की सर्वश्रेष्ठ कहानी घोषित किया गया था। इसके साथ ही उन्हें एक लाख रुपये की इनामी राशि भी मिली थी।

राशि महत्वपूर्ण थी, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण थी वह संस्था, जिसने यह पुरस्कार दिया था। साहित्य जगत में उसकी खासी प्रतिष्ठा थी, और वहाँ से पुरस्कृत होने का अर्थ था—साहित्यकार के रूप में एक लंबी छलांग।

इसलिए जब मिस्टर बरुआ को यह पुरस्कार मिला, तो उन्होंने अपने करीबी लोगों के लिए एक शानदार पार्टी दी। पार्टी होटल के एक बैंक्वेट हॉल में चल रही थी।

इसी बीच, मिस्टर बरुआ वॉशरूम गए। जैसे ही उन्होंने चेहरे पर पानी डाला, पीछे से एक भारी आवाज़ आई—

'कम से कम अब तो मेरी डायरी लौटा दो!'

मिस्टर बरुआ चौंक गए। पीछे मुड़कर देखा—एक अधेड़ व्यक्ति खड़ा था। उसकी कनपटी के बाल सफेद हो चुके थे, शरीर भारी था, सिर के आगे के बाल उड़ चुके थे। उसने कोट पहना था, जिसके बटन खुले थे और शर्ट के अंदर से उसका निकला हुआ पेट झांक रहा था।

'अब तो मेरी डायरी लौटा दो!' वह व्यक्ति फिर बोला।

'कौन सी डायरी? कैसी डायरी? किसकी बात कर रहे हैं आप?'

इससे पहले कि वह व्यक्ति कुछ कहता, मिस्टर बरुआ तेजी से वॉशरूम से निकल गए।

---

मिस्टर हेमचंद्र बरुआ एक कंपनी के बड़े अधिकारी थे। कंपनी की एक शाखा बिहार में भी थी, और वहीं एक मीटिंग में भाग लेने के लिए उन्हें जाना था।

बिहार जाने के नाम से उनके परिवार वाले ऐसे चिंतित हो गए मानो वे किसी युद्धग्रस्त देश रवांडा या बुरुंडी जा रहे हों।

'हमारे यहाँ जैसे कपड़े बालकनी में टंगे होते हैं, वैसा ही बिहार में पिस्टल टंगे होते हैं!'

'आई ना हमरे बिहार में, कट्टा मार देंगे सीधे कपार में!'

ऐसे मिथकों ने बिहार की छवि जहरीली कर दी थी। इस डर ने मिस्टर बरुआ को भी जकड़ लिया था। वे हरसंभव प्रयास कर चुके थे कि बिहार न जाना पड़े, लेकिन अंततः नाकाम रहे और उन्हें गया की फ्लाइट पकड़नी पड़ी।

जब वे गया एयरपोर्ट पर उतरे, तब ठंडी सर्दी की शाम थी। चारों ओर कोहरा था। एयरपोर्ट से निकलते निकलते शाम बूढ़ी होकर गुजर गई और रात्रि का यौवन ढलक आया था । रात में यात्रा करना असुरक्षित समझकर उन्होंने एयरपोर्ट के पास के ही एक होटल में कमरा बुक कर लिया।

होटल ठीक-ठाक था। खाना खाकर जब वे सामान जमाने लगे, तो लॉकर में एक डायरी पड़ी मिली। इंटरनेट न चलने के कारण समय बिताने के लिए उन्होंने डायरी पढ़नी शुरू कर दी।

डायरी किसी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की प्रतीत हो रही थी। इसमें विश्वविद्यालय की घटनाओं को विविध शीर्षकों में लिखा गया था—

कथनी बनाम करनी

शिक्षक संघ की बैठक अपने चरम पर थी। सचिव महोदय गरज-गरज कर भाषण दे रहे थे—

'यह बायोमेट्रिक अटेंडेंस शिक्षकों की गरिमा पर आघात है! सरकार हमें नौकरशाह समझने लगी है! यह हमला हमारे स्वाभिमान पर है!'

तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गूंज उठा। मैं भी वहाँ बैठा था, सोच रहा था कि शायद कोई शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं पर भी बात करेगा। महाविद्यालय में महिला शिक्षकों के लिए शौचालय तक नहीं थे, जिससे उन्हें भारी असुविधा होती थी। वत्स जी की तीन दिन की सैलरी बिना किसी कारण काट ली गई थी। लेकिन इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हुई।

घड़ी पर नज़र पड़ी— 1:30 बजे की ट्रेन का समय हो गया था। सचिव महोदय ने अपनी गरिमामयी बातें समेटीं, माइक एक हाथ में पकड़ा और दूसरे हाथ से अपनी घड़ी देखी।

'संघ की लड़ाई जारी रहेगी!'—इतना कहकर वे तेजी से दरवाजे की ओर बढ़ गए। मैं मुस्कुराया। ये वही महोदय थे जो छपरा से पटना अप-डाउन करते थे और बायोमेट्रिक अटेंडेंस का सबसे अधिक विरोध कर रहे थे। अगर यह लागू हो जाता तो वे '12 बजे लेट नहीं और 2 बजे भेंट नहीं' को कैसे सार्थक कर पाते ।

---

कॉपी घोटाला - वीसी साहब की साजिश

परीक्षा सिर पर थी और विश्वविद्यालय ने ऐन मौके पर घोषणा कर दी—

'कॉपियाँ उपलब्ध नहीं हैं।'

हर साल परीक्षा से पहले ही कॉपियाँ खरीद ली जाती थीं, लेकिन इस बार वीसी साहब ने टेंडर ही नहीं जारी किया। परीक्षा के दो दिन पहले अचानक एक प्राइवेट सप्लायर से 10 रुपये की कॉपी 30 रुपये में खरीदी गई। बाद में पता चला कि वह टेंडर वीसी साहब के साले को दिया गया था।

छात्रों को कॉपियों की सख्त जरूरत थी, इसलिए किसी ने सवाल नहीं उठाया। कुछेक ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीधा जवाब दिया—

'अगले साल से व्यवस्था सुधार दी जाएगी।'

लेकिन हम सब समझ गए थे कि यह भ्रष्टाचार की एक सुनियोजित चाल थी।

---

संस्कृत मैडम - कर्महीनता का आदर्श उदाहरण

संस्कृत विभाग की मैडम विश्वविद्यालय में होने वाले हर कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रों के उच्चारण से करती थीं। जब तक वे मंच पर होतीं, उनकी आवाज़ में संस्कृत का ओज होता। लेकिन इसके अलावा उनका विश्वविद्यालय में कोई योगदान नहीं था।

'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः!'—इतना बोलने के बाद वे अपने मोबाइल में फेसबुक खोलकर बैठ जातीं।

संस्कृत का नामांकन नगण्य था, तो पढ़ाने की जिम्मेदारी भी शून्य थी। जब भी कोई छात्र उनके पास आता, वे कहतीं—

'संस्कृत आत्मसात करने की चीज़ है, इसे पढ़ाया नहीं जाता।'

सुबह 12 बजे आतीं और दोपहर 2 बजे तक किसी न किसी बहाने से निकल जातीं। कभी कहतीं—

'आज शरीर में पीड़ा हो रही है।'

तो कभी—

'घर पर हवन करना है।'

उनकी कर्महीनता देखकर अन्य शिक्षक भी यही सीखने लगे थे कि अगर काम नहीं करना तो बस संस्कृति और परंपरा की बातें करो, सवाल कोई नहीं करेगा।

---

ईमानदारी की सजा और भ्रष्टाचार का इनाम

प्रोफेसर सुमन बाबू ने विश्वविद्यालय में एक प्रतियोगिता आयोजित की थी। इसके लिए उन्होंने अपने पैसे खर्च किए और बाद में बिल पास कराने गए। बड़ा बाबू ने उन्हें पहले ही दिन समझा दिया—

'सर, बिना तेल के मशीन नहीं चलती!'

सुमन बाबू ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया। अगले तीन महीने तक उन्होंने फ़ाइलों के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार कोई न कोई नई अड़चन आ जाती। आखिरकार थक-हारकर उन्होंने पैसे छोड़ दिए, लेकिन भ्रष्टाचार के आगे झुकने से इनकार कर दिया।

बिल आज भी विश्वविद्यालय की किसी धूल खाती अलमारी में पड़ा होगा।

---

नैतिकता का ठेकेदार और घिनौनी हकीकत

प्रोफेसर मनीष, जो धार्मिकता के प्रतीक बने घूमते थे, नैतिकता और धर्म पर बड़े-बड़े प्रवचन देते थे। सिर पर चोटी, माथे पर लंबा टीका, मंगलवार को व्रत रखने वाले मनीष सर के बारे में कॉलेज की बच्चियों की शिकायत थी कि 'सर आशीर्वाद देने के बहाने पीठ सहलाते हैं।'

एक दिन परीक्षा के दौरान, जब वह एक छात्रा से बार-बार बात करने पहुँचे, तो अचानक लड़की चीख उठी—

'सर ने छेड़खानी की है!'

वह लड़की दबंग जाति की थी। देखते ही देखते 20-25 लोग लाठी-डंडे लेकर कॉलेज पहुँच गए। माहौल गरम हो गया। लेकिन हमारे शिक्षक संघ के सचिव महोदय उस समय पटना जाने वाली ट्रेन में बैठे थे, इसलिए बच निकले। मनीष सर को जबरन बुलाया गया और उन्होंने हाथ जोड़कर माफी मांगी। कुछ लोगों ने उनकी उम्र देखकर उन्हें माफ कर दिया, लेकिन हम सभी शिक्षकों के लिए वह दिन शर्म से सिर झुका लेने का था।

---

शिक्षा या मज़ाक?

एक छात्र नकल करते पकड़ा गया। मोबाइल में सभी उत्तर लिखे थे। पूछने पर रो पड़ा— 'माँ का फोन आ रहा था, सर!' मुझे तरस आया, पर जब मोबाइल की जांच की तो साफ था कि यह गूगल से कॉपी किया गया था। मैंने उसे परीक्षा से निष्कासित कर दिया।

कुछ देर बाद महाविद्यालय के ही एक कर्मचारी का फोन आया—

'सर, लड़का रिश्तेदार है, बड़ी मजबूरी में नकल कर रहा था।'

मैं जानता था कि यह रिश्ता 1000 रुपये का था। फिर भी मैंने चुपचाप नई कॉपी दिलवा दी।

कुछ साल बाद मुझे विश्वविद्यालय में एक काम पड़ा। अध्ययन केंद्र का कन्वीनर बनाया गया था, लेकिन मुझे लगा कि मेरा उपयोग केवल राजनीतिक खेल के लिए हो रहा है, तो मैंने इस्तीफा दे दिया।

जब मैं विश्वविद्यालय पहुँचा, तो वही कर्मचारी मिले जिनके कहने पर मैंने नकल करने वाले छात्र को दोबारा परीक्षा देने दी थी।

'सर, प्रक्रिया का पालन करना होगा!' उन्होंने रूखी आवाज में कहा।

'मैंने तो तुम्हारे कहने पर नियम तोड़ा था!' मैंने झुंझलाकर जवाब दिया।

वे मुस्कुराए— 'सर, नियम तो तब ही टूटते हैं जब फायदा हमारा हो।'

मैंने कोई जवाब नहीं दिया। यह एक कटु सत्य था।

---

कैंटीन का सच

कॉलेज की कैंटीन का टेंडर हर साल नया निकलता था, लेकिन इस बार किसी और को मौका ही नहीं मिला। जो पुराना ठेकेदार था, वही फिर से ठेकेदार बन गया। कारण? उसने रजिस्ट्रार साहब के खास आदमी को मोटी रकम दी थी।

खाने की हालत यह थी कि भिखारी भी देखकर मुँह मोड़ ले। खाने में पत्थर, रोटी में कंकड़, दाल में पानी और चावल में मिट्टी। लेकिन किसी ने शिकायत नहीं की, क्योंकि जिसे करनी थी, उसने पहले ही अपनी जेब गरम कर ली थी। डायरी पढ़ते-पढ़ते कब अर्धरात्रि हो गई पता ही नहीं चला। डायरी के विवरण से प्रथम दृष्टि ऐसा लग सकता था कि वह किसी आत्ममुग्ध व्यक्ति की दास्तान है जिसे प्रत्येक व्यवस्था, प्रत्येक व्यक्ति में खोट ही नजर आता है परंतु लेखक द्वारा डायरी के अंत में लिखे गए निष्कर्ष ने उसे ऐसा होने से बचा लिया। डायरी के लेखक ने आगे लिखा था-

कई साल बाद जब मैं विश्वविद्यालय के सभागार में पुनः बैठा था, तो लगा कि सारा जीवन नैतिकता और भ्रष्टाचार के बीच झूलता रहा।

मैंने हमेशा खुद को ईमानदार समझा था। पर क्या मैं सचमुच था?

मैंने नियम तोड़े थे, समझौते किए थे, चुप रहकर अनैतिकता को बढ़ावा दिया था। मैं बाकी प्रोफेसरों की तरह ढोंगी नहीं था, पर क्या मैं उनसे अलग था? शायद नहीं।

शिक्षक संघ की अगली बैठक चल रही थी। कोई नया सचिव वही पुराने वादे दोहरा रहा था। मैंने गहरी साँस ली और धीरे-धीरे से बाहर निकल आया। मुझे समझ में आ गया था कि यहाँ कोई भी बदलाव संभव नहीं— क्योंकि बदलाव वे चाहते ही नहीं थे, जिन्हें बदलाव से सबसे अधिक नुकसान होता।

-- 'श्रीमान, कम से कम मेरी डायरी तो लौटा दो!'

होटल की पार्किंग में जब बरुआ अपनी कार के पास गए, तो वही आवाज़ फिर से गूंजी।

वे मुड़े—सामने वही अधेड़ व्यक्ति खड़ा था, जिससे वे वॉशरूम में टकरा चुके थे।

'आपने मेरी डायरी में लिखी घटनाओं को हू-ब-हू रखकर कहानी लिखी। इस कहानी ने आपको ख्याति प्रदान की। लेकिन न आपने मुझे श्रेय दिया, न ही जिक्र किया कि आपको यह विचार कहाँ से मिला।'

'आपने लंबी-लंबी बातें कीं कि इस कहानी के लिए आपने बिहार के विश्वविद्यालयों का गहन अध्ययन किया, साक्षात्कार लिए। पर सच तो यह है कि आप मेरी डायरी उठा लाए थे।'

'और अब मेरी बेटी की शादी है, डायरी में खर्च और अग्रिम भुगतान के सारे नोट्स लिखे हैं।'

मिस्टर बरुआ ने चुपचाप कार का गेट खोला, एक कंपार्टमेंट से डायरी निकाली और उस व्यक्ति की ओर बढ़ा दी।

लघु कथा

## बेशर्म

■ डॉ. पूरन सिंह

हम दो ही पैदा हुए थे, अम्मा के. अम्मा अब नहीं है. चली गयी भगवान के पास, दूरज बहुत दूर. पिता मां के न रहने पर बिखरते जा रहे हैं.



वसीयत कर दी है पिता ने- मेरे और बड़े भैया के नाम. हम दोनों को बराबर दिया है. हम दोनों ने अपने-अपने हिस्से सहेजकर रख लिये हैं.

पिता अब बहुत ज़्यादा बीमार हैं. इलाज चल रहा है पिछले पंद्रह दिनों से. मेरे पास ही रहते हैं. आज बड़े भैया आये हैं गांव से उन्हें देखने. आज ही डॉक्टर के पास ले जाना है. मैं डाक्टर की पर्ची ढूंढ़ रहा हूं. मिल नहीं रही है.

'कहां रख दी थी जो नहीं मिल रही.'

'पता नहीं भैया, रखी तो संभाल कर थी. कहीं ऐसा तो नहीं, कूड़े के साथ बुहार दी हो.'

'फिर संभालकर रखना कहां हुआ?' भैया ने अपनी लाल-लाल आंखें दिखायी. 'अच्छा बताओ वसीयत कहां रखी है?'

'भैया, वह तो बैंक में रखी है, लॉकर में, सुरक्षित.' मैं बेशर्मों की तरह खिलखिला पड़ता हूं.

(नवनीत से साभार)

# न जाओ सैंया छुड़ा के बैंया, कसम तुम्हारी मै रो पड़ूंगी



■ अजय चंद्रवंशी

गीत की प्रभाविकता में फ़िल्म के हालात का भी महत्त्व होता है, क्योंकि गीत हालात को ध्यान में रखकर ही लिखें जाते हैं। यद्यपि 'कालजयी' गीत उससे मुक्त होकर जनमानस में उस भाव का प्रतिनिधि सा हो जाया करते हैं । कितने ही ऐसे गीत हैं जो अनायास जनता की किसी भाव के अहसास का हिस्सा हो गए हैं।

'साहिब बीबी और गुलाम'[1962]का गीत न 'जाओ सैंया छुड़ा के बैंया' अपनी कहन की सादगी जो कि शकील बदायूनी रचित है , हेमंत कुमार के संगीत और गीता दत्त की भाव विभोर कर देने वाली गायकी के कारण अत्यंत प्रभावशाली बन पड़ा है।

गीत कुछ भजन / कीर्तन की शैली में है। भाषा का प्रयोग अद्भुत है। गीत का मुखड़ा तथा दूसरा और तीसरा बंद लोक भाषा की शैली में है मगर पहले बंद में 'बिखरी जुल्फें' भी है जो उर्दू शाइरी की शैली है। फिर भी गीत के प्रवाह में कोई असहजता नहीं महसूस होता।

पूरे गीत में पत्नी का समर्पण भाव है।पति लम्पट सामंत है, तवायफों के कोठे में रात बसर होती है। पत्नी दाम्पत्य सुख से वंचित है। पति को शराब में डूबी स्त्री पसंद है सो वह भी करती है, मगर सामंती लम्पटता कहां जाने वाली थी? एक समय के बाद पति फिर बाहर जाने को निकल रहा है। पत्नी उसे रोक रही है।सब जतन कर चुकी है फिर भी पहले अपने सौंदर्य से रिझाने का प्रयास करती है,फिर अपने सुहाग का दुहाई देती है,विनती करती है, मगर तमाम प्रयास असफल रह जाते हैं।

आप ऐसा सोच सकते हैं स्त्री ऐसे पुरुष को ठोकर मार कर मुक्त क्यों नहीं हो जाती,तो यह उस दौर, उस समाज की सीमा है और एक हद तक उस स्त्री की भी सीमा है।

हेमंत कुमार का संगीत मधुर है। गीत के अनुरूप हल्का रिदम जिसमें तबले की थाप और सितार का समायोजन अच्छा लगता है और संगीत गीत पर हावी नहीं होता।

मीना कुमारी की अदाकारी बेमिसाल है। मादकता,नशे में डूबी आँखें और जिस्म,छेड़छाड़,गर्व,समर्पण फिर हताशा,बेबसी के भाव उभरते जाते हैं।


गीता दत्त की आवाज़ का जादू मीनाकुमारी की अदाकारी में घुल गई है।जो काम मीना जी अदाकारी से करती हैं,वहीं गीता जी आवाज़ से करती है। कमाल की तड़प है इस आवाज में।हर बंद के आख़िर में शब्दों को बलाघात से दोहराव असरकारक है। मीना कुमारी और गीता दत्त दोनों के जीवन की त्रासदी मानो इस गीत में उतर गई है।

'न जाओ सैंया छुड़ा के बैंया  
क़सम तुम्हरी मैं रो पड़ूँगी, रो पड़ूँगी  
मचल रहा है सुहाग मेरा  
जो तुम न हो तो, मैं क्या करूँगी, क्या करूँगी

ये बिखरी ज़ुल्फ़ें ये घुलता कजरा  
ये महकी चुनरी, ये मन की मदिरा  
ये सब तुम्हारे लिये है प्रीतम  
मैं आज तुम को न जाने दूँगी, जाने न दूँगी

मैं तुम्हरी दासी जनम की प्यासी  
तुम्ही हो मेरा ॠंगार प्रीतम  
तुम्हारी रस्ते की धूल ले कर  
मैं माँग अपनी सदा भरूँगी, सदा भरूँगी

जो मुझ से अखियाँ चुरा रहे हो  
तो मेरी इतनी अरज भी सुन लो  
पिया ये मेरी अरज भी सुन लो  
तुम्हारी क़दमों में आ गयी हूँ  
यहीं जियूँगी यहीं मरूँगी, यहीं मरूँगी'



## फागुन की खुशियाँ मनाएँ

चलो, फागुन की खुशियाँ मनाएँ!  
आज पीले हैं सरसों के खेत, लो;  
आज किरनें हैं कंचन समेत, लो;  
आज कोयल बहन हो गई बावली  
उसकी कुहू में अपनी लड़ी गीत की-  
हम मिलाएँ।

और कुहू करें गुनगुनाएँ...  
चलो, फागुन की खुशियाँ मनाएँ!  
आज अपनी तरह फूल हँसकर जगे,  
आज आमों में भौरों के गुच्छे लगे,  
आज भौरों के दल हो गए बावले  
उनकी गुनगुन में अपनी लड़ी गीत की  
हम मिलाएँ!

चलो, फागुन की खुशियाँ मनाएँ!  
आज नाची किरन, आज डोली हवा,  
आज फूलों के कानों में बोली हवा,  
उसका संदेश फूलों से पूछें, चलो  
और कुहू करें गुनगुनाएँ!

■ भवानीप्रसाद मिश्र

## दो ग़ज़लें

■ राही मासूम रज़ा

लोग यक-रंगी-ए-वहशत से भी उकताए हैं  
हम बयाबाँ से यही एक ख़बर लाए हैं

प्यास बुनियाद है जीने की बुझा लें कैसे  
हम ने ये ख़्वाब न देखे हैं न दिखलाए हैं

हम थके-हारे हैं ऐ अज़्म-ए-सफ़र हम को सँभाल  
कहीं साया जो नज़र आया है घबराए हैं

ज़िंदगी ढूँढ ले तू भी किसी दीवाने को  
उस के गेसू तो मिरे प्यार ने सुलझाए हैं

याद जिस चीज़ को कहते हैं वो परछाईं है  
और साए भी किसी शख़्स के हाथ आए हैं

हाँ उन्हीं लोगों से दुनिया में शिकायत है हमें  
हाँ वही लोग जो अक्सर हमें याद आए हैं

इस बयाबान-ए-दर-ओ-बाम में क्या रक्खा है  
हम ही दीवाने हैं सहरा से चले आए हैं

-------

हम क्या जानें क़िस्सा क्या है हम ठहरे दीवाने लोग  
उस बस्ती के बाज़ारों में रोज़ कहें अफ़्साने लोग

यादों से बचना मुश्किल है उन को कैसे समझाएँ  
हिज्र के इस सहरा तक हम को आते हैं समझाने लोग

कौन ये जाने दीवाने पर कैसी सख़्त गुज़रती है  
आपस में कुछ कह कर हँसते हैं जाने पहचाने लोग

फिर सहरा से डर लगता है फिर शहरों की याद आई  
फिर शायद आने वाले हैं ज़ंजीरें पहनाने लोग

हम तो दिल की वीरानी भी दिखलाते शरमाते हैं  
हम को दिखलाने आते हैं ज़ेहनों के वीराने लोग

उस महफ़िल में प्यास की इज़्ज़त करने वाला होगा कौन  
जिस महफ़िल में तोड़ रहे हों आँखों से पैमाने लोग

# ननि के खजाने में आया 7.12 करोड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** शनिवार को नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई। इसमे नगर निगम समेत अन्य विभाग के लंबित मामले आपसी समझौते से निपटाये गये। इस बीच करदाताओं को बकाया कर पर लगने वाले प्रभार से राहत मिली। इसके चलते नगर निगम के विभिन्न संभागीय जोन कार्यालयों में कर जमा कराने वाले बड़ी संख्या में पहुंचे। जिला न्यायालय में भी कई मामलों का निपटारा किया गया।

प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 08 मार्च शनिवार को नगर निगम मुख्यालय एवं सभी संभागीय कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने पर भारी छूट प्रदान की गई जिसका लाभ लेने करदाताओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया। 6 हजार 6 सौ से अधिक करदाताओं ने बकाया कर जमा कर नगर विकास में सहभागिता दी। करदाताओं ने रिकार्डतो? 7 करो? 12 लाख रूपये से अधिक की राशि नगर निगम के ख़?ाने में जमा कराई। उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि सम्पत्तिकर में 4 हजार 6 सौ करदाताओं ने 4 करो? 50 लाख रूपये, जलकर में 11 सौ करदाताओं ने 1 करो? 50 लाख, डोर टू डोर में 8 सौ 50 करदाताओं ने 12 लाख एवं अन्य ने 1 करो? रूपये की राशि निगम खजाने में जमा कराई है।

सभी संभागीय कार्यालयों में राजस्व प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने करदाताओं से बातचीत की और सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि करदाताओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने में सहयोग प्रदान करते हुए उन्हें राहत प्रदान करें।




## नेशनल लोक अदालत : संभागीय जोन कार्यालयों में करदाता पहुंचे कर जमा करने, अधिभार से मिली राहत

निगमायुक्त प्रीति यादव, अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी गई।

**जलकर में विशेष छूट** - उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रूपये से अधिक तथा 50 हजार रूपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि छूट उपरांत राशि अधिकतम् दो किश्तों में जमा कराई गई, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई गई, शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा।

# राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं करने पर तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएम किसान योजना का लाभ दिलाने फार्मर रजिस्टरी की कार्यवाही में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर अधिकारियों को लेकर प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया है।

इसी के चलते शनिवार को कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तहसीलदार, अतरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये। इसमें अतिरिक्त तहसीलदार पूर्णिमा खण्डायत बरगी तहसीलदार, निधि शर्मा नायब तहसीलदार कटंगी, सरफराज अली तहसीलदार पाटन, अनिल सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार रांझी, कल्याण सिंह छत्री प्रभारी नायब तहसीलदार, आदर्श जैन नायब तहसीलदार बरेला, प्रजीत बंसोड नायब तहसीलदार पनागर, जय सिंह धुर्वे अतिरिक्त तहसीलदार केंट,सृष्टि शाह इनावती नायब तहसीलदार शहपुरा, शशांक दुबे प्रभारी तहसीलदार सिहोरा, रविद्र पटेल प्रभारी तहसीलदार शहपुरा के नाम शामिल हैं।

बताया गया है कि संबंधित अधिकारी पर वसूली लक्ष्य कम करने की भी शिकायत बताई गई है।

इससे प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप व्याप्त है। वहीं राजस्व वसूली लक्ष्य मामले में भी लगातार समीक्षा की जा रही है।

इसमें भी गड़बड़ी करने वालों पर आला अधिकारियों ने आने वाले दिनों में कड़े कदम उठाने के संकेत दिये हैं। कहा गया है कि शासन के दिशा-निर्देश की अवेहलना करना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

ऐसा बताया गया है कि कई दिनोंा से प्रशासन के पास इस तरह की जानकारी मिल रही थी, कि संबंधित क्षेत्रों के राजस्व अधिकारी अपने दायित्वों को पूरा करने में जिस तरह की कवायद की जानी चाहिये वह नहीं कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधि और किसान संगठन द्वारा लगातार अपनी बात उपर तक पहुंचा रहे थे।

कुछ संगठन के लोगों ने तो भोपाल भी शिकायतों को प्रेषित किया था जिसके बाद प्रशासन ने यह कदम उठाया।

# स्वा- सहायता के सदस्यों से जानी प्रशिक्षण शिविर की उपयोगिता



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने गत दिवस राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित जिला स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र पनागर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री गहलोत ने स्व-सहायता समूह की सदस्यों का लोक ओएस एप पर यहाँ चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण का जायजा लिया।

जिला पंचायत के सीईओ ने प्रशि णार्थियों सेलोएस एप के फायदे और इसकी उपयोगिता पर विस्तार चर्चा की और एप को लेकर कई प्रश्न भी पूछे।

स्व-सहायता समूहों की सदस्यों सीईओ जिला पंचायत को बताया कि लोकएएस ऐप स्वयं सहायता समूह की समस्त जानकारियों एवं समूहों द्वारा किये जा रहे लेन-देन को डिजिटली संधारित करने का ऑनलाइन प्लेटफार्म है।

सीईओ श्री गहलोत ने प्रशिक्षण के दौरान लोकओएस ऐप में लाईवप्रविष्टि भी देखी। उन्होंने प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण भी पत्र प्रदान किये गये और शुभकामनायें दी गई। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह तथा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारी भी मौजूद थे।

**बायोगैस सयंत्र का किया अवलोकन**- जनपद पंचायत पनागर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने सीएनजी बायोगैस संयंत्र का अवलोकन भी किया।

# देवी अहिल्याबाई बुनकर मेले का शुभारंभ





**जबलपुर, देशबन्धु।** संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम मर्या द्वारा 7 मार्च से 15 मार्च 2025 तक समदड़िया मॉल, उत्सव हॉल सिविक सेंटर में देवी अहिल्या बाई बुनकर मेले का आयोजन किया गया है।

इस मेले में प्रदेश के लगभग 20 हाथकरघा व हस्तशिल्प के बुनकर व शिल्पी स्वयं के द्वारा उत्पादित सामग्री का विकय व प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इस मेले का आयोजन जबलपुर में पहली बार किया जा रहा है। इस मेले का विधिवत शुभारंभ चंदेरी के मास्टर बुनकर जहीन मुहम्मद कुरैशी के करकमलों से दीप प्रज्जवलन कर किया गया। शुभारंभ के समय मेले के प्रभारी प्रदीप कोष्टा, प्रभारी सहायक संचालक हाथकरघा प्रवीण चौहान एवं हैण्डलूम तकनीकी सहायक विपिन जैन उपस्थित थे।

देवी अहिल्या बाई बुनकर मेला के प्रभारी प्रदीप कोष्टा ने बताया कि इस बुनकर मेले में नगरवासियों के लिए एक से बढ़कर एक नायाब उत्पाद पेश किये गए हैं, खासकर सलवार सूट, चादर, साड़ियों की विशेष रेंज मेले में संजोयी गई है। उन्होंने शहरवासियों से अपील है कि इस मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाए।

# लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को मासिक राशि अंतरण की गयी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा कुशाभाउ ठाकरे हॉल भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया, जिसका सीधा प्रसारण जबलपुर नगर निगम के सभी 16 संभागीय कार्यालयों में मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कराया गया और सैंकड़ों लाड़ली बहनों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माह मार्च 2025 की मासिक राशि अंतरण कर लाभांवित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा लाड़ली बहनों को राशि अंतरण कर लाभ प्रदान किया गया।

सीधा प्रसारण कार्यक्रम के दौरान जबलपुर के स्थानीय सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि लाड़ली बहनों को सम्मान देने के लिए आयोजित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक कार्यक्रम है। इस मौके पर सभी जनप्रतिनिधिगण, एवं अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने की कार्यवाही

# गबन और अधिक भुगतान के मामले में स्थानीय निधि संपरीक्षा कार्यालय के दो अधिकारी निलंबित

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, जबलपुर में हुये अधिक भुगतान और गबन के मामले में संभागायुक्त अभय वर्मा एवं कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने कार्यवाही कर इस कार्यालय में पदस्थ दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वहीं इस मामले के मुख्य आरोपी कार्यालय के सहायक ग्रेड तीन को संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा भोपाल द्वारा निलंबित किया गया है।

संभागायुक्त अभय वर्मा ने इस मामले में स्थानीय निधि संपरीक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक श्रीमती प्रिया विश्नोई को तथा कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने इस कार्यालय की ज्येष्ठ संपरीक्षक श्रीमती सीमा अमित तिवारी को निलंबित किया है। दोनों अधिकारियों के निलंबन की यह कार्यवाही सौपें गये कर्त्तव्यों को गंभीरता से न लेने तथा कार्य संपादन में लापरवाहीपूर्ण रवैया अपनाने पर की गई है। शासकीय कोष को हानि पहुँचाने, गबन और अधिक भुगतान के इस प्रकरण के मुख्य आरोपी स्थानीय निधि संपरीक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-तीन संदीप शर्मा का निलंबन संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा, भोपाल द्वारा किया गया है।

ज्ञात हो कि स्थानीय निधि संपरीक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में अधिक भुगतान और गबन के प्रकरण प्रकाश में आते ही इसकी जाँच के लिये समिति गठित की गई थी। समिति की प्रारंभिक जाँच में स्पष्ट हुआ कि कार्यालय के आहरण संवितरण अधिकारी के अंतर्गत तैयार किये गये पे-रोल मॉड्यूल की हायरार्की में क्रियेटर के रूप में सहायक ग्रेड-तीन संदीप शर्मा क्रियेटर का, ज्येष्ठ संपरीक्षक श्रीमती सीमा तिवारी वेरिफायर का एवं सहायक संचालक श्रीमती प्रिया विश्नोई अप्रूवर के दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे।

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि त्रुटिपूर्ण पे-रोल बनाने एवं बिना सुसंगत रूप से जाँच किये भुगतान हेतु उसे अग्रेषित किये जाने के कारण सहायक ग्रेड-तीन संदीप शर्मा को वेतन के तौर पर फरवरी 2024 से जनवरी 2025 तक 53 लाख 55 हजार रुपये का अधिक भुगतान हुआ है, जबकि उसका मासिक वेतन लगभग 44 हजार रुपये ही है। जाँच में आहरण संवितरण अधिकारी के माध्यम से अवकाश नगदीकरण, समूह बीमा योजना, जीपीएफ और डीपीएफ के अंतिम भुगतान जैसे सेवानिवृत्ति पर जानकारी दी।

# आउटलेट में उपलब्ध होंगी हरी सब्जियाँ एवं जैविक उत्पाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कृतिका आजीविका आउटलेट में रसायन रहित शुद्ध ताजी हरी सब्जियों एवं जैविक उत्पादों के विक्रय की शुरुआत की गई। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया ने यहाँ आयोजित एक कार्यक्रम में इस आउटलेट को दिये गये नये स्वरूप का फीता काटकर शुभारंभ किया।

कृतिका आजीविका आउटलेट का संचालन मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वीरांगना संकुल स्तरीय संघ की सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। यह आउटलेट अब जहाँ जैविक खेती करने वाले किसानों को अपने उत्पादों को बेचने का मंच उपलब्ध करायेगा, वहीं आमजनों को भी रसायन रहित दलहन, तेल, गुड़, कोदो-कुटकी जैसे श्रीअन्न एवं इनसे बने कुकीज, लड्डू एवं नमकीन, हर्बल कलर, जैविक नूडल्स, पास्ता, मसाले और घरेलू उपयोग की सामग्रियां उचित दामों पर उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गोंटिया ने किसानों एवं आमजनों को क्रय और विक्रय के लिए आउटलेट के रूप में एक मंच प्रदान करने के लिए वीरांगना संकुल स्तरीय संघ की सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने रसायन मुक्त उत्पादों से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की।

# एनएसएस कैंप के माध्यम से बच्चे सीख रहे हैं सामाजिक सारोकार से जुड़े मुद्दे




**जबलपुर, देशबन्धु।** सेंट अलॉयसिस महाविद्यालय द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर गौर स्थित टीएफआरआई के सामुदायिक भवन में चल रहा है। महाविद्यालय का एनएसएस शिविर 11 मार्च तक चलेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य फादर बेन एंटोन रोज़ के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य। उद्देश्य् विद्यार्थियों का जीवनोपयोगी तथ्यों से परिचित कराने के साथ बच्चोंर् के सर्वांगीण विकास कराना है। साथ ही नशा मुक्ति, स्वच्छता एवं मेरा भारत पोर्टल साक्षरता का प्रचार प्रसार करना है। शिविर प्रभारी डॉ. अखिलेश पाठक ने बताया कि शिविर का शुभारंभ 6 मार्च को टीएफआरआई के निदेशक डॉ. एचएस गिनवाल के मुख्यत आतिथ्य तथा डॉ. ननिता बेरी, डॉ. एनएस मिश्रा एवं वैज्ञानिक डॉ. हरीओम सक्सेमना के विशिष्टय आतिथ्य में हुआ। इस दौरान उन्होंतने नशा मुक्ति और स्वजच्छ.ता तथा शिक्षा के संबंध में अपने बहुमूल्यर विचार देकर सामाजिक सारोकार से जुड़े मुद्दों पर विद्यार्थियों से चर्चा की। एनएसएस कैंप में महाविद्यालय के 28 विद्यार्थी शामिल हैं, जो सुबह प्रभात फेरी के बाद स्व च्छएता संबंधी गतिविधियों में कार्य करते हैं। प्रतिदिन एनएसएस कैंप में एक विशिष्टत अतिथि होते हैं, जो बच्चों के साथ बौद्धिक चर्चा करते हैं, जिसमें बेहतर भविष्यो व जीवनोपयोगी विषय शामिल होते हैं। विद्यार्थी नियमित रूप से अपने अभियान के दौरान गांव में जनसंपर्क करते हैं और बाल विवाह व नशा मुक्ति के उपयोगी टिप्स समझे।




# नर्मदा पुरम संभाग ने जीती राजर्षि परमानंद भाई पटेल क्रिकेट ट्रॉफी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय नीमखेड़ा मैदान पर खेली गई ग्यारहवीं राजर्षि परमानंद भाई पटेल अंडर 22 क्रिकेट ट्रॉफी नर्मदा पुरम संभाग ने शानदार वापसी करते हुए जीत ली। नर्मदा पुरम ने अपने कल के स्कोर 8 विकेट पर 258 रनों से आगे खेलते हुए अपने सभी विकेट गंवाकर 274 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसमें सागर यादव ने 73 अखिल यादव ने 63 तथा अथर्व ने 61 रनों का योगदान दिया। जबलपुर की ओर से आदित्य मिश्रा एवं अमित राजपूत ने तीन-तीन तथा मयंकेश एवं मंगेश यादव ने दो-दो विकेट लिए।

इस प्रतियोगिता में पहली बार फाइनल खेल रही जबलपुर संभाग की टीम ने 71 रनों की बढ़त के साथ बल्लेबाजी शुरू की मगर दूसरी पारी में उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए केवल 67 रनों का स्कोर बनाया और जीतने का जो स्वर्णिम मौका मिला था वह गवां दिया। दूसरी पारी में कप्तान वरुण तिवारी को छोड़कर सभी बल्लेबाज बुरी तरह असफल रहे। नर्मदा पुरम की ओर से पुलकित एवं प्रशांत कासदे ने शानदार गेंदबाजी की एवं क्रमशः पांच एवं चार विकेट चटकाए।

अब दूसरी पारी में नर्मदा पुरम को आउट राइट मैच जीतने के लिए 139 रनों की जरूरत थी जो उसने तीन विकेट गंवा कर बना लिए और सात विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। नर्मदा पुरम की ओर से अथर्व महाजन ने 61 नाबाद तथा आर्य देशमुख ने 31 नाबाद रनों की निर्णायक पारी खेली। आदर्श दुबे ने 39 रनों का योगदान दिया। जबलपुर की ओर से मयंकेश ने दो तथा अमित ने एक विकेट प्राप्त किया।

**मैन ऑफ द मैच** का पुरस्कार मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की फाइनेंस कमेटी के सदस्य श्री आदित्य पटेल के द्वारा नर्मदा पुरम के प्रशांत कासदे को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में संभागीय क्रिकेट संचालन समिति के सदस्य श्री सुरेश वर्मा, एम पी सी ए चयन समिति के अध्यक्ष अनूप सबनीस मैच ऑब्जर्वर शिव सिंह भाटी चयनकर्ता सर्वश्री अजय राजपूत, जफर अली, सत्यम चौधरी, सचिन धौलपुरे संभागीय क्रिकेट संचालन समिति के सदस्य विक्रम जनसारी, नितिन पांडे एवं विष्णु पटेल उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व क्रिकेटर अचल सिंह गौर द्वारा किया गया।

# सांसद आशीष दुबे संसद सत्र में शामिल दिल्ली जायेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे रविवार 9 मार्च को रेलमार्ग से अपराह्न 2.30 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। 10 मार्च से संसद सत्र प्रारंभ हो रहा है जिसमें सांसद श्री दुबे सम्मिलित होंगे।

# 31 मार्च के बाद बिना लायसेंस लिये व्यापार करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध की जायेगी कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा व्यापारियों की सुविधा के लिए लायसेंस बनवाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि लार्डगंज व्यापारी संघ जबलपुर थोक वस्त्र विक्रेता के सहायोग से दुकानों के लायसेंस बनाने दो दिवसीय शिविर का आयोजन आज दिनांक 9 मार्च एवं 10 मार्च 2025 को समय सुबह 11:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक लक्ष्मी सा?ी सेन्टर के सामने एस.पी. मार्केट लार्डगंज में किया गया है। बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस शिविर में जिन लोगों ने पहले कभी लाइसेंस नहीं बनवाए उनके भी लाइसेंस बहुत आसानी से बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2022 तक नवीनीकरण न होने की दशा में नगर निगम द्वारा अप्रैल माह से 100 प्रतिशत विलम्ब शुल्क लिया जायेगा। निगम सीमान्तर्गत संबंधित व्यापार का नगर निगम से लायसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। अन्यथा निगम प्रतिष्ठान में तालाबंदी की कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम की अप्रिय कायाही से बचें।

# बिना कोई कारण बताये मुम्बई फ्लाइट बंद करने में रेग्युलेटरी प्रावधानों की अनदेखी हुई

## डीजीसीए को ई-मेल भेजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** इंडिगो ने जबलपुर से मुम्बई के लिए फ्लाइट 30 मार्च से बंद करने के निर्णय के पीछे पर्याप्त कारण नहीं बताये हैं, यह रेग्युलेटरी प्रावधानों की अनदेखी है, अत: डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन (नई दिल्ली ) तत्काल कार्यवाही कर इस निर्णय को स्थगित करने हेतु इंडिगो को निर्देश जारी करें जैसा कि भोपाल में डीजीसीए ने वर्ष 2024 में किया है। यह ई मेल नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने आज डीजीसीए को भेजा है। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि एयर क्राफ्ट नियम 1937 के तहत बनाये गये रेग्युलेटरी प्रावधानों में उड़ाने बंद करने पर पर्याप्त कारण बताना चाहिए, ऐसे निर्देश हैं इसलिए भोपाल में वर्ष 2024 में फ्लाइटस के बावत डीजीसीए ने हस्तक्षेप किया था नतीजन भोपाल में फ्लाइटस बरकरार रखी गई है।

## दोहरा मापदण्ड

रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, सुभाष चंद्रा, संतोष श्रीवास्तव, एड. वेद प्रकाश अधौलिया, एड जीएस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, दिलीप कुंडे, लखन लाल प्रजापति, आदियों ने डीजीसीए पर आरोप लगाया कि जबलपुर के फ्लाइटस के बावत यह डीजीसीए संगठन हमेशा चुप्पी साधता है लेकिन भोपाल, इंदौर आदियों के बावत तत्काल कार्यवाही करता है यह दोहरा मापदण्ड है।

# विश्व महिला दिवस पर मातृशक्ति को नमन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में शनिवार को विश्व महिला दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसमें महिलाओं के सम्मान में जहां अनेक कार्यक्रम हुये वहीं विभिन्न संगठनों ने महिला दिवस पर प्रस्तुतियों दी, जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। 8 मार्च को सभी जगह महिलाओं से संबंधित आयोजन किये जाते हैं। इसमें रचनात्मक कार्यक्रम से लेकर मनोरंजन से पूर्ण आयोजन भी शामिल थे। शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा दूसरे जगह भी महिला दिवस पर कार्यक्रम किये गये।

## नगर में विभिन्न संगठनों ने आयोजित किये कार्यक्रम



**एमपीईबी-** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के तत्वावधान में तरंग ऑडिटोरियम में महिला अधिकारी और कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने की। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह, जबलपुर के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा एवं डॉ. सारिका दुबे थी। प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सीजीएम नीता राठौर मंचासीन रहीं। इस दौरान महिला अधिकारियों और कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती के संयोजन में नारी के प्रति बदलते सकारात्मक रवैये को परिलक्षित करती ट्रांसको के कार्मिकों द्वारा एक लघु नाटिका का मंचन भी किया गया। संचालन अधीक्षण अभियंता राजेश दीक्षित ने किया।



**- मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी** कर्मचारी संगठन के तत्वावधान में शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर, प्रधानाध्यापिका छाया जैन, रिटायर्ड शिक्षक राकेश श्रीवास, हरीशचन्द्र वर्मा, अमिता केशरवानी, रॉबर्ट मार्टिन, मोनिका सोनी, के रत्नाकर, मंजुलता सोनी, पूजा सोनकर, अमिता केशरवानी, शबनम कुरेशी, ममता श्रीवास्तव, ममता तिवारी, रिक्ता जेकब, वंदना विश्वकर्मा, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता मौजूद थे।



**- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय** विश्व विद्यालय के प्रेमनगर शिव उपहार भवन सेवा केंद्र में मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओ का योगदान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने कहा कि नारी शक्ति की आराधना विद्या, धन, शक्ति के लिए समाज सदा से करता आया है। ऐसे समय में महिला आध्यात्मिकता को अपना कर के अपने मन को सशक्त बना सकती है। अन्य वक्ता तरंग ग्रोवर, रश्मि सेन, तुहिना चक्रवर्ती, अर्पिता खरे, मीरा लखेरा ने विचार व्यक्त किए।



**- अखिल भारतीय कायस्थ** महासभा द्वारा अभिनंदन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि मनीषा रोहाणी रहीं। अध्यक्षता एपी नर्मदा ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीटयूट की उपाध्यक्ष मीना चमन श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि प्रीति सक्सेना, सुनीता शैलेन्द्र सिंह, एड. स्मृति सिन्हा, डॉ. रमा श्रीवास्तव, माधुरी मौजूद रहीं। जिला अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। नेत्रहीन कन्या शाला की छात्राओं ने भजन गाया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज महिलाओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रभारी स्मृति श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष डॉ. रेनू श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भानू श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव मौजूद थे।

**- कंपोजिट टेक्निकल रेजीमेंट** में कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमृता सिंह ने कहा कि नारी शक्ति, सृजन की प्रतीक, प्रेम और सहनशीलता का अद्भुत संगम है। हर नारी अपने अंदर एक शक्ति, आत्मनिर्भरता और असीम संभावनाएँ लिए हुए है। जीसीआई प्राची साहू ने नारी तुम सिर्फ श्रद्धा हो, विश्वास रचती हो, संघर्ष की अग्नि में तपकर, नया इतिहास गढ़ती हो। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता हुई। प्रथम साक्षी पटेल, द्वितीय राहुल उरमलिया, तृतीय सेजल कुर्मी रहीं। इस मौके पर सूबेदार विनोद गाडगे, सूबेदार रामाश्रय सिंह, सूबेदार एसके जेना, आरएचएम श्याम गोखले, हवलदार बीजे खान, नायक सूबेदार एमके यादव, हवलदार आर्यन कुशवाहा, हवलदार गुरजीत सिंह, हवलदार अमित सिंह हवलदार, हेसंत पटेल, हवलदार ब्रजेश यादव एवं नायक धर्मेंद्र सिंह मौजूद थे।



**- एलायन्स क्लब जबलपुर** मारबल रॉक्स में जय नगर यादव कॉलोनी में टीआइ पूर्वा चौरसिया, पार्षद रजनी साहू, डॉ. नीलम शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर कमल चौरसिया, डिस्ट्रिक्ट गर्वनर मनीष खरे, डिस्ट्रिक्ट सचिव विभा ब्योहार, लेडीज विंग अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव, सचिव सुमन राय, कविता सराफ, अध्यक्ष सतीश साहू, सचिव प्रियंक श्रीवास्तव, नीना गुप्ता, प्रो. डॉ. एलपीएस राजपूत, रंजना गुप्ता, सारिका साहू, शुभि गडेवाल, शुभलता राजपूत, मंजू खरे, प्रिया श्रीवास्तव मौजूद थे।



**- बर्न बग विमन ग्रुप** द्वारा भंवरताल उद्यान कार्यक्रम हुआ। आयोजन में महिलाओं को सेहत के प्रति जागरुक किया गया। संयोजक विभा पंजवानी ने म्यूजिकल थीम पर जुम्बा करवाया।



**भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ** के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत जिला संघ जबलपुर की यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल आधारताल की यूनिट द्वारा ललित कुमार मिश्रा सहायक राज्य संगठन आयुक्त संभाग जबलपुर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी, डॉ विजयकांत तिवारी जिला मुख्य आयुक्त जिला जबलपुर, व्ही. के. झारिया जिला सचिव, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत के निर्देशनुसार शाला में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिला दिवस की थीम एक्सलरेट एक्शन पर आगे बढ़ते रहने पर प्रेरित किया गया, एवं गाइड द्वारा महिला दिवस पर ड्राइंग एवं स्पीच दी गई, साथ ही रेड डॉट एक्टिविटी के माध्यम से मेंस्टुएशन के लिए जागरूक किया। यह प्राचार्य श्रीमती सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें गाइड कैप्टन किरण येवले, अंकिता तिवारी, रीना कोरी, पूजा श्रीवास, रिंकू शाह का सहयोग रहा।



**अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत महिला प्रकोष्ठ** जिला महासचिव रंजना तिवारी जी के निज निवास में मासिक बैठक रखी गई जिसमें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में ऐसी महिलाओं का सम्मान किया गया जो हमेशा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों आगे रहती हैं कार्यक्रम में उपस्थित भगवती भारद्वाज .मानस मंजरी .प्रवीणा पाठक अनीता शुक्ला.रेणुका तिवार. महिला प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति रही। जिला संयोजक रीना दीक्षित प्रदेश संरक्षक सोनल तिवारी जी संभागीय महासचिव कंचन तिवारी संभागीय संयोजक गीता अवस्थी जिला महामंत्री मनीषा पाराशर, अनुभा दुबे जिला सचिव निशा तिवारी वार्ड संयोजक रूपा द्विवेदी वार्ड संयोजक रेखा तिवारी जी ज्योति शुक्ला कल्पना शुक्ला कंचन द्विवेदी अर्पिता चौबे, शैली त्रिपाठी, श्रद्धा तिवारी, शोभना मिश्रा दिशा चौबे अन्य महिलाओं की उपस्थित रही।

**- शासकीय मानकुंवरबाई कॉलेज** में महिला उन्नयन प्रकोष्ठ द्वारा व्याख्यान माला तथा प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल, संयोजक डॉ. कविता चतुर्वेदी, सह संयोजक डॉ. श्रद्धा तिवारी मौजूद रहीं। मुख्य वक्ता डॉ. मनीषा अन्वेकर ने युवा पीढ़ी के सामाजिक वैयक्तिक एवं नैतिक मुद्दों के विभिन्न पहलू पर व्याख्यान दिया। विशिष्ट वक्ता डॉ. निर्मला गुप्ता ने आत्म सम्मान पर वक्तत्व दिया। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होने वाली 35 छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. उज्जवला खारपाटे, डॉ. सुनीता मिश्रा मौजूद रहीं।

## जिला अदालत में चार सुसज्जित महिला अधिवक्ता कक्ष बनवाएंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीक ने कहा कि जिला अदालत, जबलपुर के परिसर में शीघ्र चार सुसज्जित महिला अधिवक्ता कक्ष बनवाए जाएंगे। वे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। इस दौरान महिला अधिवक्ताओं की न्याय क्षेत्र में भूमिका एवं योगदान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीक ने विषय केंद्रित होकर अपनी बाद विशद की। कार्यक्रम अध्यक्ष जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य ने स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि अभिलाषा मवार, विशेष न्यायाधीश पाक्सो न्यायालय, उप महाधिवक्ता श्वेता यादव, पार्षद सिद्ध बाबा वार्ड वर्षा मुकेश बिरहा, नगर अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रूपा राव व महिला न्यायाधीशगण की उपस्थित में कार्यक्रम ने गति पकड़ी। जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने महिला अधिवक्ताओं के लिए कक्ष के अभाव को रेखांकित किया, जिस पर राज्यसभा सदस्य बाल्मक ने सौगात दे दी। संचालन महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय ने व आभार प्रदर्शन सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने किया।

## दैनिक राशिफल

रविवार 09 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की दसवीं। नक्षत्र- पुर्नवासु।

### मेष
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

### वृषभ
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

### मिथुन
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। `क-

### कर्क
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें। किसी बात को लेकर उलझन मे रह सकते हैं।

### सिंह
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है।

### कन्या
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

### तुला
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे। पदोन्नति होगी।

### वृश्चिक
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी।

### धनु
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

### मकर
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

### कुंभ
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### मीन
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी। दोस्तों या रिश्तेदारों से कोई उपहार मिल सकता है।

म.

## रेलवे में सुरक्षा, संचालन और नेतृत्व की जिम्मेदारी रही महिलाओं के कंधों पर

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 को भव्यता, उत्साह और गौरव के साथ मनाते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया। रेलवे ने पूरे देश में विभिन्न प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें महिला कर्मचारियों की भूमिका, उनकी कड़ी मेहनत और उपलब्धियों का सम्मान किया गया। महिला लोको पायलटों द्वारा ट्रेनों का संचालन हो या स्टेशन प्रबंधन, टिकट काउंटर, टिकट निरीक्षण, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल, इंजीनियरिंग और रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती- भारतीय रेल की नारी शक्ति ने हर क्षेत्र में अपनी दक्षता और नेतृत्व क्षमता को सिद्ध किया।

**ऑल-वुमन ट्रेनों का संचालन-** इस अवसर पर कई ट्रेनों को ऑल वुमन स्टाफ द्वारा संचालित किया गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से सांई नगर शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन पूरी तरह से महिला कर्मचारियों ने किया। वहीं दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से ऑल वुमन फ्रेट ट्रेन चलाई गई। बेंगलुरु डिवीजन से केएसआर बेंगलुरु-मैसूरु मालगुडी एक्सप्रेस और मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस भी पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित की गई। भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस और झांसी मंडल में बुंदेलखंड एक्सप्रेस का संचालन भी महिला कर्मियों ने किया।

## समाज की मुख्य धारा से जोड़ती हैं महिलाएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़े भव्य तरीके से मनाया गया 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, दिनांक 8 मार्च को पी एस एम सभागार में अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कार्यक्रम मनाया गया। कार्य क्रम संयोजक पूर्व मंत्री कौशल्या गोटियां के नेतृत्व में, 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस घोषित महिलाओं के संघर्ष का सशक्त हस्ताक्षर है।की महिलाओं के जीवन में कितनी कठिनाई है, सदियों से अपने अधिकर के लिए संघर्ष करती महिलाएं 8 मार्च को अपना छोटा सा गौरव दिवस सम्मान दिवस मानती हैं वरना संघर्ष की श्रृंखला बहुत लंबी है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



का उद्देश्य को पूरा करने के लिए हमने आज कार्यक्रम में उन कामकाजी महिलाओं का सम्मान किया जो समाज में उत्कृष्ट एवं सेवा भावि कार्य कर रही हैं।

श्रीमती प्रीति कोल पोस्टमैन, श्रीमती रोमा कोल द्यद्बष् एजेंट, श्रीमती लो लू रॉय क्क्स्ह्रु कर्मचारी, श्रीमति सविता शुक्ल, क्क्स्ह्रु कर्मचारी, श्रीमती संविदा मैडम, श्रीमती वर्षा दुबे बस परिचालक, श्रीमती साहू मनोवैज्ञानिक शिक्षक। इस तरह से संघर्षशील महिलाओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया और सभी महिलाओं एवं बहनों के साथ अपने विचारों को साझा किया इस कार्यक्रम में 90त्न महिलाएं बच्चियों बहुएं आदिवासी थी जो समाज और जीवन में कुछ करना चाहती हैं लगभग सभी महिलाओं ने अपने विचार सांझा किया और यही मांग की की नौकरी शिक्षा सुरक्षा व्यवस्था सरकार की तरफ से मिलनी चाहिए कार्यक्रम को सफल बनाने हमारी बहनें श्रीमती अनीता गोटिया जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस डॉक्टर ताम्रकार मैडम ममता कुशवाहा ममता गोटिया प्रभाव गोटिया ज्योति गोटिया रितु कोल साक्षी कोल लता कोल शोभनाकोल हेमलता कोल अरुना कोल एवं हमारे सहयोगी बहने डॉ अंजू सिंह बघेल इंदिरा पाठक तिवारी, कमलेश यादव, रेखा जैन, संगीता त्रिपाठी, मनीष अवस्थी, श्वेता दुबे ,मुकुल तिवारी, श्रीमती छाया जैन, शिवानी तिवारी आदि शामिल थीं।

## धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया

**जबलपुर,देशबन्धु।** बौद्धगया महाविहार मुक्ति आंदोलन के तहत डॉ. अम्बेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन आंदोलन कर 1 बजे से 5 बजे तक जोरदार प्रदर्शन कर नारो के साथ आंदोलन किया गया है जिसमें बौद्ध गया महाविहार मुक्त करो, मुक्त करो, मुक्त करो के नारे गूंजे, जग में बुद्ध का नाम यही भारत की शान है जब तक सूरज चांद रहेगा तथागत बुद्ध का नाम रहेगा, जब तक पृथ्वी आकाश रहेगा तथागत बुद्ध का नाम रहेगा आदि गगनभेदी नारों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के हजारों पदाधिकारियों बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के आंदोलन को भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय किसान मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, राष्ट्रीय मूल निवासी महिला संग, राष्ट्रीय लायर्स फोरम मोर्चा, राष्ट्रीय ईसाई मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के साथ जबलपुर के सभी बौद्धविहार संघों के प्रतिनिधि के साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों आंदोलन में हिस्सा लेकर अपना समर्थन दिया। बहुजन क्रांति मोर्चा के संयोजक इंजी. प्रवीण गजभिये दादा के साथ बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के नीलू सोनकर, सुधीर नान्देकर, संजय उरकड़े, विनय भगत, राहुल बौद्ध, धर्मशील चाटे, अशोक रामटेके, जे.ए.रामटेके, उमाकांत गजभिये, अनिल वरकड़े, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रमन पटेल, लक्ष्मीकांत पटेल, छोटे भाई कुर्मी, कैलाश पटेल, धर्मेन्द्र कुशवाहा, घनश्याम यादव, देवकरण पटेल आदि मौजूद रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री संदीप यादव-** छापर रामपुर निवासी श्री हरिदास यादव के पुत्र श्री संदीप यादव (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुक्तेश्वरी राजपूत-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री वीरेंद्र राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सुशीला पाठक- बुद्ध काछी का बाड़ा मानेगांव रांझी निवासी श्री हरि शंकर पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला पाठक (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी बेन-** सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री मेवा लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी बेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री जगदीश दाहिया-** छोटी ओमती निवासी श्री जगदीश दाहिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमलेश पासी-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री भजन लाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश पासी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा ठाकुर-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री हल्के वीर ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा ठाकुर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश विश्वकर्मा-** बेलबाग टोरिया छुई मोहल्ला निवासी श्री कैलाश विश्वकर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज गौतम-** बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री मनोज गौतम (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवेंद्र उपाध्याय-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री चंद्रभूषण उपाध्याय के पुत्र श्री देवेंद्र उपाध्याय (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती प्रेमवती बावरिया-** मांडवा रामपुर निवासी श्री गेंदा लाल बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती बावरिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश चंद जैन-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री प्रकाश चंद जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री धर्मेंद्र चौरसिया-** खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री धर्मेंद्र चौरसिया (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामेश्वर पिल्ले-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रामेश्वर पिल्ले (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती बबीता ठाकुर- एच 17, कृषि नगर कॉलोनी अधारताल निवासी श्री मोहल लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता ठाकुर (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अम्बिका प्रसाद सोनगोत्रा-** सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री अम्बिका प्रसाद सोनगोत्रा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# नशे में रिश्ते के नाती ने की बुआ दादी की हत्या

## पांच सौ मांगने पर दें रही थी दौ सौ रूपये



**जबलपुर,देशबन्धु।** शराब के नशे में पहुंचे युवक ने अकेले रहने वाली बुआ दादी के घर पहुंचकर पांच सौ रूपये मांगे। बुआ दादा रिश्ते के नाती को दो सौ रूपये दे रही थी। जिससे नाराज होकर युवक ने गला दबाकर वृद्धा की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसका गला हंसिये से काट दिया। पुलिस ने अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी नाती को गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहोरा थानान्तर्गत ग्राम पौड़ी निवासी बुट्टन बाई कोल उम्र 57 वर्ष घर में अकेले रहती थी। महिला के पति की मौत हो गयी थी तथा बेटा ईट-भट्टे में रहकर काम करता था। महिला का गला धारदार हथियार से काटकर उसकी हत्या की गयी थी। महिला मजदूरी का कार्य कर भारण-पोषण करती थी। महिला की परिचित रोजाना की तरफ एक मार्च को उसे लेने घर पहुंची थी। उसने देखा की घर के अंदर महिला की रक्तरंजित लाश पड़ी हुई है। पुलिस ने सूचना मिलने पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया था।

विवेचना के दौरान पुलिस को संतोष कोल पिता श्रवण कुमार उर्फ बसोरी कोल उम्र 27 साल निवासी ग्राम दोहतरा थाना मझौली के खिलाफ साक्ष्य मिले थे। जिसके आधार पर पुलिस ने संदेही को पूछताछ के लिए अभिरक्षा में लिया। युवक ने पूछताछ के दौरान रिश्ते में उसकी बुआ दादी लगने वाली वृद्धा की हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह शराब के नशे में 28 फरवरी की रात बुआ दादी के घर गया था। वह बुआ दादी से पांच सौ रूपये मांग रहा था और वह दौ सौ रूपये दे रही थी। आवेश में आकर उसने बुआ दादी का गला दबा दिया। बुआ दादी के गिरने पर उसने हसिये से उसका गला काट दिया। इसके बाद बुआ दादी के पास रखे 12 सौ रूपये लेकर भाग गया। युवक ने उक्त रूपये शराब पीने व मोटर साइकिल में पेट्रोल भरवाने में खर्च कर दिये। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# ट्रक ने वृद्ध को कुचला, मौत

## भेड़ाघाट जिलेटिन फैक्ट्री के सामने हादसा



**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्रांतर्गत जिलेटिन फैक्ट्री के सामने हाईवे रोड पार कर रहे एक 64 वर्षीय वृद्ध को आईसर ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस को ग्राम कूड़न निवासी मनोज साहू ने बताया कि उसके पिताजी 64 वर्षीय द्वारका प्रसाद साहू पैदल आमाहिनौता की ओर से घर आ रहे थे, जो कि जिलेटिन फैक्ट्री के पास हाईवे रोड पार कर रहे थे। उसी समय आईसर ट्रक क्रमांक एमपी 09 डीएफ-3859 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत द्वारका प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं आरोपी चालक हादसे के बाद वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# सड़क हादसों में दो की मौत

## माढ़ोताल व अधारताल क्षेत्र की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि पाटन नगना निवासी 19 वर्षीय रीतेश पटेल बीती शाम कहीं जा रहा था। वह कटंगी रोड में जबाली वेयर हाऊस के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना में रीतेश को सिर व हाथ पैर में गंभीर चोटें आई। उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार महाराजपुर इन्द्र लोक कॉलोनी निवासी 53 वर्षीय विजय पटेल मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी में कार्यरत थे। 28 फरवरी की सुबह वे, घमापुर टेस्टिंग रोड से जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में विजय को गंभीर चोटें आई। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया।

# कानून व्यवस्था कायम रखने पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जबलपुर,देशबन्धु।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के मार्गनिर्देशन में थाना ओमती, बेलबाग, हनुमान ताल, गोहलपुर, माढोताल, विजय नगर, कोतवाली, संजीवनी नगर, गढ़ा, मदनमहल, गोरखपुर के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम से निकाला गया। फ्लैक मार्च में एएसपी शहर आनंद कलादगी, एएसपी सोनाली दुबे के साथ ही समस्त राजपत्रित अधिकारी तथा थाना प्रभारी शहर हमराह बल के साथ मौजूद रहे । फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारम्भ होकर घंटाघर, छोटी ओमती, गुरंदी, बेलबाग थाने के सामने, घमापुर चौक, कांचघर, शीतला माई, प्रेमसागर चौकी, भान तलैया, बहोराबाग, चार खम्बा, गोहलपुर थाने के सामने, दमोह नाका, दीनदयाल चौक, विजय नगर, उखरी चौकी, कछपुरा ब्रिज, पण्डा बाबा की मढिया, त्रिपुरी चौक, सूपाताल, मदनमहल, छोटी लाईन, ब्लूम चौक, तीन पत्ती, नौदरा ब्रिज, तैयबली होते हुये कन्ट्रोल रूम पहुँचकर फ्लैग मार्च का समापन हुआ। फ्लैग मार्च में उपरोक्त अधिकारियों सहित जिला बल एवं सशस्त्र बल के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे ।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद दुराचार, कुंडम का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** एक युवक ने महिला से पहले तो इंस्टाग्राम में दोस्ती की और फिर उसे मिलने बुलाया। जहां आरोपी ने महिला से दुराचार किया और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद आरोपी ने कई बार महिला से दुराचार किया। हाल ही में आरोपी ने तस्वीरों को वायरल कर दिया। तब पीड़िता महिला थाने पहुंची। पुलिस ने शून्य पर एफआईआर दर्ज कर कुण्डम थाने भेजी, जहां मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये गये है। पुलिस ने बताया कि कुण्डम बरखेड़ा निवासी देव कुमार झारिया रसल चौक में रहकर प्राइवेट काम करता था। इस दौरान उसने इस्टाग्राम में 20 वर्षीय महिला को रिक्वेस्ट भेजी। महिला ने रिक्वेस्ट एक्सेपट कर ली। दोनों में बातचीत होने लगी। महिला किसी काम से कुण्डम बस स्टेण्ड गई। यह जानकारी देव को लगी, तो वह भी कुण्डम पहुंच गया। जहां महिला को मिलने की बात कहकर वह उसे अपने दोस्त के किराये के कमरे में ले गया। जहां आरोपी ने महिला से दुराचार किया। इस दौरान आपत्तिजनक तस्वीर खींच ली। तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने कई बार महिला से दुराचार किया। कुछ समय पूर्व उसने उक्त तस्वीरों को वायरल कर दिया। जिसके बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी।

# कार की टक्कर से दो युवक घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला थाना क्षेत्रांतर्गत नहर बाईपास के निर्माणाधीन पुल के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों घायलों को उपचार के लिये जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस को कैंट सदर बाजार निवासी 25 वर्षीय शहजाद खान ने बताया कि वह अपने दोस्त रूपेश ठाकुर और शैलेन्द्र सिंह ठाकुर के साथ मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एनटी-8703 से रूपेश के रिश्तेदार की शादी पार्टी में ग्राम कुकरी खेड़ा बरेला गये थे। वहां से वापस आते समय नहर के पास रात्रि करीब सवा दस बजे रूपेश व शैलेन्द्र मोटर साइकिल के पास किनारे खड़े थे। उसी समय साक्षी ढाबा की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 टीए 1157 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रूपेश व शैलेन्द्र को टक्कर मार दी। जिससे दोनों को हाथ पैर में चोटे आ गई। कार चालक दोनों को अस्पताल लेकर गया और उपचार कराने से मना करते हुए वहां से चला गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# 3 शातिर चोरों से 15 लाख के जेवर बरामद

## गढ़ा थाना अंतर्गत हुई नकबजनी का खुलासा

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा थाना अंतर्गत सिद्ध नगर खेरमाई मंदिर के पास एक सूने घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15 लाख रूपये कीमत के चोरी किए हुए जेवर बरामद किए हैं। जानकारी अनुसार थाना गढा में अनिल जैन निवासी सिध्द नगर खेरमाई मंदिर के पीछे थाना गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ ग्राम धनोरा जिला दमोह गया था। जब वह वापस घर लौटा तो घर का दरवाजा कुंदा टूटा एवं घर का सामान अस्त व्यस्त था। वहीं लगभग 17 लाख रूपये कीमती सोने व चांदी के जेबर व नकदी गायब थे।

पुलिस ने गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लोगों से पूछताछ एवं पतासाजी करते हुये विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए आरोपियों में अविनाश रैकवार उर्फ शशांक उम्र 28 वर्ष निवासी मच्छू की होटल के पीछे छोटी संतोषी माता मंदिर के पास थाना धमापुर, राजकुमार उर्फ मनमोहन झारिया उम्र 28 वर्ष निवासी भटरा मोहल्ला शारदा मंदिर बरेला और मयंक बर्मन उम्र 25 वर्ष निवासी गढा पुरवा छोटा जैन मंदिर के पास थाना गढ़ा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर तीनों ने अपने एक अन्य साथी अभिषेक के साथ मिलकरसूने मकान मे घुस कर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये चोरी करना स्वीकार करते हुये चुराये हुये जेवर व रूपये आपस में बांट लेना बताया। पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से चोरी किए हुए सोने की 7 चूडी, 3 मंगलसूत्र के पेंडल, 1 नथ, 1 हार, 1 बेदी, 2 अंगूठी, 1 चैन, 7 जोडी कान के बाले, सोने जेबरात का कुल वजनी 18 तोला, 1 डायमंड पेंडल, 1 डायमंड की अंगूठी, तथा लगभग 700 ग्राम चांदी के जेवर एवं नगदी 20 हजार रुपये कुल मशरूका कीमती 15 लाख रुपये जब्त कर फरार आरोपी अभिषेक की तलाश की जा रही है।

# सात जुआड़ी से 42 हजार की नगदी जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला पुलिस ने वार्ड नंबर-6 में दबिश देकर सात जुआडियों को इक्का-बली पर दांव लगाते हुए रंगे हाथ दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने ताश के 52 पत्ते व 42 हजार बीस रुपये की नकदी जप्त की है। बरेला टीआई विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वार्ड नंबर-6 में दबिश दी गई। जहां राहुल बर्मन के मकान के सामने बिजली के उजाले में कुछ लोग ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाते हुए दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम योगी जाट, आकाश बर्मन, राहुल बर्मन तीनों निवासी वार्ड नम्बर 6 बरेला, दीपक चक्रवर्ती, पवन चक्रवर्ती दोनों निवासी वार्ड नम्बर 8 बरेला, गौरव दुबे, सलीम खान दोनों निवासी वार्ड नम्बर 4 बरेला बताये। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश के 52 पत्ते व 42 हजार बीस रुपये की नगदी जप्त करते हुए सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# संभागायुक्त अपने दिमाग का उपयोग करें, डाकघर की तरह कर रहें कार्य

## महिला को तड़ीपार करने के आदेष को निरस्त करते हुए हाईकोर्ट ने कलेक्टर उमरिया पर लगाई 25 हजार की कॉस्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए अपने आदेश में कहा है कि शहडोल संभागायुक्त अपने दिमाग का उपयोग करें, डाकघर की तरफ कार्य नहीं करें। हाईकोर्ट ने महिला को तड़ीपार किये जाने के आदेष को निरस्त करते हुए कलेक्टर उमरिया पर 25 हजार रूपये की कॉस्ट लगाई है। उमरिया जिले की पाली निवासी महिला मुन्नी उर्फ माधुरी तिवारी की तरफ से दायर याचिका में कलेक्टर द्वारा अक्टूबर 2024 में पारित जिला बदर के आदेश को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि उसके खिलाफ सिर्फ 6 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिसमें से दो धारा 110 के तहत तथा दो मामूली मारपीट की धाराओं के है। इसके अलावा दो प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किये गये है। उसे किसी भी अपराधिक प्रकरण में सजा नहीं हुई है।

एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि जिला कलेक्टर ने एसएसओ मदन लाल मरावी के बयान के आधार पर महिला के खिलाफ जिला बदर के आदेश पारित किया है। एसएसओ ने अपने बयान में स्वीकारा है कि एनडीपीएस के एक प्रकरण में आरोपी रमेश सिंह सेंगर के बयानों के आधार पर याचिकाकर्ता महिला को आरोपी बनाया गया था। उसके पास से कोई प्रतिबंधित पदार्थ जब्त नहीं किया गया था। पाली क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति ने यह बयान नहीं दिया है कि याचिकाकर्ता को स्वतंत्र रहने दिया जाता है, तो उनके अस्तित्व को समस्या होगी। एसएचओ ने यह भी स्वीकार किया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ पुलिस कर्मियों के साथ झगड़ा तथा कोई समाज, संगठन या समुदाय के विवाद की कोई शिकायत नहीं है। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि कलेक्टर उमरिया ने अधिनियम 1990 की धारा 5(बी) की अपेक्षाओं के विपरीत आदेश पारित किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि निष्कासन का आदेश कानून की अपेक्षाओं के अलावा केवल कुछ अन्य बाध्यताओं पर पारित किया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संभागीय आयुक्त शहडोल ने भी मामले के तथ्य और परिस्थितियों पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। बिना दिमाग लगाए अपील को खारिज करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये।. यह एक गंभीर मामला है और संभागीय आयुक्तों से अपेक्षा की जाती है कि वे किसी भी अधिनियम के प्रावधानों के तहत उनके समक्ष अपील दायर करते समय अपना दिमाग का उपयोग करेंगे और उन्हें डाकघर के रूप में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। एकलपीठ ने कलेक्टर तथा संभागायुक्त द्वारा पारित आदेश को निरस्त करते हुए राज्य सरकार को मुकदमे की लागत 25 हजार रूपये वहन करने के आदेष जारी किये है। जिला कलेक्टर सात दिनों के अंदर उक्त राशि याचिकाकर्ता को प्रदान करें। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने पैरवी की।

## डेढ सौ क्रिश्चियन परिवार को मिली राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** डेढ सौ क्रिश्चियन परिवार को जमीन से बेदखल किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए नजूल की जमीन पर बने आवासीय संपत्तियों पर बलपूर्वक कार्यवाही करने पर रोक लगा दी है। युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता असीम जोसेफ सहित तीन अन्य की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि साल 1975 में राज्य सरकार ने क्रिश्चियन समाज की समिति लूथरन चर्च को 22 लाख 3515 वर्ग फुट जमीन लीज पर दी थी। जिसमें चर्च, स्कूल ,हॉस्टल एवं मकान बने हुए है। चर्च के बिशप समिति के अध्यक्ष होते है और उनके द्वारा लीज की जमीन में नियम विरूध्द तरीके से निर्माण कराया गया है। इस संबंध में याचिकाकर्ताओं ने पूर्व में जिला कलेक्टर से शिकायत की थी,जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इसके बाद आवेदकों की शिकायत पर बिशप सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ पांच एफआईआर दर्ज की गयी थी। जमीन का व्यवसायिक उपयोग किये जाने के कारण जिला कलेक्टर ने




3 जनवरी 2025 को लीज निरस्त कर दी गयी। इसके अलावा चर्चा की समिति को भंग करते हुए अतिरिक्त कलेक्टर छिंदवाड़ा को प्रशासक नियुक्त करते हुए अध्यक्ष दायित्व दिया गया था। चर्च की संपत्ति संरक्षित करने उनके द्वारा कोई प्रयास नहीं किये गये। उक्त संपत्ति पर लगभग डेढ़ सौ से अधिक परिवारों रहते है,जिन्हें बेदखत किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से तर्क दिया गया कि कानूनी प्रावधानों के तहत याचिकाकर्ता के पास मध्य प्रदेश नजूल भूमि विमोचन निर्देश, 2020 की धारा 145(1) के अंतर्गत उच्च अधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का प्रावधान है। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि इस दौरान बलपूर्वक निवासरत परिवारों को बेदखल किया जा सकता है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद याचिकाकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वह दो सप्ताह में संबंधित प्राधिकारी के समक्ष आवेदन पेश किये। संबंधित प्राधिकारी 6 सप्ताह में अभ्यावेदन का निराकरण करें। युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता दिनेष उपाध्याय ने पैरवी की।

## यूका कचरा विनष्टीकरण की नीरी से जांच कराएं

### एनजीटी में याचिका के जरिए मांग

**जबलपुर,देशबन्धु।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी में याचिका दायर कर पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड कचरा विनिष्टीकरण की राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान यानी नीरी के वैज्ञानिकों से जांच कराये जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि यूका कचरा विनष्टीकरण को लेकर पीथमपुर के निवासियों में भय फैला हुआ है। इसलिये नीरी से जांच कराकर मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की जांच के निष्कर्षों से तुलना आवश्यक है। दोनों जांच रिपोर्ट हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित की जाये। याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की ओर से अधिवक्ता प्रभात यादव पैरवी करेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि पूर्व में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अंडरटेकिंग दी गई थी कि यदि कोई शंका या समस्या हो तो वैज्ञानिकों के जरिए उसका निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। चूंकि ऐसा नहीं किया गया, अतः याचिका दायर करनी पड़ी है। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार पीथमपुर के लोगों में आशंका व्याप्त है। वे प्रदूषण नियंत्रण मंडल की रिपोर्ट के प्रति अविश्वास जता रहे हैं। ऐसे में अन्य स्वतंत्र एजेंसी नीरी से जांच कराई जानी चाहिए। इस सिलसिले में राज्य शासन को निर्देश जारी किये जाये।

## हिट एंड रन का मामला काम नहीं आया हार्ट अटैक का बहाना

### डॉ. संजय पटेल की जमानत अर्जी निरस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने जबलपुर के विजय नगर क्षेत्र के बहुचर्चित एक्सीडेंट प्रकरण के आरोपी डा संजय पटेल की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। उनकी ओर से हाई अटैक के कारण एक्सीडेंट होने का बहाना बनाया गया था। आपत्तिकर्ता के अधिवक्ता योगेश सोनी व रुचिर जैन ने इस बहाने का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि मेडिकल रिपोर्ट से यह पता नहीं चला है कि घटना के दिन आवेदक को दिल का दौरा पड़ा था। यह गैर इरादतन हत्या का सीधा मामला है। जिस पर जमानत नहीं दी जानी चाहिये। हाईकोर्ट ने तर्कों को गंभीरता से लेकर आरोपित को राहत देने से मना कर दिया। इससे पूर्व आरोपित डॉ. संजय पटेल की ओर से वकील ने दलील दी थी कि उनका पक्षकार हृदय रोगी है। हृदय में 90 प्रतिशत ब्लॉकेज है। बाईपास कराने का चिकित्सकीय परामर्श मिला है। वह दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब वह कार चला रहा था। उसी दौरान उसे दिल का दौरा पड़ा जिससे वाहन नियंत्रण से बाहर चला गया, इस तरह दुर्घटना हो गई। मेडिकल जांच में शराब पीने की तथ्य सामने नहीं आया है। आवेदक नौ जनवरी 2025 से जेल में हैं। मुकदमे में काफी समय लगेगा, अतः जमानत अपेक्षित है। राज्य शासन के वकील ने दलील दी कि मामला बेहद गंभीर है। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। शेष गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## किरायेदार के आधिपत्य में मकान मालिक हस्तक्षेप न करे

### व्यवहार न्यायालय का महत्वपूर्ण आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** व्यवहार न्यायाधीश मनमोहन सिंह कौरव की अदालत ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि किरायेदार के आधिपत्य में मकान मालिक हस्तक्षेप न करे। मामला मदर टेरेसा भूकंप कॉलोनी, माढ़ोताल से संबंधित है। जहां मकान नंबर 319 का विवाद सुनवाई में आया। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना आदेश पारित किया। जिसमें साफ किया कि प्रतिवादी मकान मालिक दक्षिण मिलौनीगंज निवासी पवन कोष्टा वादी भोले नामदेव के आधिपत्य में अवैध, विधि विरुद्ध रूप से अतिक्रमण, हस्तक्षेप, अवरोध व बेदखल न तो स्वयं करे और न ही किसी अन्य के माध्यम से कराये। वादी की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी, संकेत चौधरी, रोशनी रैदास, प्रहलाद पीपरा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वादी लंबे समय से किराये पर रह रहा है। प्रतिमाह किराया अदा करता है। इसके बावजूद मकान मालिक ग्राहक लाकर प्रताड़ित कर मकान खाली कराने की जुगत भिड़ा रहा है। साथ ही किराया व बिजली का बिल न भरने का झूठा आरोप लगा रहा है। चूंकि विधि विरुद्ध तरीके से मकान खाली नहीं कराया जा सकता, अतः अदालत की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् अदालत ने उक्त निर्देश दिये।

## एमपीएनआरसी की पूर्व महिला रजिस्ट्रार को हाईकोर्ट से झटका

### निलंबन के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउसिलिंग की पूर्व महिला रजिस्टार ने सेवा से निलंबित किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी तथा जस्टिस ए के पालीवाल की युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि निलंबन के खिलाफ संबंधित प्राधिकारी के संबंध में आवेदन पेश नहीं किया। युगलपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए संबंधित प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि अनीता चंद्र पूर्व में मध्य प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउसिलिंग की रजिस्ट्रार थी। फर्जी तरीके से संचालित नर्सिंग कॉलेज को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के उनका नाम चर्चाओं में आया था। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए उन्हें पद से हटाने के आदेश दिये थे। सरकार ने उन्हें पद से हटाते हुए छिंदवाड़ा स्थित नर्सिंग कॉलेज में पदस्थ कर दिया था। इसके बाद जांच करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया था। पूर्व महिला रजिस्ट्रार ने निलंबन की कार्यवाही को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने पाया कि निलंबन के खिलाफ याचिकाकर्ता ने समक्ष प्राधिकारी के समक्ष अपील नहीं की है। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने का आग्रह किया। जिसे स्वीकार करते हुए युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता निलंबन कार्यवाही के खिलाफ अभ्यावेदन पेश करती है तो संबंधित प्राधिकारी 60 दिनों में उसका निराकरण करें।

# पोते की जलती चिता में कूदकर दादा ने दे दी जान

## पत्नी को कुल्हाड़ी काट कर खुद लगा ली थी फांसी, बहरी थाना क्षेत्र के सिहोलिया गांव की घटना





**सीधी देशबन्धु।** जिले के बहरी थाना क्षेत्र के सिहोलिया गांव में पति.पत्नी की दर्दनाक मौत के बाद एक और हृदय विदारक घटना सामने आई है। मृतक अभय राज यादव के बाबा रामावतार यादव 65 वर्ष ने शुक्रवार रात जलती चिता में कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से गांव में दहशत और मातम का माहौल है।

पुलिस के अनुसार अभय राज यादव द्वारा पत्नी सविता यादव की कुल्हाड़ी से हत्या और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या करने के बाद पूरा परिवार सदमे में था।

शुक्रवार रात जब दोनों के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी और चिता जल रही थी तभी रात करीब 9 बजे रामावतार यादव अचानक चिता की ओर दौड़े और खुद को आग में झोंक दिया। जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई।

मृतक रामावतार यादव के नाती अवधेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि मेरे बड़े भाई अभय राज यादव को मेरे दादाजी बहुत मानते थे और वह उन्हीं के साथ रहते थे। कोई काम भी होता था तो पैसे उन्हीं को देखकर उनसे काम करवाते थे।

**रात के अंधेरे में हुए गायब, सुबह मिला शव-** मृतक के परिजन ने बताया कि जब भाई की मौत हुई तब दाह संस्कार हेतु हम सब लोग जा रहे थे पर दादाजी ने वहां जाने से मना कर दिया। कहा मुझे यह सब नहीं देखा जाएगा। लेकिन न जाने रात में क्या हुआ कि अचानक रात में वह कहीं चले गए जब हम सब सुबह देखे तब उनका कहीं पता नहीं चला। हम सब घर के लोगों ने पहले आसपास के कुएं में देखा फिर आसपास के क्षेत्र में जाकर पूछताछ की जब कहीं नहीं मिले तब भाई के चिता के पास गए तब बाबा जी वहां लेटे हुए थे। जलने की वजह से उनकी मौत हो गई थी। जिसको सूचना हमने थाना प्रभारी को शनिवार की सुबह 9 बजे दी।

### सदमे की वजह से की आत्महत्या

गांव के लोगों का कहना है कि रामावतार यादव अपने पोते और बहू की मौत के सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनके लिए यह त्रासदी असहनीय थी। परिवार के तीन लोगों की मौत से सिहोलिया गांव शोक में डूबा हुआ है। बहरी थाना पुलिस ने रामावतार यादव के शव को भी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब तीनों मौतों की गहन जांच कर रही है और हर पहलू पर बारीकी से नजर रख रही है।

# नारी सशक्तिकरण का अर्थ पुरुष की प्रतिद्वंदता नहीं : आचार्य डॉ. दुबे



**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाकौशल विंध्य अधिवक्ता संघ के तत्वाधान में कार्यालय एलीट ज्यूरिस लॉ फर्म मनमोहन नगर में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज महिला सशक्तिकरण को सही अर्थों में ग्रहण करने की आवश्यकता है।

पुरुष और महिला सदा से पूरक रहें है प्रतिद्वंदी नहीं। नारी ने ही समाज को प्रगति और सुव्यवस्था दी है। ऋण क्षेत्र हो या ज्ञान - विज्ञान का क्षेत्र, नारी की प्रेरणा, प्रोत्साहन और परामर्श से ही पुरुष अजेय है। आज समाज में नारी पर यदि अत्याचार हो रहे है तो इसका अर्थ यह भी है कि अपने भाई, पति या सहयोगी को संस्कारित करने में कहीं कोई कमी रह गई है। इस दिशा में सोचना है।

उक्त आशय के उद्गार अतिथि वक्ताओं ने व्यक्त किया। मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय आचार्य डॉ हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि हितकारिणी विधि विद्यालय की पूर्व उप प्राचार्य श्रीमती जयश्री मुखर्जी, श्रीमती शशि दुबे, महाकौशल विंध्य अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष सुश्री मंजू वर्मा, आचार्य भृगुदत्त शास्त्री, श्रीमती नम्रता शर्मा, सरिता कोष्टी आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष एडवोकेट पं देवेंद्र कुमार शर्मा ने की, संचालन महासचिव राजेंद्र प्रताप सिंह एवं आभार एडवोकेट जितेंद्र शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत लॉ फर्म के संस्थापक एडवोकेट अभिषेक तिवारी, अरविंद शर्मा, देवेंद्र तिवारी, नितिन खरे, अजय मिश्रा, रमेश कुमार शर्मा, श्रीमती मनीषा शर्मा ने किया।

## सार-समाचार

### अधूरे पुल निर्माण को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन





**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** नगर पंचायत क्षेत्र भेडाघाट ने नर्मदा नदी पर पुल निर्माण में शासन की नियमावली का उल्लंघन किया है, जिसके कारण लोगों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है। ध्यान रहे कि अधूरे निर्माण कार्य से प्रभावित होकर इस कार्य से सम्पूर्ण विधानसभा में विरोध किया। इस कृत्य से जनता में नाराज़गी है। सरकार की छवि धूमिल हो चुकी है।

### स्वयंसेवा समिति ने 'पटेलन चाची' और 'माई' का किया सम्मान



**बरेला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर की पूर्व पार्षद गिरिजा चंद्रानी पटेल, जो पिछले कई वर्षों से नगर में होटल का संचालन कर परिवार का पालन पोषण पिछले लगभग 30 वर्षों से कर रही है, जो पटेलन चाची के नाम से पहले नगर में प्रसिद् हैं। स्वयंसेवा समिति ने उनका सम्मान किया, वहीं दूसरी महिला थाने के सामने माई पान ठेला के नाम से नगर में पिछले 40 वर्षों से पान ठेला चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रही हैं। अकेले व्यापार करके जीवन यापन कर रही माई का भी सम्मान नगर की संस्था स्वयंसेवा समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### अक्षय तृतीया की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण सभा पनागर की बैठक आज

**पनागर, देशबन्धु।** ब्राह्मण सभा पनागर के सचिव अनिल दुबे द्वारा जानकारी दी गई है कि ब्राह्मण सभा की बैठक अक्षय तृतीया कार्यक्रम को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पनागर में 12 बजे से आयोजित की गई है जिसके मुख्य अतिथि पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदु भैया होंगे। अध्यक्षता ब्राह्मण सभा पनागर अध्यक्ष सुरेश मिश्रा करेंगे हमारे विप्रकुल शिरोमणि श्री परशुराम जी भगवान का मंदिर लगभग पूर्णता तैयार हो चुका है आगामी दिनों में प्रतिमा स्थापित करने एवं आगामी कार्यक्रम हेतु सभी विप्रो के साथ चर्चा कर तैयारियां की जावेगी और आगामी कार्यक्रम के विषयों में सभी विप्र साथी अपना मार्गदर्शन देवे एवं सभी विप्रगण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आगामी कार्यक्रम को सफल बनाये जाने की अपील ब्राह्मण सभा पनागर पदाधिकारियों ने की है।

### कुंडेश्वर धाम में चल रही श्री राम कथा

**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडेश्वर धाम में चल रही श्री राम कथा प्रवक्ता आचार्य अनंत महाराज जी रमण रेती वृंदावन जी महाराज के मुखारविंद से संगीत रामचरितमानस 4 मार्च से 10 3 2025 मार्च तक चलेगी श्री राम कथा आज भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ और देवता गण भगवान के दर्शन करने पहुंचे कोई वानर का रूप धर कोई नर देह धरण रूप धरण भगवान के जन्म उत्सव पर अवध आए देवताओं ने भगवान के दर्शन किया और कुंडेश्वर धाम कुंडम में हिरन नदी उद्गम स्थान पर दो वर्षों से महाराज जी की श्री रामकथा चल रही है।

### असगर खान का इंतकाल



**पनागर, देशबन्धु।** मौलाना वार्ड पनागर असगर खान अंडा वाले 80 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया आप इब्राहिम खान के वालिद थे। आप की जनाजे की नमाज बाद नमाज जौहर जामा मस्जिद में अदा की जाएगी। ईदगाह के बाजू में पारिवारिक कब्रिस्तान में सुपर्द खाक किया गया।

# आरछा समिति को जारी की धान खरीदी की लेबर पेमेंट

## • जिला सहकारी बैंक के जिम्मेदार अफसर मौन



**पाटन, देशबन्धु।** आरछा समिति के द्वारा खरीफ सीजन 2024 25 में तहसील के किसानों से 18 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। समिति प्रबंध प्रज्ञा निधि एवं केंद्र प्रभारी नीरज पटेल के द्वारा किसानों से तुलाई, सिलाई, पल्लेदारी के नाम पर 35 रुपए से लेकर 50 रुपए प्रति क्विंटल की अवैध वसूली की गई थी। कुछ जागरूक किसानों ने जब इसका विरोध किया था तो समिति के जिम्मेदारों ने बताया कि धान की लेवर पेमेंट होने में 6 से 8 माह का समय लग जाता है, लेकिन गोदाम पर काम करने वाली लेवर को रोजाना पेमेंट करना पड़ती है।

सूत्र बताते हैं कि तहसील के अंतर्गत आने वाली सभी समितियों ने धान खरीदी पर तुलाई, सिलाई, पल्लेदारी का पैसा किसानों से नकद वसूल किया है। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार शासन के द्वारा प्रत्येक समिति को उसके द्वारा खरीदी गई धान की तुलाई सिलाई पल्लेदारी की लेबर पेमेंट का पैसा साढ़े 8 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया है। आरछा समिति ने 18 हजार क्विंटल धान की खरीदी की थी।

उक्त समिति को 153000 हजार रुपए की राशि समिति को प्राप्त होने की जानकारी मिल रही है। समिति प्रबंध के द्वारा केंद्र प्रभारी नीरज पटेल को एक लाख रुपए का चैक देने की भी जानकारी मिल रही है। जब इस संबंध में समिति प्रबंध प्रज्ञा निधि से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारी समिति ने 18 हजार क्विंटल धान की खरीदी की थी जिसका एक लाख रुपए का चैक नीरज पटेल को दिया है, इसके अलावा मुझे जानकारी नहीं है कि शासन स्तर पर समिति के खाते में कितना पैसा आया है।

अब सवाल उठता है कि 53 हजार रुपए की राशि का किसने बंदरबाट कर दिया है। क्या आरछा समिति के जिम्मेदारों के द्वारा किसानों से धान की तुलाई के दौरान लिया गया पैसा वापस होगा या फिर पूरी राशि का बंदरबाट समिति प्रबंध और केंद्र प्रभारी करने वाले है। अब देखना होगा जिन किसानों ने अपनी धान की उपज आरछा समिति में बेची है, उनको समिति के जिम्मेदारों के द्वारा उक्त राशि लौटाई जाती है या नहीं ?

# नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण

**पाटन देशबन्धु।** पाटन नेशनल लोक अदालत में हुआ आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण जिसमे अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल कोर्ट की 4 खंड पीठों में लोक अदालत का आयोजन किया गया था। मान.राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 08/03/2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ।

ओमप्रकाश रजक, जिला अपर सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष,तहसील विधिक सेवा समिति पाटन द्वारा श्री दशरथ सिंह भिड़े,तृतीय व्यवहार न्यायाधीश,वरिष्ठ खण्ड, श्रीमती रितिका शर्मा खरे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड एवं श्रीमती उजाला शुक्ला,द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, श्रीमती अमृता मिश्रा तिवारी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव सहित अधिवक्ता राम सिंह लोधी,एसआर व्यास,एसडी बैरागी, एमएल शर्मा, आरपी खंपरिया, अभिषेक अग्रवाल,संदीप पटेल, महेंद्र पाठक, केशव प्रताप सिंह,देवराज सिंह, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, हिरेंद्र सिंह एवं समस्त अधिवक्तागणों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया हुआ। तहसील न्यायालय पाटन में गठित कुल 05 खंडपीठों द्वारा निम्नानुसार प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 802 प्रकरण रैफर्ड किये गये,110 प्रकरण निराकृत हुये तथा तथा 73,20,346/- का अवार्ड पारित हुआ।

# राष्ट्रीय महिला सम्मान दिवस का आयोजन



**सिहोरा, देशबन्धु।** शनिवार को शासकीय महाविद्यालय सिहोरा में राष्ट्रीय महिला सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष सिहोरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अरुणा पांडे, पार्षद रीता शुक्ला, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सुनु आर के मैथ्यू, महिला उन्नयन एवं लैंगिक समानता समिति संयोजक डॉ. पूजा चौकसे उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने सभागार में उपस्थित सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। डॉ अरुण पांडेय मैडम ने महिलाओं की स्थिति को वैदिक युग से लेकर वर्तमान युग तक प्रकाश डाला उन्होंने लैंगिक असमानता और महिलाओं के शोषण का विरोध करते हुए प्रत्येक महिला को सशक्त होने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ संगीता सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ अंजलि मांडवे ने किया। कार्यक्रम में राजनीति शास्त्र की विभाग अध्यक्ष डॉ. नीता तिवारी मैडम, डॉ सुदेश कुमार महरौलिया, डॉ. अंजू कठेल डॉ. माया उसरेठे, अनिल राजपूत, दीपिका कुशवाहा, आयुषी अग्निहोत्री, प्रशांत, सतीश पटेल और डॉ जयप्रकाश पांडेय उपस्थित रहे। हृष्ट केडेट्स का भी सराहनीय सहयोग रहा।

# महिला लोको पायलटों का किया सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विदिशा रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस की महिला लोको पायलट रीता यादव एवं रश्मि मगरदे को सम्मानित किया गया। यह सम्मान रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के सदस्य कमलेश सेन द्वारा प्रदान किया गया।

इस दौरान दोनों महिला लोको पायलटों एवं उप स्टेशन प्रबंधक विजेता सिंह को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र पहनाकर मिठाई खिलाई गई तथा उनके उत्कृष्ट कार्य व समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण के इस सकारात्मक उदाहरण की सराहना की और रेलवे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक आरबी ठाकुर, स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य रवि तलरेजा, रेलवे अपडाउनर्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन विदिशा के पदाधिकारी सुनील बालोटिया, सुनील सोलंकी, श्याम मोहन शर्मा, रमेश पालेकर, आनंद कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे। यह सम्मान न केवल महिलाओं के योगदान को सराहने का अवसर था, बल्कि यह समाज में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने का भी एक प्रेरणादायक कदम है।

# हम भारत की नारी फूल नहीं अंगारे हैं.. के उद्घोष के साथ निकाली रैली

## कार्यक्रम — अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित




**पाटन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर के विशेष शिविर पाटन देवरी सुरैया की द्वितीय दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.समीर शुक्ल के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रीना भैरम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने नगर परिषद पाटन की गलियों से होते हुए जनपद पंचायत तक नारी शक्ति को उदबोधित और जागरूक करते हुए 'हम भारत की नारी हैं फूल नहीं अंगारा हैं' के नारे लगाते हुए रैली निकाली तथा जनपद पंचायत के सभागार में उपस्थित होकर सरस्वती पूजन के बाद प्रधानमंत्री द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और लाडली बहना योजना का लाइव प्रसारण दिखाया गया, तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा सभागार में उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया गया,तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया फिर इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रीना भैरम द्वारा किया गया। इसी बीच राष्ट्रीय सेवा योजना की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा आर्य डॉ वर्षा जैन,उपाध्यक्ष शक्ति देव कुमार यादव,श्रीमती प्रीति जगेंद्र सिंह,श्रीमति सविता शत्रुधन सिंह जनपद उपाध्यक्ष,अंजली मेहरा,श्रीदेवकुमार यादव, आदित्य नामदेव,दीपक कुशवाहा,रंजीत राठौर समाजसेवी,श्रीमती अनीता विश्वकर्मा महिला सशक्तिकरण की सदस्य तथा सुश्री जानवी ने महिला सशक्तिकरण का उदबोधन दिया ततपश्चात सिलाई रोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया उसके पश्चात बाल कल्याण एवं बाल परियोजना केंद्र का भ्रमण किया तथा महिलाओं को जागरूक किया इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की तथा स्वयंसेविका अंकिता हल्दकार के द्वारा बेटियों की जिंदगी आसान नहीं होती... पर कविता तथा पूर्वी मिश्रा द्वारा महिलाओं के विकास तथा जागरूकता के बारे में उदबोधित किया गया। सत्यम मेहरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन




**पनागर, देशबन्धु।** जन साहस गरिमा केंद्र पनागर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त महिलाएं एवं बालिकाओ ने भागेदारी की कार्यक्रम में जन साहस से राजू चौधरी जिला समन्वयक, नंदिनी सूर्यवंशी, जगदीश प्रसाद, गेंदलाल चौधरी, मोहम्मद साहिर , कंचन कोरी ,रीना काछी, महिला बाल विकास से सावित्री कुशवाहा, पुष्पा लोधी, उर्मिला कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## बांग्लादेश में हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और बिगड़ी कानून-व्यवस्था की स्थिति : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, ( आईएएनएस )।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह पड़ोसी देश बांग्लादेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित है, जो गंभीर अपराधों के लिए सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और भी खराब हो गई है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार चरमपंथी तत्वों को बरी और दोषमुक्त करने के लिए कड़ी आलोचना का सामना कर रही है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, हम एक स्थिर, शांतिपूर्ण, और प्रगतिशील बांग्लादेश का समर्थन करते हैं जिसमें सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों से और भागीदारीपूर्ण चुनावों के माध्यम से किया जाता है। जायसवाल ने कहा, हम बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में चिंतित हैं, जो गंभीर अपराधों के लिए सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और भी खराब हो गई है। 5 अगस्त 2024 को तत्कालीन पीएम शेख हसीना को अपनी सत्ता छोड़ भारत भागना पड़ा था। इसके बाद से बांग्लादेश में कानून व्यवस्था लगातार खराब होती जा रही है।

# अमेरिका का 51वां राज्य नहीं बना कनाडा तो सीमा ही बदल देंगे ट्रंप?



न्यूयार्क। ट्रंप ने 3 फरवरी को कनाडा के निवर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से दो बार फोन पर बातचीत की। इस दौरान, उन्होंने अमेरिका-कनाडा सीमा को तय करने वाली 1908 की संधि की वैधता पर सवाल उठाया और सीमा रेखा को संशोधित करने की इच्छा जताई। यह संधि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट और ब्रिटेन के राजा एडवर्ड सप्तम के कार्यकाल में हुई थी।

ट्रूडो ने ट्रंप को जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि 1908 की संधि को कनाडाई संविधान द्वारा प्रतिस्थापित किया जा चुका है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि उनके पिता और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री पियरे इलियट ट्रूडो ने देश की संप्रभुता को पूरी तरह स्थापित करने के लिए संविधान को मातहत बनाया और कनाडाई चार्टर ऑफ राइट्स एंड फ्रीडम्स लागू किया।

**ट्रंप ने झीलों और नदियों के समझौतों पर भी उठाए सवाल-** सीमा परिवर्तन के अलावा, ट्रंप ने अमेरिका और कनाडा के बीच झीलों और नदियों के जल बंटवारे से संबंधित समझौतों पर भी दोबारा विचार करने की बात कही। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के इन बयानों ने कनाडाई अधिकारियों को सतर्क कर दिया है, क्योंकि पहले भी वे आर्थिक दबाव के जरिए कनाडा को झुकाने की धमकी दे चुके हैं।

**कनाडा पर टैरिफ और जवाबी कार्रवाई-** ट्रंप ने गुरुवार को कनाडाई उत्पादों पर 25ल तक के कड़े टैरिफ लगाए, जिससे बाजार में हलचल मच गई। हालांकि, आर्थिक अस्थिरता के बढ़ते खतरे को देखते हुए उन्होंने टैरिफ एक महीने के लिए रोक दिए। इसके जवाब में, कनाडा सरकार ने भी 125 अरब कनाडाई डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले नए टैरिफ को 2 अप्रैल तक टाल दिया है।

**गवर्नर ट्रूडो कहकर उड़ाया मजाक-** ट्रंप ने इस हफ्ते फिर से जस्टिन ट्रूडो को गवर्नर ट्रूडो कहकर उनका मजाक उड़ाया और उन पर आरोप लगाया कि वे इस बढ़ते व्यापार युद्ध का इस्तेमाल सत्ता में बने रहने के लिए कर रहे हैं। ट्रूडो 9 मार्च को प्रधानमंत्री पद छोड़ने वाले हैं, लेकिन ट्रंप के कड़े रुख ने अमेरिका-कनाडा संबंधों में नई अनिश्चितता को जन्म दे दिया है।

## आज का इतिहास

1454- इटली के नाविक अमेरिगो वेसपुची का जन्म। उनके नाम पर ही अमेरिका का नाम पड़ा।
1822 - न्यूयॉर्क के चार्ल्स ग्राहम ने पहली बार नकली दांतों का पेटेंट कराया।
1864 - प्रख्यात मराठी लेखक हरि नारायण आप्टे का जन्म।
1915 - प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार डॉ. नागेन्द्र का जन्म।
1934 - सोवियत पायलट और अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन का जन?म।
1945- अमेरिकी एयरफोर्स ने टोक्यो में बम गिराए, बमबारी से लगी आग ने करीब एक चौथाई शहर को जलाकर राख कर दिया और 80 हजार लोगों की जान ली।
1948 - एयर इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना।
1951 - मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का जन्म।
1956 - भारत के प्रसिद्ध राजनयिक शशि थरूर का इंग्लैंड के लंदन में जन्म।
1961 - डमी मानव के साथ रूसी अंतरिक्ष यान स्पूतनिक 9 का सफल प्रक्षेपण हुआ।

## टोरंटो के क्लब में चलीं अंधाधुंध गोलियां मच गया हड़कंप, दर्जनभर लोग घायल

कनाडा के टोरंटो में शुक्रवार रात एक नाइट क्लब में अंधाधुंध गोलियां चल गईं। रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में कम से कम 12 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। वहीं कनाडा की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि घटना रात में करीब 10ः30 बजे की है। यह क्लब प्रोग्रेस अवेन्यू के पास है। पुलिस के मुताबिक कई लोग पब के अंदर भी फंस गए हैं। वहीं घायल होने वाले लोगों की हालत के बारे में भी ठीक से पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद तुरंत इमरजेंसी सेवाएं शुरू की गईं। इसके अलावा इलाके को चारों तरफ से घेर लिया गया है। हालांकि प्रशासन ने कोई भी औपचारिक जानकारी जारी नहीं है। ना ही यह पता चल पाया है कि इस मास शूटिंग के पीछे क्या वजह है। पुलिस का इतना ही कहना है कि आरोपी ने कई लोगों को निशाना बनाया है। इसके अलावा उसकी हुलिया और अन्य कोई भी जानकारी साझा नहीं की गई है। प्रशासन ने आसपास रहने वाले लोगों को सावधान रहने को कहा है। कहा गया है कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखती है तो तुरंत पुलिस को जानकारी दी जाए। टोरंटो के मेयर ओलिविया शो ने कहा, शूटिंग की खबर से हम बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस चीफ की तरफ से आश्वासन दिया गया है कि पूरी ताकत लगाकर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## कोलंबिया यूनिवर्सिटी में लगे थे यहूदी विरोधी नारे, अब डोनाल्ड ट्रंप ने दी सजा

अमेरिका का ट्रंप प्रशासन यहूदी विरोधी भावना को दबाने के लिए लगातार कदम उठाता हुआ नजर आ रहा है। शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन की तरफ से कहा गया कि उसने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के साथ 400 मिलियन डॉलर के अनुबंध को रद्द करने का फैसला लिया है। यूनिवर्सिटी पर आरोप है कि उसने कैंपस में यहूदी विरोधी भावना को दबाने के लिए काम नहीं किया। हालांकि यूनिवर्सिटी ने इन आरोपों के खिलाफ जरुरी कदम उठाने की घोषणा की है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में यहूदी विरोधी भावना को न दबाने का आरोप लगाते हुए न्यूयॉर्क सिटी यूनिवर्सिटी के साथ भी 51 मिलियन डॉलर की डील पर विचार करने का ऐलान किया था। अनुदान को रद्द करने के पहले प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी को दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा था। इसी आधार पर एक नई कमेटी बनाई गई थी। हालांकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पक्ष लेने वालों ने इसे चिंताजनक बताया था। यूनिवर्सिटी ने ट्रंप प्रशासन का भरोसा बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास किए लेकिन प्रशासन इससे खुश नहीं दिखाई दिया और अंत में यह रद्द कर दिए गया। इस फैसले पर विस्तार से बात करते हुए शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कहा कि यदि विश्वविद्यालयों को सरकार से अनुदान प्राप्त करना है तो उन्हें अमेरिका के भेदभाव विरोधी कानूनों का पालन करना होगा। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने अपने यहूदी छात्रों के लिए उस दायित्व को नहीं निभाया है। अमेरिकी प्रशासन के इस फैसले के बाद यूनिवर्सिटी ने बयान जारी करते हुए कहा कि हम कोलंबिया के सभी कानूनों को गंभीरत से लेते हैं। हम समझते हैं कि यह घोषणा हमारे लिए कितनी गंभीर है। हम हमारे परिसर में यहूदी विरोधी भावना से निपटने और अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ईरान ने ब्रिटिश राजदूत को तलब किया, 'तेहरान विरोधी' रुख पर जताया विरोध

**तेहरान, ( आईएएनएस )।** ईरान ने ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हाल ही में अपनाए गए 'तेहरान विरोधी' रुख के खिलाफ ब्रिटिश राजदूत ह्यूगो शॉर्टर को तलब किया। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि ब्रिटिश दूत को ब्रिटिश अधिकारियों के ईरान के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर विरोध जताने के लिए बुलाया गया। ईरानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, ब्रिटिश दूत को वरिष्ठ ब्रिटिश अधिकारियों के ईरान के बारे में निराधार दावों और उनके इस आरोप के खिलाफ विरोध जताने के लिए बुलाया गया था कि तेहरान ब्रिटेन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना चाहता है।

# रूस को भी पसंद नहीं आई डोनाल्ड ट्रंप की बात, यूक्रेन शांति समझौता करने के लिए रखीं कई शर्तें

रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए तीन साल से ज्यादा समय हो चुका है। यूक्रेन की मदद कर रहे अमेरिका के पीछे हटने के साथ ही युद्ध में शांति के आसार नजर आने लगे हैं। लेकिन ऐसे समय में रूस और अमेरिका के बीच भी थोड़ी तनातनी देखने को मिल रही है। क्रेमलिन की तरफ से कहा गया है कि राष्ट्रपति पुतिन शांति समझौते के लिए तैयार हैं लेकिन कुछ शर्तों के साथ।



इससे पहले, ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए लगातार रूस की तरफ से शांति के प्रयासों पर सहमति की बात कही है। लेकिन कल ट्रंप की इन बातों के बाद रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए। राष्ट्रपति ट्रंप से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने रूस पर भरोसा जताते हुए कहा कि राष्ट्रपति पुतिन शांति समझौता चाहते हैं। लेकिन शुक्रवार की सुबह ही राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस को युद्ध न रोकने की स्थिति में तमाम तरह के टैरिफ लगाने की धमकी भी दे डाली। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर रूस को आड़े हाथों लेते हुए ट्रंप ने लिखा कि हम शांति की बात कर रहे हैं और रूस यूक्रेन को मिसाइलों और गोला-बारूद से भरता जा रहा है।

इसका जवाब देने के लिए हम रूस पर कई तरह के प्रतिबंध और लगाने जा रहे हैं। यूक्रेन और रूस दोनों पक्षों के लिए हमारा एक ही संदेश है कि जल्दी से जल्दी आप बातचीत की टेबल पर आइए और शांति स्थापित कीजिए। इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर मीडिया से बात करते हुए रूस की तरीफ भी की थी। उन्होंने कहा कि हम रूस के साथ शांति वार्ता के लिए अच्छे तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम जल्दी ही शांति तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि रूस से बातचीत करना यूक्रेन से बातचीत करने की तुलना में अधिक आसान है। दूसरी तरफ अमेरिका और रूस का बढ़ता याराना यूक्रेन के लिए डर पैदा कर रहा था, लेकिन ट्रंप के रूस को टैरिफ लगाने की धमकी देना शायद कुछ राहत दे। हालांकि कीव में इस मामले के जानकार लोगों के मुताबिक रूस शांति समझौते के लिए नए मापदंड तय करने की कोशिश कर रहा है।

इसलिए उसने अपने हमले तेज कर दिए हैं। समझौते के दौरान रूस इस बात पर जोर देगा कि वह जीती हुई जमीन के किस हिस्से को अपने पास रखेगा।

इससे पहले, जेलेंस्की से ट्रंप की बहस के बाद अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारी इस युद्ध के सिलसिले में मंगलवार को सऊदी अरब में मिलने की तैयारी कर रहे हैं। यूक्रेन के लिए इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संबंधों को बेहतर करके अमेरिका से हथियार और खुफिया जानकारी की सुविधा वापस हासिल करना और भविष्य के लिए दोनों देशों की साझेदारी को आकार देना है। वहीं अमेरिका शांति के लिए प्रयास करेगा, जैसा की राष्ट्रपति ट्रंप पहले भी कह चुके हैं कि वह केवल शांति चाहते हैं।

## सुडोकू 6848

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः बांग्लादेश में बढ़ रही महिलाओं के खिलाफ हिंसा

**चौंकाने वाले आंकड़ों ने खोली यूनुस सरकार की पोल**

**ढाका,( आईएएनएस )।** बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आंकड़ों ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत देश की गंभीर वास्तविकता को उजागर किया है। प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पूरा समाज जागरूक नहीं हुआ तो इस संकट से निपटना बेहद मुश्किल होगा। फौजिया मोस्लेम ने कहा, न्याय की जगह बातचीत ने ले ली है, जिससे महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वालों और व्यवस्था का शोषण करने वालों को अधिक शक्ति मिल रही है। उन्होंने कहा कि आत्मसंतुष्टि, अधिकारियों की चुप्पी, [ जिसमें नेतृत्वकारी भूमिका में महिलाएं भी शामिल हैं, और कानून के प्रति सामान्य उपेक्षा, ये सभी महिलाओं के प्रति बढ़ती दुश्मनी को बढ़ावा दे रहे हैं। देश में कानून व्यवस्था की हालत पिछले अगस्त में सत्ता परिवर्तन के बाद से बेहद खराब है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ढाका स्थित मानवाधिकार सांस्कृतिक फाउंडेशन (एमएसएफ) की एक रिपोर्ट से पता चला है कि फरवरी 2025 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की 295 घटनाएं दर्ज की गईं, जो जनवरी की तुलना में 24 अधिक हैं। देश के प्रमुख दैनिक 'द ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया कि इस्लामी कट्टरपंथी समूह, आतंकवादी और अन्य चरमपंथी तत्व इन घटनाओं में स्पष्ट भूमिका निभाते हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा होता है। विभिन्न व्यवसायों से जुड़ी कुल 21 महिलाओं ने स्थानीय मीडिया को बताया कि पिछले तीन महीनों में उन्हें घर के बाहर यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

ढाका में रहने वाली 19 से 48 वर्ष की आयु की इन महिलाओं ने सड़क पर उत्पीड़न के कई मामलों की सूचना दी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें डर है कि विरोध करने पर वे भीड़ का निशाना न बन जाए। ढाका स्थित मानवाधिकार संगठन ऐन ओ सलीश केंद्र के अनुसार, फरवरी में देश में 46 महिलाएं बलात्कार की शिकार हुईं। पीड़ित 22 18 वर्ष से कम आयु की थीं। जनवरी में यह संख्या 39 थी, जिसमें 15 नाबालिग शामिल थीं। बांग्लादेश में हाल के महीनों में विरोध प्रदर्शनों में उछाल देखा गया है। गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग बढ़ रही है जिन्हें कई लोग देश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार मानते हैं।

## नेपाल में फिर लौट आएगा राजतंत्र? सड़कों पर आ गई भ्रष्टाचार से परेशान जनता

नेपाल में एक बार फिर राजतंत्र की मांग तेज हो गई है। राजशाही का समर्थन करने वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने काठमांडू में एक रैली निकाली। इस रैली में बड़ी संख्या में लोग नेपाल का राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए थे। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र वीर विक्रम शाह ने हाल ही में दावा किया है कि वह एक बार फिर देश के लिए सक्रिय भूमिका में आना चाहते हैं। वहीं बात करें प्रधानमंत्री केपी ओली और नेपाली कांग्रेस चीफ शेर बहादुर देउबा की तो नेपाल का फिर से राजशाही की ओर लौटना संभव ही नहीं है। सीपीए-माओवादी सेंटर के चेयरमैन पुष्पकमल दहल प्रचंड ने भी कहा है कि ज्ञानेंद्र सिंह को जनता को मूर्ख बनाना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर पूर्व राजा को लगता है कि वह बहुत फेमस हैं तो वह अपनी एक पार्टी बना सकते हैं। जनता अगर मौका देगी तो वह फिर से देश की सेवा कर सकते हैं।

**अर्थव्यवस्था भी बदहाल**

आरपीपी के समर्थकों का कहना है कि नेपाल की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसे में लोकतंत्र को हटाकर एक बार फिर राजशाही लागू कर देनी चाहिए।

नेपाल में 2008 तक राजशाही की ही व्यवस्था थी। वहीं राजशाही खत्म होने केबाद काठमांडू के रॉयल पैलेस को म्यूजियम में तब्दील कर दिया गया था। गुरुवार को पोखरा मे ज्ञानेंद्र शाह ने पूर्व राजा वीरेंद्र शाह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। वहां लोगों ने राजशाही का राष्ट्रगान भी गाया। रिपोर्ट्स की मानें तो राजशाही की मांग करने वालों में बड़ी संख्या युवाओं की है।

**मौजूदा व्यवस्था से दुखी हो गए लोग-** नेपाल में जब राजशाही का अंत हुआ था तो जनता को लगता था कि लोकतंत्र में देश और जनता दोनों का बहुत भला होने वाला है। हालांकि अब नेपाल की जनता इस व्यवस्ता से ऊब रही है।

वहीं ज्ञानेंद्र शाह की पॉपुलरिटी एक बार फिर बढ़ रही है। नेपाल की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच भीलोगों का मोहभंग हो गया है। वहीं सरकार की विदेश नीति भी प्रभावी नहीं रही है।

## वर्ग पहेली 6848

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. गर्भपात
३. ऊटपटांग, बेढंगा
५. भवन-निर्माण, अंतःपुर का रक्षक
६. बचकर किनारे से निकलना, कतराना (मुहावरा)
७. भर्त्सना करना
९. सहृदय, संवेदनशील, संजीदा
१०. अफवाह, किंवदंती
१२. पानी, जल
१३. लोहे या लकड़ी, कोयले आदि का चूरा
१४. जिसे अधिकार मिला हो,अधिकारसंपन्न
१६. वायु, हवा
१८. भीतर
२०. सब कुछ जानने वाला, परमेश्वर
२१. व्यापार (उर्दू)
२३. उसी समय का, तुरंत होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**
१. अधीरता,उत्कंठा, अत्यधिक इच्छा
२. एक ही समय में होने या रहने वाला
३. बहुत ज्यादा, प्रचुर
४. पारिश्रमिक
५. जगह की कमी
८. नाटक लिखने या करने वाला
१०. समुद्र
११. चांदी
१२. खिन्न, भग्न हृदय
१३. ऊंचा (उर्दू)
१४. नाराज, नाखुश
१५. आभार, उपकार मानने का भाव
१६. स्तंभ, स्तंभ रूप में बनी इमारत (उर्दू)
१८. कर संपुट
१९. कामदेव की पत्नी
२२. गरम, ऊष्ण, तपा हुआ

### वर्ग पहेली-6847

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ता | ज | २ पो | शी | ■ | ■ | ३ श | ह | ४ ना | ई |
| र | ■ | ख | ■ | ५ अ | ध | र्म | ■ | लं | ■ |
| ६ त | ट | र | क्ष | क | ■ | ७ ना | ते | दा | ८ र |
| म्य | ■ | ■ | ■ | ९ स्मा | र | क | ■ | ■ | द |
| ■ | १० क | दा | ११ चि | त | ■ | ■ | १२ मा | जू | न |
| ■ | ट | ■ | न्हि | ■ | १३ सं | त | री | ■ | प |
| १४ स | रा | १५ हि | त | ■ | प | ■ | १६ च | १७ पे | ट |
| म्मे | ■ | त | ■ | १८ खि | न्न | १९ ता | ■ | ची | ■ |
| २० ल | ल | क | ■ | ल | ■ | २१ र | स | दा | २२ र |
| न | ■ | २३ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | श्मि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**उपचुनाव** चुनाव आयोग बडगाम और नगरोटा सीटों के लिए कर सकता है उपचुनाव की घोषणा

# नेकां और भाजपा ने अपने उम्मीदवार भी कर दिए तय

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, (देशबन्धु)। भारतीय चुनाव आयोग बडगाम और नगरोटा विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की घोषणा करने वाला है। सूत्रों ने बताया कि चुनाव आयोग अब से कभी भी दो सीटों के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। उन्होंने कहा कि इसकी घोषणा इस सप्ताह या अगले सप्ताह की शुरुआत में की जा सकती है।

जानकारी के लिए पिछले साल के चुनाव में बडगाम और गंदरबल सीट जीतने वाले उमर अब्दुल्ला ने 21 अक्टूबर को बडगाम सीट खाली करने का फैसला किया था, जबकि देविंदर सिंह राणा के निधन के कारण 31 अक्टूबर को नगरोटा सीट खाली हो गई थी। दोनों सीटों के लिए चुनाव 20 अप्रैल तक पूरे होने हैं, क्योंकि किसी भी रिक्ति को भरने के लिए उपचुनाव रिक्ति की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर आयोजित किया जाना चाहिए। इसे छह महीने की समयसीमा से आगे केवल तभी विलंबित किया जा सकता है जब भारत का चुनाव आयोग केंद्र सरकार के परामर्श से यह प्रमाणित कर दे कि उक्त अवधि के भीतर उपचुनाव कराना कठिन है।




अधिकारियों का कहना है कि भारतीय चुनाव आयोग जम्मू कश्मीर के बडगाम और नगरोटा विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करने वाला है। इनमें से एक भाजपा और दूसरा नेशनल कांफ्रेंस का गढ़ माना जाता है जिसके लिए दोनों दलों ने उम्मीदवार भी तैयार कर लिए हैं। इनमें से एक केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और स्व भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह राणा की बेटी देवयानी राणा की लांचिंग भाजपा ने नहले ही कर चुकी है। पर बडगाम से मैदान में उतरने जा रहे उमर अब्दुल्ला के बेटे जमीर अब्दुल्ला की लांचिंग अभी नहीं हुई है।

■ **उमर अब्दुल्ला ने 21 अक्टूबर को बडगाम सीट खाली करने का फैसला किया था**
■ **दोनों सीटों के लिए चुनाव 20 अप्रैल तक पूरे होना है**

याद रहे बडगाम सीट उमर अब्दुल्ला द्वारा खाली की गई थी, जिन्होंने गंदरबल के पार्टी गढ़ को बरकरार रखने का फैसला किया था, जबकि नगरोटा सीट भाजपा नेता देविंदर सिंह राणा के निधन के बाद खाली हुई थी। राणा केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के भाई थे। भाजपा जहां देविंदर सिंह राणा की बेटी देवयानी राणा को नगरोटा सीट से अपना उम्मीदवार बना सकती है। हालांकि वहीं सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बडगाम सीट से नेकां का उम्मीदवार कौन होगा। वैसे नेकां ने इस सीट से अपना उम्मीदवार कौन होगा, इस बारे में कोई संकेत तक नहीं दिया है, जिससे राजनीतिक पर्यवेक्षकों और मतदाताओं में व्यापक जिज्ञासा पैदा हो गई है। पर भीतरी सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पिता उमर अब्दुल्ला के साथ चुनाव प्रचार तक सीमित रहे जमीर अब्दुल्ला जम्मू कश्मीर की राजनीति में सक्रिय होने के लिए तैयार हैं।

# खेल जगत

अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है : शास्त्री

**दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले, भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए चेतावनी जारी की, जो टूर्नामेंट में अपने तीसरे खिताब की तलाश में है। भारत के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज की जीत सहित अब तक चार मैचों में अपराजित रिकॉर्ड होने के बावजूद, शास्त्री को लगता है कि ब्लैककैप्स एकमात्र टीम है जो उन्हें हरा सकती है। अनुभवी खिलाड़ी का आकलन गलत नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी नॉकआउट में भारत पर जीत हासिल की है, उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में उनके बीच खेले गए चार में से तीन मैच जीते हैं। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है।



# भारत नया इतिहास रचने के मकसद से उतरेगा




- न्यूजीलैंड के रचिन व विलियमसन पर भारत को लगानी होगी लगाम
- वरुण फाइनल में भी भारत की स्पिन चौकड़ी का तुरुप का इक्का साबित होंगे

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (देशबन्धु)। सदाबहार अनुभवी बल्लेबाजों अनुभवी रोहित शर्मा की अगुआई में रंग में चल रहे चेज मास्टर विराट कोहली अब अजेय भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप ए में 44 रन से जीत को ठीक एक रविवार फाइनल में भी दोहरा जीत के 'पंजे के साथ दुबई में तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट खिताब जीत नया इतिहास रचने के मकसद से उतरेगी। वहीं भारत से ग्रुप ए के आखिरी मैच में मिली हार से पूरी तरह चौकस संतुलित न्यूजीलैंड पलटवार कर फाइनल में हिसाब चुकता कर 25 बरस बाद दूसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने के लिए पूरी शिद्दत से उतरेगी। भारत को न्यूजीलैंड को फाइनल में रोक तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतना है उसे उसके लिए तीन मैचों में दो शतक सहित 226 रन के साथ रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे रचिन रवींद्र और अनुभवी एक शतक जड़ रंग में लौटे चार मैचों में कुल 189 रन बनाने वाले मध्यक्रम के मास्टर केन विलियमसन पर लगाम लगानी होगी। भारत को आधे अधूरे मौकों को कैच में बदलने में माहिर न्यूजीलैंड चुस्त फील्डर ग्लेन फिलिप्स और माइकल ब्रेसवल और और केन विलियमस ने चौकस रहना होगा जो कि अपनी मुस्तैद फील्डर से 30 रन बचाकर मैच का नतीजा बदलने का दम रखते हैं।

रोहित शर्मा की अगुआई में भारत

**समय 2:30**

**स्थान : दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम**

2023 में वन डे विश्व कप में न्यूजीलैंड पर लीग और सेमीफाइनल सहित लगातार दस मैच जीत कर बस फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार गया और उसका तीसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया। विराट कोहली ने तीन शतकों और छह अर्द्धशतकों की मदद से भारत के लिए 2023 में वन डे विश्व कप में फाइनल में हारने के बावजूद सबसे 765 रन बनाए थे और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 24 विकेट चटकाए थे। 2025 की मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में सेमीफाइनल सहित चार मैचों में भारत के लिए एक शतक और एक अर्द्धशतक सहित चेज मास्टर विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 217 रन बनाए हैं जबकि पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ पांच और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन विकेट सहित मोहम्मद शमी ने मौजूदा संस्करण में अब तक चार मैचों में सबसे ज्यादा आठ विकेट लिए हैं। भारत सबसे सधा प्रदर्शन करने वाली न्यूजीलैंड टीम के दुबई की पिच के मिजाज से भी वाकिफ होने के कारण उसके खिलाफ जरा सी भी ढील से बचना चाहेगी। भारत के गेंदबाजों ने मौजूदा संस्करण में अब तक चार मैचों में कुल 37 विकेट चटकाए हैं और इनमें से 21 -वरुण चक्रवर्ती(दो मैच सात विकेट), बाएं हाथ के तीन एकदम जुदा कुलदीप यादव (4 मैच 5 विकेट), अक्षर पटेल , चार मैच पांच विकेट) व रवींद्र जडेजा (4 मैच चार विकेट)-की उसकी स्पिन चौकड़ी और बाकी 16 विकेट उसके लिए मौजदा संस्करण में सबसे ज्यादा चार मैचों में आठ विकेट चटकाने वाले मोहम्मद शमी , हार्दिक पांडया(चार मैच, 4 विकेट) और हर्षित राणा(दो मैच, चार विकेट)- तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति ने मिल कर चटकाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट चटकाने वाले मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फाइनल में भी बेशक भारत की स्पिन चौकड़ी का तुरुप का इक्का साबित होंगे।

## भारत ने आईसीसी टूर्नामेंट में अपने 86 में से 70 मैच जीते

भारत और न्यूजीलैंड आईसीसी टूर्नामेंट में दो सबसे ज्यादा सधा प्रदर्शन करने वाली टीमे हैं। भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों मे अब तक खेले 86में 70 मैच जीते हैं जो कि दूसरे स्थान पर चल रही ऑस्ट्रेलिया(49 जीत) और संयुक्त से तीसरे स्थान पर चल रही न्यूजीलैड (45 जीत) और दक्षिण अफ्रीका (45 जीत) से बहुत ज्यादा है। भारत2011 से हुए 14 आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट में 2012 अर 2021 के टी 20 विश्व कप के फाइनल को छोड़कर बाकी सभी में नॉकआउट में पहुंचा है। भारत 12 बार आईसीसी टूनामेंट में चार बार सेमीफाइनल में हारा और पांच बार उपविजेता रहा जबकि तीन बार वह खिताब जीतने में कामयाब रहा भारत के पास रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई में चौथा खिताब जीतने का मौका है। दूसरी ओर न्यूजीलेंड की टीम ने जरा ज्यादा सधा प्रदर्शन किया और चार बार सेमीफाइनल तीन बार उपविजेता ओर 2021 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को हरा खिताब जीतने सहित कुल आठ बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट में जगह बनाई है। भारत और पाकिस्तान से ज्यादा दुनिया की कोई भी अन्य टीम आईसीसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। भारत की टीम इस दौराप सफेद गेंद से खेले टूर्नामेंट में पांच बार बिना कोई मैच हारे नॉकआउट में पहुंची और उसने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और 2024 में आईसीसी टी 20 विश्व कप जीता।

## भारत का 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल तक का सफर

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (5/53) के गेंद से पंजे और शुभमन गिल के अविजित 101 की मदद भारत ने ग्रुप ए में अपने पहले मैच में बांग्लादेश को छह विकेट से हराया। विराट कोहली के अविजित शतक , शुभमन गिल की 46 व श्रेयस अय्यर की 56 रन की पारियों और कुलदीप यादव द्वारा चटकाए तीन विकेट से भारत ने दूसरे मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को छह विकेट से हराया। श्रेयस अय्यर(79) और हार्दिक पांडया (45) की बढ़िया पारियों तथा वरुण चक्रवर्ती के गेंद से पंजे और उनकी अगुआई में अपनी स्पिन चौकड़ी द्वारा आपस में बांटे नौ विकेट की बदौलत केन विलियमसन की 81 रन की पारी के बावजूद भारत ने न्यूजीलैंड को ग्रुप ए के आखिरी मैच में 44 रन से हराया। विराट कोहली की 84 रन की बेहतरीन पारी तथा मोहम्मद शमी द्वारा चटकाए तीन विकेट की बदौलत भारत ने विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनलमें चार विकेट से हराया।

# गांगुली ने भारत को जीत का प्रबल दावेदार बताया



**मध्यग्राम उत्तर 24 परगना** , 8 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय कप्तान और बंगाल टाइगर के नाम से मशहूर सौरव गांगुली ने रविवार को होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को प्रबल दावेदार बताते हुए कहा कि भारत जीतेगा। भारत और न्यूजीलैंड रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भिड़ेंगे। इस मुकाबले में गांगुली भारत की जीत को लेकर आश्वस्त हैं। सौरव गांगुली ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जो भी अच्छा खेलेगा, वो ट्रॉफी जीतेगा। विराट कोहली और रोहित शर्मा को बड़ा खिलाड़ी बताते हुए गांगुली ने कहा कि इन पर भारत की जीत का दारोमदार रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में शुभमन गिल, विराट, श्रेयस अय्यर, रोहित और केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। गांगुली ने कहा कि भारत ने 2023 वर्ल्ड कप का फाइनल खेला, 2024 में टी20 विश्व कप जीता और इस चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक अपराजित है, इसलिए मेरी नजर में भारत दावेदार है। लेकिन जो टीम अच्छा खेलेगी, वो जीतेगी। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड टीम की बल्लेबाजी अच्छी है लेकिन भारतीय गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : साइकिल रैली हमारी नारी शक्ति का प्रमाण

## साइकिल रैली में मांडविया के साथ मंत्री, एथलीट शामिल हुए

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (एजेंसियां)। शनिवार को तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष साइकिल रैली में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के साथ राज्य के खेल मंत्री, एथलीट और प्रशासक शामिल हुए।

रैली को हरी झंडी दिखाने के दौरान बोलते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि यह साइकिल रैली हमारी नारी शक्ति का प्रमाण है, जो खेलों और उससे परे महिलाओं के दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती है। चिंतन शिविर के दौरान आयोजित इस साइकिल रैली में राज्य के मंत्रियों और प्रमुख



हितधारकों की राष्ट्रीय बैठक में 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी और 2036 ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी की बोली पर चर्चा की गई। इस साइकिल रैली में कल्याण और आध्यात्मिक केंद्र कान्हा शांति वनम के सदस्यों की गहरी दिलचस्पी देखी गई। महिला दिवस के अवसर पर मांडविया, सचिव (खेल) सुजाता चतुर्वेदी और पूर्व ओलंपियन और बैडमिंटन स्टार पुलेला गोपीचंद ने अन्य प्रमुख एथलीटों के साथ अस्मिता न्यूजलेटर लॉन्च किया। न्यूज़लेटर 2021 में सरकार द्वारा शुरू किए गए 'महिलाओं के लिए खेल' मिशन का सार प्रस्तुत करता है। न्यूजलेटर अस्मिता लीग की अद्भुत पहुंच और कैसे वे उन युवा महिलाओं के जीवन को बदल रहे हैं जो खेल को करियर के रूप में अपनाने की आकांक्षा रखती हैं, पर भी प्रकाश डालता है। पूर्व ऑल-इंग्लैंड चैंपियन गोपीचंद, जिन्होंने साइना नेहवाल और पीवी सिंधु जैसे ओलंपिक पदक विजेताओं को कोचिंग दी है, ने कहा कि जैसा कि वे कहते हैं कि महिलाओं ने भारत के लिए अधिक ओलंपिक पदक जीते हैं और यह उचित है कि उन्हें और भी अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## कबड्डी खिलाड़ी हस्ती वेगड़ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लैंगिक समानता पर दिया जोर

**राजकोट।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के राजकोट की रहने वाली कबड्डी खिलाड़ी हस्ती वेगड़ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लड़कों और लड़कियों को समान बताते हुए समाज में समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में लड़कियां कई क्षेत्रों में लड़कों से भी आगे बढ़ चुकी हैं और यह बदलाव दिखाता है कि महिलाओं के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। हस्ती ने महिला दिवस के अवसर पर अपने परिवार का भी धन्यवाद किया और बताया कि उनके छोटे भाई की तुलना में उन्हें अधिक सुविधाएं और समर्थन मिला, जिससे वे इस मंच तक पहुंच पाई हैं। वे सभी माता-पिता को संदेश देती हैं कि अपनी बेटियों को किसी भी क्षेत्र में अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर दें।

## सार संक्षेप

### अजारेंका को हराकर झेंग इंडियन वेल्स के तीसरे दौर में

**कैलिफोर्निया।** चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने बेलारूस की पूर्व विश्व नंबर 1 विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग ने शुक्रवार को अजारेंका के खिलाफ अपने तीन मुकाबलों में पहली जीत हासिल की। ??पहले दौर में बाई प्राप्त करने के बाद झेंग ने यहां अपने अभियान की मजबूत शुरुआत की। झेंग ने कहा कि यह पहली बार है जब मैंने अजारेंका को हराया है, वह इतनी शानदार खिलाड़ी हैं। मैंने उनके साथ बहुत सारी रैली की क्योंकि अजारेंका बहुत सुसंगत हैं। अगर मैं अपना मौका नहीं लेती, तो आप दूसरे सेट में देख सकते हैं, मैं 2-0 से आगे था, लेकिन उसने वापसी की। इस बीच, वांग झिन्यू ने लातविया की जेलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-4 से हराया और तीसरे दौर में अपनी हमवतन झेंग के साथ शामिल हो गईं। एटीपी 1000 इंडियन वेल्स मास्टर्स के दूसरे दौर में, चीन की बु युंचाओकेटे रूस के पांचवें वरीय डेनियल मेदवेदेव से 6-2, 6-2 से हार गईं।

### सांचेज, अरंगुइज विश्वकप क्वालीफायर के लिए चिली की टीम में वापसी

**सैंटियागो।** अनुभवी एलेक्सिस सांचेज और चार्ल्स अरंगुइज को पैराग्वे और इक्काडोर के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए चिली की टीम में वापस बुलाया गया है। फॉरवर्ड सांचेज ने पिछले साल जून से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है, जबकि मिडफील्डर अरंगुइज ने आखिरी बार अक्टूबर 2023 में रोजा के लिए खेला था। चिली फुटबॉल महासंघ ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा है कि मैनेजर रिकार्डो गारेका ने अर्जेंटीना में जन्मे फॉरवर्ड फर्नांडो ज़म्पेड्री को भी अपने 24 सदस्यीय दल में शामिल किया है। 37 वर्षीय फर्नांडो को पिछले महीने चिली की नागरिकता दी गई थी। ज़म्पेड्री ने अर्जेंटीना के रोसारियो सेंट्रल से चिली के क्लब में 2020 में आने के बाद यूनिवर्सिडैड कैटोलिका के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 122 गोल किए हैं।

# एशियन क्रिकेट काउंसिल बोर्ड में राजीव शुक्ला और आशीष शेलार की नियुक्ति

नई दिल्ली, 8 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के बोर्ड में अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति की घोषणा की है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की ओर से शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, बीसीसीआई को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि श्री जय शाह के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष बनने के बाद एशियाई क्रिकेट काउंसिल बोर्ड में उनकी सीट रिक्त हो गई थी। जय शाह हाल ही में एसीसी के अध्यक्ष थे और उनके नए पद ग्रहण करने के कारण एसीसी बोर्ड में एक स्थान खाली हुआ। बीसीसीआई की ओर से राजीव शुक्ला को एसीसी बोर्ड में कार्यकारी बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

# भारत इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है टॉस मायने नहीं रखेगा : लालचंद राजपूत

**नई दिल्ली,** 8 मार्च (एजेंसियां)। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के चारों टॉस हारने के बावजूद, रोहित शर्मा की टीम आठ टीमों की प्रतियोगिता में एकमात्र अपराजित टीम के रूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में उतरेगी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत का मानना है कि टॉस का नतीजा फाइनल में ज्यादा मायने नहीं रखेगा क्योंकि भारत की बल्लेबाजी अच्छी चल रही है। राजपूत ने दुबई में कहा कि हम अच्छी तरह से लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। मुझे लगता है कि फाइनल में, निश्चित रूप से वह टीम जीतेगी जो टॉस जीतेगी। मुझे लगता है कि वे पहले बल्लेबाजी करेंगे क्योंकि फाइनल में किसी भी लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा चिंताजनक होगा। लेकिन अब भारतीय टीम इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रही है कि मुझे नहीं लगता कि टॉस बहुत मायने रखता है। वर्तमान में यूएई के मुख्य कोच राजपूत को लगता है कि जहां तक फील्डिंग का सवाल है, न्यूजीलैंड भारत से आगे है। फील्डिंग एक ऐसी चीज है जिस पर दोनों टीमों को वाकई काम करना होगा। लेकिन यहां मैं न्यूजीलैंड की फील्डिंग को तरजीह दूंगा क्योंकि वे बेहतरीन हैं, खासकर ग्लेन फिलिप्स और यहां तक कि विलियमसन, पिछले मैच में उन्होंने जो कैच लिया था। राजपूत ने कहा कि ग्लेन फिलिप्स, मुझे लगता है, उनका शरीर बिल्कुल रबर जैसा है वे बस डाइव लगाते हैं और फिर हवा से कुछ शानदार कैच पकड़ते हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि उनकी फील्डिंग की वजह से वे मैदान पर 15-20 रन और कैच बचा लेते हैं। लेकिन हमारी फील्डिंग भी बहुत अच्छी है। हमारे पास शानदार फील्डर भी हैं -जडेजा, अक्षर पटेल, फिर श्रेयस अय्यर, विराट को देखिए - उन्हें मत भूलिए क्योंकि वे अभी भी सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में से एक हैं। इसलिए, फील्डिंग अहम होगी।


इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय, सिविल लाइंस, जबलपुर - 482001
Ph: 0761-2624977. Email: zojabalpur@indianbank.co.in
परिशिष्ट - IV-A {( नियम- 9(1 )} अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन )नियम, 2002 के नियम 9 ( 1 ) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम , 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। यह नोटिस आम जनता एवं उधारकर्ता ( ओं )/गारंटीकर्ता ( ओं ) के लिए नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो कि सुरक्षित लेनदार को गिरवी /चार्ज की गई है, जिसका कब्जा इंडियन बैंक शाखा द्वारा ले लिया गया है, सुरक्षित लेनदार द्वारा राशियों और देय ब्याज की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई नीलामी द्वारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ई-नीलामी मोड के माध्यम से बिक्री के लिए लाई जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है।

ई-निलामी की तिथि एवं समय
26-03-2025 11.00 AM TO 4.00 PM


| क्र. | शाखा का नाम<br>खाते का नाम<br>ऋणि का नाम/ प्रोप./निदेशक/पार्टनर<br>गारंटर / गिरवी रखने वाला | ई-निलामी हेतु<br>संपत्ति का विस्तृत विवरण | बकाया राशि<br>सम्पत्ति पर अन्य ऋण भार<br>कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य<br>ई.एम.डी. राशि<br>बिड बढ़ाने राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाहपुरा भिटोनी शाखा<br>1. मैसर्स संकल्प ढाबा ( प्रोप्राईटर )<br>यूनिट का पता- एनएच 45, कैथरा, पोंडी, घुंसौर, शाहपुरा भिटोनी, जबलपुर म.प्र.- 483119<br>2. श्री नागेंद्र सिंह ठाकुर पुत्र श्री विजय सिंह ठाकुर ( उधारकर्ता, मालिक और गिरवीकर्ता )<br>पता- मकान नंबर 244/4, वार्ड नंबर-12, खैरी, शाहपुरा भिटोनी, जबलपुर म.प्र.- 483119 ( उधारकर्ता/गारंटर )<br>Contact Person - Mr. Sandeep Kumar (BM) - 9720154594 | अचल सम्पत्ती के समस्त भू-भाग, अंश व सभी भवनों और भविष्य में उस पर निर्माण, खसरा नंबर 57/1/1 ( क्षेत्र - 1800 वर्गफुट ), मौजा- पोंडी, ग्राम पंचायत घुंसौर, पीएच नंबर 39, रा.नि.मं. शहपुरा, तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर, श्री नागेंद्र सिंह ठाकुर के नाम पर है।<br>सीमाएँ - पूर्व - सुश्री सुषमा प्रजापति का प्लाट, पश्चिम- विक्रेता का शेष प्लाट, उत्तर- श्री रामराज सिंह का प्लाट, दक्षिण - NH-12 ( जबलपुर - भोपाल )<br>Prop. Id. - IDIB30526366715 | Rs. 19,56,354 /-<br>(as on 13.03.2024)<br>+ interest and other expenses<br>ज्ञात नहीं<br>सांकेतिक कब्जा | Rs 14,50,000.00<br>Rs 1,45,000.00<br>Rs 10,000/- |
| 2. | कुशनेर शाखा<br>उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता -<br>1. श्रीमती प्रतिमा मिश्रा, पत्नी श्री प्रदीप मिश्रा,<br>पता- 615/1, सी.ओ.डी. कालोनी, सरस्वती विद्यालय के सामने, सुहागी, जबलपुर ( म.प्र. )-482004<br>2. श्री प्रदीप मिश्रा, पुत्र श्री चन्द्र भूषण मिश्रा<br>पता:- 615/1, सीओडी कालोनी, सरस्वती विद्यालय के सामने, सुहागी, जबलपुर ( म.प्र. )-482004<br>Contact Person - Mr. Ashwin John Tirkey (BM) - 9111025177 | मौजा पनागर, एन.बी. में स्थित भूमि संपत्ति नं.212, पी.एच. क्रमांक 8/19 नवीन 19, खसरा क्रमांक 208 का भाग, निजी भूखंड क्रमांक 20, क्षेत्रफल 50X50=2500 वर्ग. फुट., तहसील पनागर, जिला. जबलपुर, मध्य प्रदेश की सभी इमारतें और निर्माण श्रीमती प्रतिमा मिश्रा के नाम पर हैं।<br>सीमाएं- उत्तर- प्लाट नंबर 19, दक्षिण- प्लाट नंबर 21, पूर्व- श्रीमती द्रोपतीबाई की संपत्ति, पश्चिम- साइड रोड<br>Prop. Id. - IDIB30172864290 | Rs. 16,08,543.00 /-<br>(as on 15.07.2022)<br>+ interest and other expense<br>ज्ञात नहीं<br>भौतिक कब्जा | Rs 12,50,000/-<br>Rs 1,25,000/-<br>Rs 10,000/- |
| 3. | राइट टाउन शाखा<br>मैसर्स सीएफसी, प्रो.- श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री रुप नारायण शर्मा 1-, दीक्षित एन्क्लेव, बंदरिया तिराहा जबलपुर (उधारकर्ता), श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री रुप नारायण शर्मा ई-13 त्रिवेणी ग्रीन रेजीडेंसी पोलीपाथर, ग्वारीघाट, जबलपुर (मालिक/उधारकर्ता) और श्री दुर्गेश शर्मा पुत्र श्री रुप नारायण शर्मा, ई-13 त्रिवेणी ग्रीन रेजीडेंसी पोलीपाथर, ग्वारीघाट, जबलपुर, (गारंटर/बंधककर्ता)<br>Contact Person - Mr. Bhabatosh Sahu (BM) - 8457973494 | ड्रीम सिटी, रामदेव डेवलपर्स कॉलोनी प्लॉट नं.- 282, खसरा नं.- 172/2 का हिस्सा, मौजा- रिमझा, एन.बी. 397, आरएनएम- महाराजपुर, तहसील- पनागर, अब अधारताल, जिला- जबलपुर में स्थित आवासीय भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 20 x 50 = 1000 वर्ग फीट है, श्री दुर्गेश शर्मा पुत्र श्री रुप नारायण शर्मा के नाम पर है। सीमाएं: उत्तर - सड़क दक्षिण - भूखंड नं.- 319 पूर्व - भूखंड नं.- 281, पश्चिम - भूखंड नं.- 283<br>Prop. Id. - IDIB30140854685 | Rs. 10,96,346 /-<br>(as on 01.06.2017)<br>+ interest and other expenses<br>ज्ञात नहीं<br>भौतिक कब्जा | Rs 10,50,000/-<br>Rs 1,05,000/-<br>Rs 10,000/- |

बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (https://baanknet.com) पर जाएं। लिमिटेड ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए। तकनीकी सहायता के लिए कृपया 8291220220 पर कॉल करें। पंजीकरण स्थिति और ईएमडी स्थिति के लिए कृपया support.baanknet@psballiance.com पर ईमेल करें।
संपत्ति के विवरण और संपत्ति की तस्वीर और नीलामी के नियमों और शर्तों के लिए कृपया देखें: https://baanknet.com और इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड, संपर्क नंबर 8291220220 से संपर्क करें। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे https://baanknet.com वाली वेबसाइट पर संपत्ति खोजते समय ऊपर उल्लिखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।
दिनांक : 09/03/2025
प्राधिकृत अधिकारी , इंडियन बैंक


# वॉटसन ने चार मैचों में जड़ा तीसरा शतक

## ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को 137 रनों से हराया

**वडोदरा,** 8 मार्च (एजेंसियां)। कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। शेन वॉटसन का बल्ले से दबदबा उनमें से एक है। ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के कप्तान ने वर्षों पीछे लौटते हुए चार मैचों में अपना तीसरा शतक बनाया और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स के आक्रमण को ध्वस्त करते हुए अपनी टीम को 137 रनों की शानदार जीत दिलाई और टूर्नामेंट के वडोदरा लेग को शानदार तरीके से समाप्त किया।



टूर्नामेंट के पहले दो मैच हारने के बाद, वॉटसन एंड कंपनी ने ऑस्ट्रेलियाई भावना की यादों को ताजा करते हुए जीत दर्ज की। बल्लेबाजी करने उतरे वॉटसन ने इंडिया मास्टर्स के खिलाफ पिछले मैच की तरह ही शानदार प्रदर्शन किया और अपने शानदार पुल तथा सहज लॉफ्टेड ड्राइव से ऐसा लगा जैसे वे अपने उस दौर में वापस लौट गए हों, जब उन्होंने कभी विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े मंचों पर राज किया था। जैसे ही उन्होंने बीसीए स्टेडियम में अपना बल्ला उठाया, प्रशंसक ऑस्ट्रेलियाई टीम में उनकी बेहतरीन पारियों की यादों को ताजा करने से खुद को रोक नहीं पाए। ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स की पारी की शुरुआत करने के लिए कैलम फर्ग्यूसन (नाबाद 85) के साथ विकेट पर आए वॉटसन ने मैच को दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स की पकड़ से दूर कर दिया,।

इस दोनों की ओपनिंग साझेदारी ने मात्र 15 ओवरों में 186 रन बनाए। इससे पहले कप्तान ने पिछले मैच के साथी शतकवीर बेन डंक (नाबाद 34) के साथ मिलकर 74 रन बनाए और टीम को 260/1 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। नौ चौकों और इतने ही गगनचुंबी छक्कों के साथ वॉटसन ने दिखाया कि उनको अपने समय के सबसे खतरनाक ऑलराउंडरों में से एक क्यों माना जाता है।

| SENSEX | BSE 74332.58 ▼ 7.51 | NSE 22552.50 ▲ 7.80 | MCX Gold 85820 ▼ 57 | silver 97280 ▲ 79 |
|---|---|---|---|---|



# [ अर्थ जगत

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट, स्वर्ण भंडार भी घटा

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 543.35 अरब डॉलर रह गईं।



# भारत को अमेरिका के साथ सभी वार्ताओं से हट जाना चाहिए: जीटीआरआई



*नई दिल्ली। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने शनिवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ सभी बातचीत से हट जाना चाहिए। साथ ही ट्रंप प्रशासन के साथ चीन और कनाडा जैसे देशों की तरह पेश आना चाहिए।*

जीटीआरआई के फाउंडर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका भारत पर उन व्यापारिक मांगों को मानने के लिए भारी दबाव डाल रहा है जो ज्यादातर अमेरिकी हितों के पक्ष में हैं। जीटीआरआई के फाउंडर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अधिकारी ज्यादातर गलत आंकड़ों का इस्तेमाल करके सार्वजनिक रूप से भारत का अपमान कर रहे हैं। ऐसे हालात में कोई भी संतुलित नतीजा संभव नहीं है। भारत को सभी बातचीत से हट जाना चाहिए और दूसरे देशों की तरह उनके साथ व्यवहार करने की तैयारी करनी चाहिए।

**ट्रंप ने कहा- भारत का पर्दाफाश किया-** ट्रंप पिछले कुछ समय से भारत के बारे में कई तरह की बाते कर रहे हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने पर सहमति जताई है। वह इसलिए क्योंकि उनके प्रशासन ने भारत की नीतियों का पर्दाफाश कर दिया है। श्रीवास्तव ने कहा, यह बिल्कुल गलत है और भारत पर दबाव बनाने के लिए है। भारत की चुप्पी हैरान करने वाली है और भारत को तथ्यों के साथ इसका जवाब देने की जरूरत है। पूरी दुनिया देख रही है कि ट्रंप और उनके अधिकारी रोजाना भारत को नीचा दिखाते हैं।

**चीन और कनाडा ने क्या उठाए कदम?-** अमेरिका ने चीन, कनाडा, मैक्सिको और भारत पर टैरिफ लगाने की बात कही है। ट्रंप ने चीन पर 20 फीसदी और कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। वहीं भारत पर भी रेसिप्रोकल टैरिफ का कहा था। ट्रंप की इस घोषणा के बाद चीन और कनाडा ने पलटवार किया है। कनाडा ने भी 30 अरब कनाडाई डॉलर मूल्य के अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगा दिया है। साथ ही अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 25 फीसदी अतिरिक्त सरचार्ज लगाया है। वहीं चीन ने अमेरिका पर उतना ही टैरिफ लगाया है जितना की अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर लगाया है।

## क्या है अमेरिका की डील?

अमेरिका ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उत्पाद-दर-उत्पाद व्यवस्था के बजाय एक बड़े और व्यापक व्यापार समझौते का प्रस्ताव रखा है। जीटीआरआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक व्यापक व्यापार समझौता न केवल टैरिफ में कटौती पर, बल्कि सरकारी खरीद, कृषि सब्सिडी, पेटेंट कानूनों और अप्रतिबंधित डेटा प्रवाह पर भी अमेरिकी मांगों के लिए दरवाजे खोल देगा। भारत इसका लगातार विरोध करता रहा है। इसमें सुझाव दिया कि भारत बदले के दृष्टिकोण के तहत 90 फीसदी से अधिक औद्योगिक वस्तुओं को कवर करने वाली एक व्यापक पारस्परिक टैरिफ व्यवस्था पर विचार करे। ऐसे में भारत तभी टैरिफ खत्म करेगा जब अमेरिका भी ऐसा ही करे।

# शुल्क बढ़ोतरी से अमेरिका को भारतीय निर्यात हो सकता है प्रभावित: एक्जिम बैंक



*मुंबई । भारतीय निर्यात-आयात बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीमा शुल्क की दरों पर अमेरिका के बदले रुख से अमेरिका को किए जाने वाले भारतीय निर्यात पर असर पड़ सकता है।*

एक्जिम बैंक की उप प्रबंध निदेशक दीपाली अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि बैंक ने दो अप्रैल से भारतीय उत्पादों पर अधिक सीमा शुल्क लगाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान से पड़ने वाले असर को लेकर बैंक ने केंद्र सरकार को अपनी राय दे दी है। हालांकि उन्होंने एक्जिम बैंक की तरफ से सरकार को दी गयी सूचना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने बैंक के एक कार्यक्रम के दौरान कहा, भारतीय निर्यात का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को जाता है। इस फैसले का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि मांग किस तरह की आ रही है।

उन्होंने कहा, यह भी समझने की जरूरत है कि ये अमेरिका के नए प्रशासन के तहत लिए गए निर्णय या घोषणाएं हैं और हमें इन निर्णयों के सटीक प्रभाव को मापने के लिए कुछ समय देने की जरूरत है। बैंक अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन को उन उपभोक्ताओं की ओर से कुछ आंतरिक मांगें भी महसूस हो सकती हैं जो आयात पर निर्भर हैं और शुल्क बढ़ोतरी के कारण कुछ उत्पादों को खोने का जोखिम पैदा हो सकता है। इसके साथ ही अग्रवाल ने कहा कि रुपये के मूल्य में आई गिरावट के पहलू पर भी गौर किया जाना चाहिए।

# स्पाइसजेट के खिलाफ तीन विमान पट्टेदारों, पूर्व पायलट ने दीवाला याचिका दायर की



**नयी दिल्ली ।** एयरलाइन स्पाइसजेट को नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आयरलैंड के तीन विमान पट्टेदारों और एक पूर्व पायलट ने उसके खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दायर की है, जिसमें चूक का दावा किया गया है। तीन विमान पट्टा कंपनियों - एनजीएफ अल्फा, एनजीएफ जेनेसिस और एनजीएफ चार्ली ने आईबीसी की धारा 9 के तहत याचिका दायर की है, जिसमें स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है।

याचिका में कुल 1.26 करोड़ डॉलर (लगभग 110 करोड़ रुपये) का बकाया होने का दावा किया गया है। स्पाइसजेट ने इसी सप्ताह राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की कार्यवाही के दौरान मामले को सुलझाने के लिए कुछ समय मांगा था, क्योंकि निपटान वार्ता चल रही थी। एनसीएलटी ने एक आदेश में कहा, परिचालन ऋणदाता (स्पाइसजेट) की ओर से वकील मौजूद हैं और मामले में भविष्य में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में निर्देश प्राप्त करने के लिए समय मांगा है। न्यायाधिकरण ने तीनों याचिकाओं को अगली सुनवाई के लिए सात अप्रैल, 2025 को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पट्टेदारों ने पहले स्पाइसजेट को पांच बोइंग 737 पट्टे पर दिए थे। उन्होंने स्पाइसजेट को कानूनी नोटिस भेजा था, जिसमें उन्होंने इंजन सहित विमान के कुछ हिस्सों की चोरी और उन्हें दूसरे विमानों में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा, पायलट द्वारा दायर याचिका के संबंध में, दो सदस्यीय एनसीएलटी पीठ ने पूछा कि क्या दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 10ए के तहत पायलट के दावों पर रोक है। एनसीएलटी ने कहा, रिचालन ऋणदाता की ओर से वकील मौजूद हैं और उन्होंने विशेष रूप से कुछ दावा राशि के संबंध में धारा 10ए की प्रयोज्यता और सीमा के मुद्दे के संबंध में मुद्दे की जांच करने के लिए समय मांगा है।

# महिलाओं को कम ब्याज दरों पर मिलेगा बिना गारंटी वाला लोन

## एसबीआई ने नारी शक्ति प्लैटिनम डेबिट कार्ड भी किया पेश

*नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से एक दिन पहले महिलाओं के लिए एक बड़ा ऐलान किया। भारतीय स्टेट बैंक ने महिला उद्यमियों के लिए कम ब्याज दर के साथ बिना गारंटी वाले लोन की पेशकश की। एसबीआई ने खास महिला उद्यमियों के लिए शुरू किए जाने वाले इस प्रोडक्ट को अस्मिता नाम दिया है।*



बैंक की इस पहल का मकसद महिलाओं को कम ब्याज दर वाले फाइनेंस का ऑप्शन मुहैया कराना है, ताकि उन्हें अपना बिजनेस शुरू करने में पैसों से जुड़ी कोई दिक्कत न हो। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने इस मौके पर कहा कि नई पेशकश से महिलाओं के नेतृत्व वाली माइक्रो, स्मॉल और मीडियम यूनिट्स को जल्दी और आसानी से कर्ज मिलेगा। एसबीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय टोंस ने नई पेशकश को तकनीकी नवाचार और सामाजिक समानता का प्रतीक बताया। पब्लिक सेक्टर के सबसे बड़े बैंक ने इसके साथ ही रुपे द्वारा संचालित नारी शक्ति प्लैटिनम डेबिट कार्ड भी पेश किया, जिसे विशेष रूप से महिलाओं के लिए तैयार किया गया है।

**बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी महिलाओं के लिए किया बड़ा ऐलान-** एसबीआई के साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी शुक्रवार को भारतीय मूल की महिलाओं के लिए बॉब वैश्विक महिला एनआरई और एनआरओ बचत खाता पेश किया। इसमें महिला ग्राहकों को डिपॉजिट पर ज्यादा ब्याज, कम प्रोसेसिंग फीस के साथ कम दरों पर होम लोन और व्हीकल लोन के साथ-साथ लॉकर के किराए पर भी छूट जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। बैंक ने कहा कि संशोधित बॉब प्रीमियम एनआरई और एनआरओ बचत खाता कई सुविधाओं के साथ आता है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 87 |
| एक यूरो | 94. 42 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 112 . 81 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54· 72 |
| एक जापानी येन | 0· 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-124 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -55 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 88300 चांदी -99000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 88300 चांदी -99000

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# 3 दिन में 8600 कारों की बिक्री...! क्या टेस्ला ने सब्सिडी के लिए कनाडा में किया खेल? सरकारी जांच शुरू





*नई दिल्ली। अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ को लेकर छिड़ी जंग में एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का एक कारनामा सामने आया है। कनाडा में टेस्ला की गाड़ियों की बिक्री में अचानक तेजी आई है। हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक इस तेजी की वजह से सरकारी जांच शुरू हो गई है।*

मामला ईवी सब्सिडी से जुड़ा है। मोटर इलस्ट्रेटेड की रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी में ईवी सब्सिडी प्रोग्राम बंद होने से ठीक पहले टेस्ला की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया। सिफ तीन दिनों में टेस्ला ने कनाडा के चार अलग-अलग जगहों पर 8600 से ज्यादा कार बेच दीं। इससे कंपनी को 43 मिलियन डॉलर (करीब 375 करोड़ रुपये) की सब्सिडी मिली।

**बिक्री पर उठे सवाल-** टोरंटो के एक शोरूम में 11 जनवरी को एक ही दिन में 1200 से ज्यादा गाड़ियां बिक गईं। इससे उस शोरूम को 4 मिलियन डॉलर की सब्सिडी मिली। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या ये बिक्री असली थीं? क्या टेस्ला को सब्सिडी प्रोग्राम बंद होने की पहले से जानकारी थी? इंडस्ट्री के जानकार इस मामले पर चिंता जता रहे हैं।

**सब्सिडी का गलत इस्तेमाल-** कैनेडियन ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने ट्रांसपोर्ट कनाडा से इस मामले की जांच करने की अपील की है। उनका कहना है कि सब्सिडी सिस्टम का गलत इस्तेमाल हुआ है। सरकार ने 13 जनवरी को ईवी सब्सिडी प्रोग्राम बंद कर दिया था। इससे 72 घंटे पहले ही सरकार ने प्रोग्राम बंद होने के संकेत दिए थे। अब अधिकारी टेस्ला के सेल्स डेटा की जांच कर रहे हैं। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या प्रोग्राम के आखिरी दिनों में कोई गड़बड़ी हुई थी।

# हफ्तेभर में 1,000 रुपए से ज्यादा महंगा हुआ सोना, चांदी में भी आया बड़ा उछाल



*नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में इस सप्ताह लगातार तेजी देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, शुक्रवार (28 फरवरी) को 24 कैरेट सोने का भाव 85,056 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 1,003 रुपए बढ़कर 86,059 रुपए पर पहुंच गया।*

सोने-चांदी की कीमतों में इस सप्ताह लगातार तेजी देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, शुक्रवार (28 फरवरी) को 24 कैरेट सोने का भाव 85,056 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 1,003 रुपए बढ़कर 86,059 रुपए पर पहुंच गया। चांदी की कीमत में भी जोरदार उछाल आया, जो 3,244 रुपए बढ़कर 96,724 रुपए प्रति किलो हो गई। 28 फरवरी को यह 93,480 रुपए प्रति किलो थी। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 89,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे फिसल गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपए की गिरावट के साथ 88,900 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। यह सोने में गिरावट का दूसरा दिन था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपए की गिरावट के साथ 88,500 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा।

# विदेश से भारत में कितना सोना ला सकते हैं?




*नई दिल्ली। भारत में कस्टम ड्यूटी नियमों के तहत यात्रियों को अपने साथ सोना लाने की अनुमति दी गई है। भारतीय पासपोर्ट एक्ट, 1967 के तहत, भारतीय यात्री अधिकतम 1 किलोग्राम सोना ला सकते हैं। ड्यूटी फ्री लिमिट के अंतर्गत पुरुष यात्री 20 ग्राम (50,000 रुपए तक) और महिला यात्री 40 ग्राम (1,00,000 रुपए तक) सोना ला सकते हैं। बच्चों को भी उनके जेंडर के हिसाब से 20 या 40 ग्राम सोना लाने की अनुमति है, जिसकी अधिकतम कीमत क्रमश: 50,000 रुपए और 1,00,000 रुपए होगी।*

भारतीय मूल के यात्री या वैध पासपोर्ट धारक, जो कम से कम छह महीने विदेश में रहकर लौटे हैं, वे अपने साथ सोना ला सकते हैं। यदि इस छह महीने के दौरान यात्री की भारत यात्रा 30 दिनों से अधिक नहीं होती और उसने पहले इस छूट का लाभ नहीं लिया है, तो इस अवधि को नजरअंदाज किया जा सकता है। अन्य यात्रियों को बैगेज में सोना लाने की इजाजत नहीं है। एनआरआई यात्रियों को, यदि वे कम से कम छह महीने से विदेश में रह रहे हैं, तो प्रत्येक छह महीने में अधिकतम 10,000 ग्राम (10 किलोग्राम) सोना भारत में लाने की इजाजत है। हालांकि, इसका केवल एक भाग ही ड्यूटी फ्री होगा, और बाकी पर कस्टम ड्यूटी लागू होगा। सोने की छड़ों और सिक्कों पर निर्माता या रिफाइनर का खुदा हुआ सीरियल नंबर और मेट्रिक इकाइयों में वजन होना जरूरी है। इन पर 12.5 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी और 1.25 प्रतिशत का सोशल वेलफेयर सरचार्ज लागू होगा। टोला बार और बिना जड़े हुए गहनों पर भी 12.5 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी और 1.25 प्रतिशत सोशल वेलफेयर सरचार्ज लगेगा। जिन यात्रियों को रियायती शुल्क लाभ नहीं मिलता, उन्हें 38.5 प्रतिशत तक का कस्टम ड्यूटी देना होगा। भारत में पहुंचने के बाद, सभी यात्रियों को पहले इमीग्रेशन ऑफिसर से क्लीयरेंस लेना होगा और फिर अपने बैगेज को कलेक्ट करने के बाद कस्टम ड्यूटी से जांच करवानी होगी। यात्रियों को कस्टम ड्यूटी द्वारा निर्धारित फॉर्म में अपने पास मौजूद सोने की मात्रा और प्रकार के बारे में बताना होगा। कस्टम ड्यूटी की गणना 2007 कस्टम वैल्यूएशन रूल्स के अनुसार की जाती है। सोने की शुद्धता और खरीद प्रमाणित करने के लिए चालान, बिल और प्रमाण पत्र आवश्यक होते हैं। यदि कोई यात्री इन चीजों का पालन नहीं करता, तो कस्टम ड्यूटी एक्ट, 1962 की धारा 111 के तहत उसका सोना जब्त किया जा सकता है। जिन यात्रियों के पास प्रतिबंधित या कस्टम ड्यूटी योग्य सामान है, या जो अपनी ड्यूटी फ्री लिमिट से अधिक सामान ला रहे हैं, उन्हें कस्टम ड्यूटी फॉर्म भरकर रेड चैनल से गुजरना होगा।

## कितनी नकदी लाई जा सकती है?

भारत में लाई जाने वाली विदेशी मुद्रा पर कोई लिमिट नहीं है। हालांकि, यदि किसी यात्री के पास 5,000 डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा या 10,000 डॉलर से अधिक की करेंसी और फॉरेन एक्सचेंज हो, तो उसे इसके बारे में बताना होगा। इसके अलावा भारतीय रुपए को विदेश से लाना गैरकानूनी है, लेकिन यदि कोई भारतीय निवासी विदेश यात्रा से लौट रहा है, तो वह अधिकतम 25,000 रुपया नकद साथ ला सकता है। कस्टम ड्यूटी एक्ट के अनुसार, गलत जानकारी देना, वस्तुओं को छिपाना या घोषणा न करना गंभीर उल्लंघन माने जाते हैं। ऐसा करने पर यात्री के सामान को जब्त किया जा सकता है, उस पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है और कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। यह एक्ट उन लोगों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने की अनुमति देता है जो ग्रीन चैनल से प्रतिबंधित, सीमित या कर योग्य वस्तुओं को लाने का प्रयास करते हैं या रेड चैनल में गलत जानकारी देते हैं।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्प्लेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.41 लाख मामले निराकृत

# छह अरब 17 करोड़ से अधिक की अवार्ड राशि पारित



**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जबलपुर और इंदौर व ग्वालियर खंडपीठ के साथ राज्य के सभी न्यायालयों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में परस्पर समझाइश देकर आपसी समझौते से एक लाख 41 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रकरणों का निराकरण करते हुए छह अरब 17 करोड़ से अधिक कीर अवॉर्ड राषि पारित की गयी। एक दिन में इतनी बडी संख्या में प्रकरणों का निराकरण कर फिर सहज, सुलभ व त्वरित न्यायदान का कीर्तिमान स्थापित हुआ।

वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के तीन लाख 48 हजार 533 मामले रखे गए थे। जिनमें से एक लाख छह हजार 86 मामले निराकृत करते हुए 13 अरब से अधिक मुआवजा वितरित हुआ। इसी तरह अदालतों में लंबित 70 हजार 29 मामले रखे गए थे। जिनमें से 35 हजार 103 मामले का आपसी समझौते से निराकरण किया गया और चार अरब से अधिक की अवार्ड राशि पारित की गयी।

इस तरह कुल चार लाख 18 हजार 562 मामलों में से एक लाख 41 हजार 189 मामले निराकृत करके छह अरब से अधिक की अवार्ड राषि पारित करने का रिकार्ड बनाया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मित्तल ने बताया कि हाईकोर्ट की तीनों बेंच में आठ खंडपीठ और राज्य की अधीनस्थ अदालतों में 1430 खंडपीठ सुनवाई के लिए गठित की गई थीं। इस तरह कुल 1438 खंडपीठों ने सुनवाई कर सुलह योग्य प्रकरणों को निराकृत कर दिया।

#### मोटर दुर्घटना प्रकरण का 48 और 36 लाख में हुआ समझौता

मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित सुनीता वर्मा विरुद्ध रामबाबू राजपूत व अन्य के मामले का पक्षकारों के मध्य समझौते के जरिये निराकरण हुआ। बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल कंपनी राशि देने तैयार हो गई। आवेदक की ओर से अधिवक्ता नितिन कुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। बीमा कंपनी की ओर से अधिवक्ता आदित्य नारायण शर्मा खड़े हुए। इसी तरह मोटर दुर्घटना के अन्य प्रकरण मिथलेश तिवारी विरुद्ध फिरोज खान व अन्य में 36 लाख की राशि पर समझौता हो गया। बीमा कंपनी नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मुआवजा देने तैयार हो गई। आवेदक का पक्ष अधिवक्ता नितिन कुमार गुप्ता व बीमा कंपनी का पक्ष अधिवक्ता विनोद कुमार त्रिपाठी ने रखा।

# पोते की जलती चिता में कूदकर दादा ने दे दी जान

**सीधी, देशबन्धु।** जिले के लोगों के सामने एक दिल दहला देने वाला मामला उस वक्त सामने आया जब एक बुजुर्ग ने अपने पोते की जलती चिता में कूदकर जान दे दी। शुक्रवार को पोते ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या के बाद आत्महत्या कर ली थी।

इस घटना के बाद से मृतक के दादा सदमे में थे। यह घटना बहरी थाना क्षेत्र के सिहोलिया गांव की है। पुलिस की मानें तो अभय राज यादव ने पत्नी सविता यादव की हत्या कर दी थी। इसके बाद खुद फांसी से लटकर जान दे दी थी। दोनों का अंतिम संस्कार बीती रात किया गया।

इस दौरान अपने पोते अभय राज की जलती चिता को देख उसकेदादा रामावतार यादव के सब्र का बांध टूट गया और वे अपने पोते की चलती चिता में कूद गए। शनिवार सुबह चिता के बगल में अधजला शव मिला। जिसकी पहचान रामावतार के रूप में हुई।

**पत्नी की हत्या के बाद कर ली थी आत्महत्या-** परिजनों ने बताया कि दादा रामावतार को अपने पोते अभय राज से बड़ा प्रेम था। दादा से नाती का दुख बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्हें काफी ढूंढा गया, जब कहीं नहीं मिले तब अभय की चिता के पास गए।

जहां उनकी अधजली लाश मिली। फिलहाल, पुलिस ने बुजुर्ग के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**रोज के झगड़ों में हुई वारदात-** यह भी बताया जा रहा है कि अभय राज और सविता के बीच अक्सर झगड़े होते थे। 5 दिन पहले अभय राज ने सविता को बुरी तरह पीटा था। वह नशे का आदि था। गांजा और कोरेक्स के साथ शराब का नशा करता था। सविता नशे का विरोध किया करती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच शुक्रवार को भी झगड़ा हुआ था जिसके बाद वारदात हुई।

# बाजार में मचने लगी होली की धूम, केमिकल रंगों से रहे सावधान !



**जबलपुर,देशबन्धु।** ढोल की आवाज और रंगों की मस्ती के बिना होली का त्यौहार अधूरा माना जाता है। इस साल होली का त्यौहार 14 मार्च को मनाया जायेगा। लोग इस दिन को खास मनाने के लिए एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हैं। हालांकि पहले के समय में लोग फूलों या उससे बने रंगों से होली खेला करते थे लेकिन आज होली खेलने के लिए धड़ल्ले से केमिकल रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

होली के इन रंगों में लेड ऑक्साइड, क्रोमियम आयोडाइड, कॉपर सल्फेट, सीसा और एल्यूमिनियम ब्रोमाइड जैसे रसायन मौजूद होते हैं। जिससे त्वचा में कई तरह की एलर्जी के साथ-साथ बड़े नुकसान से भी गुजरना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक केमिकल वाले रंगों में खासतौर पर सिलिका और सीसा मिलाया जाता है इन रंगों की थोड़ी सी भी मात्रा आंखों में जाने पर आंखों को नुकसान पहुंच सकता है, उसमें खुजली के साथ जलन पैदा करके पुतलियों को भी नुकसान पहुंच सकता है। केमिकल वाले रंग खेलते समय अगर ज्यादा मात्रा में मुंह में चले जाएं तो पेट से जुड़ी दिक्कतें पैदा कर सकते हैं, जिससे व्यक्ति को उल्टी, दस्त, पेट दर्द व इंफेक्शन जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

केमिकल वाले होली रंगों को बनाते समय सीसा, पारा, क्रोमियम और अमोनिया जैसे खतरनाक रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है। जो त्वचा के लिए ज्यादा हानिकारक है, स्किन से जुड़ी कई समस्याएं व बीमारियों हो सकती है। हालांकि लोग अब धीरे-धीरे जागरूक होने लगे हैं, रंग, गुलाल की खरीदी सोच समझकर करने लगे हैं, हर्बल रंगों की खरीदी की तरफ बढ़ने लगे हैं वहीं बाजार में भी अब हर्बल रंग गुलाल की उपलब्धता बढ़ने लगी है। इस बार भी बाजार में हर्बल के रंग गुलाल कई ब्रांडेड कम्पनियों ने उतारा है जो कि सामान्य रंग गुलाल से महंगे बिक रहे हैं।

#### फैन्सी पिचकारियों व मुखौटों की भरमार

शहर के अधिकतर बाजारों में होली की दुकानें सज चुकी हैं, इन दुकानों में पारम्परिक पिचकारियों सहित फैन्सी पिचकारियों और मुखौटों, रंग गुलाल, बैलून की भरमार दिख रही है।

कारोबारियों के मुताबिक इस बार 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ अन्य कक्षाओं की फाईनल परीक्षा होने से कारोबार कम होने का अनुमान है। दूसरी तरफ बढ़ती महंगाई के चलते भी लोगों की खरीद क्षमता पर असर पड़ा है। इसके अलावा लोग घरों पर भी प्राकृतिक रंग बनाने लगे हैं। जो सेहत के लिहाज से अच्छे माने जाते हैं।

# किस इरादे से गायब हुए एनेस्थीसिया इंजेक्शन!

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के एक हॉस्पिटल से अचानक बड़ी मात्रा में एनेस्थिसिया के इंजेक्शन गायब होने की खबर से अस्पताल में हड़कंप का माहौल हैं। मामला ग्लोबल हॉस्पिटल का बताया जा रहा हैं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक एनेस्थीसिया के इंजेक्शन अरसे से अस्पताल की एक हैड नर्स द्वारा गायब किए जा रहे थे।

अस्पताल सूत्रों के मुताबिक मामले में विगत माह तब हल्ला मचा जब इसकी भनक अस्पताल के लगभग पूरे स्टाफ को लग गई। विगत माह करीब 50 से अधिक एनेस्थीसिया के इंजेक्शन गायब हुए थे। अस्पताल सूत्रों के अनुसार मामला सभी के संज्ञान में आने के बावजूद न तो एफआईआर की गई और न हीं सीएमएचओ के संज्ञान में मामला लाया गया। प्रकरण को इस तरह रफा-दफा कर दिया गया जैसे कुछ हुआ ही न हो। जानकारों के अनुसार एनेस्थीसिया के इंजेक्शन का दुरुपयोग भी हो सकता हैं और यह कई बार लोगों को मौत की नींद भी सुला सकता हैं। ऐसे में अरसे से अस्पताल से इंजेक्शन किसके इशारे पर और क्यों गायब हो रहे थे यह न सिर्फ मामला पुलिस द्वारा विवेचना का था बल्कि प्रबंधन को स्वयं आगे आकर एफआईआर दर्ज करानी थी लेकिन अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्रबंधन के संज्ञान में आने के बाद जिस तरह मामले को दबाया गया उससे ऐसी आशंका पूरे स्टाफ में हैं कि प्रबंधन की मिली भगत से ही कोई गहरी साजिश रची जा रही थी।

#### ग्लोबल हॉस्पिटल का मामला, न एफआईआर, न शिकायत

**पूरी तरह निराधार हैं आरोप-** न तो इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया हैं न हीं अस्पताल में इस तरह की स्टाफ की ओर से कोई भी शिकायत मिली हैं। जिस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं वे पूरी तरह से निराधार हैं।

**- डॉ. शब्बीर हुसैन**
**निदेशक, ग्लोबल हॉस्पिटल**

# अब बदमाशों पर मिर्च स्प्रे कैन से निपटेंगी आरपीएफ की महिला जवान




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल की महिला जवानों को मिर्च स्प्रे के डिब्बों से लैस करने का फैसला किया है। यह गैर-घातक लेकिन प्रभावी उपकरण महिला आरपीएफ जवानों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से तेजी से निपटने में मदद करेगा, खासकर अकेले या बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की सुरक्षा करते समय, ताकि महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित ट्रेन यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

यह अभिनव कदम भारतीय रेलवे की लैंगिक समावेशिता, महिला सशक्तिकरण और अपने विशाल नेटवर्क में बढ़ी हुई सुरक्षा के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मिर्च स्प्रे के डिब्बे उपलब्ध कराने से महिला आरपीएफ जवानों को सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत मिलेगी, जिससे वे खतरों को रोक सकेंगी, उत्पीड़न की घटनाओं का जवाब दे सकेंगी और आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभाल सकेंगी - खासकर सुनसान पड़े स्टेशनों, चलती ट्रेनों और दूरदराज के रेलवे स्थानों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में जहां तत्काल बैकअप उपलब्ध नहीं हो सकता है।

### बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप में की लूट

**रीवा देशबन्धु।** मनगवां थाना क्षेत्र के रघुनाथगंज पुलिस चौकी अंतर्गत बाइकर्स गिरोह ने एक बार फिर ज्वेलरी शॉप में लूट की वारदात को अंजाम दिया है। करीब 50 ग्राम सोने के आभूषण लूटकर पल्सर सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। जानकारी के मुताबिक रघुनाथगंज कस्बे में शिवांगी ज्वेलर्स के नाम से संचालित बिन्नू सोनी की दुकान को बदमाशों ने निशाना बनाया है। यहां दो की संख्या में बदमाश पहुंचे। एक आरोपी हेलमेट लगाए दुकान के अंदर आया और चेन अंगूठी दिखाने को कहां। इस बीच उसका दूसरा साथी दुकान के बाहर खड़ा था। बदमाशों ने दुकान संचालक व उसके भाई को अपनी बातो में उलझा लिया।

# अंतिम यात्रा में मधुमक्खियों का हमला, 50 घायल



**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में शव यात्रा में शामिल लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसके बाद लोग शव को जमीन पर रखकर भाग गए। घटना में करीब 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हालांकि कोई गंभीर रूप घायल नहीं हुआ। कोई अस्पताल भी नहीं पहुंचा। घटना शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे हटामाझी समाज की वरिष्ठ नेत्री शकुंतला रैकवार का निधन हो गया था।

शनिवार सुबह उनकी अंतिम यात्रा निकाली जा रही थी। इसमें करीब 150 से ज्यादा लोग शामिल थे। अंतिम यात्रा फुटेरा तालाब के पास पूजन के लिए रुकी थी। इसी दौरान मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने तालाब किनारे मुंडन करा रहे लोगों पर भी हमला किया।

अचानक हुए हमले से वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग शव छोड़कर भाग गए। भाजपा युवा नेता मोंटी रैकवार ने बताया कि कुछ देर बाद व्यापारी संजय असाटी, शंकर रैकवार और विनय रैकवार के साथ अर्थी को कंधा देकर शमशान तक पहुंचाया। हालांकि घायलों में से कोई भी अस्पताल नहीं पहुंचा।









# गोंदिया-छपरा- होली स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर, देशबन्धु।** होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी सांख्य 08863/08864 गोंदिया-छपरा-गोंदिया होली स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।



गाड़ी संख्या 08863 गोंदिया-छपरा स्पेशल ट्रेन 12 मार्च को गोंदिया स्टेशन से सायं 17:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन कटनी भोर 04: 40 बजे, मैहर 06: 38 बजे, सतना 07:10 बजे, प्रयागराज छिवकी 10:10 बजे पहुँचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और रात 19:00 बजे छपरा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08864 छपरा-गोंदिया स्पेशल ट्रेन 13 मार्च 2025 को छपरा स्टेशन से रात्रि 22:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन प्रयागराज छिवकी भोर 04:00 बजे, सतना सुबह 08:45 बजे, मैहर 09:18 बजे, कटनी 10:10 बजे पहुँचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और रात्रि 23:45 बजे गोंदिया स्टेशन पहुंचेगी।

# मुंबई से रीवा के लिए अनारक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलेगी

रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा होली एवं ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर होली एवं ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 09129/09130 बांद्रा टर्मिनस-रीवा-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 17-17 ट्रिप के लिए चलाई जा रही है।

यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के दोनों दिशाओं में पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल (जबलपुर), कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गंतव्य पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09129 बांद्रा टर्मिनस-रीवा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक प्रत्येक गुरुवार को 06 मार्च से 26 जून तक बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से भोर 04:30 बजे प्रस्थान कर, पिपरिया रात्रि 22:18 बजे, नरसिंहपुर 23:10 बजे पहुंचकर, अगले दिन मदनमहल मध्य रात्रि 01:00 बजे, कटनी 02:40 बजे, मैहर 04:10 बजे, सतना 05:20 बजे पहुंचकर और प्रात: 07:00 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09130 रीवा-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक प्रत्येक शुक्रवार को 07 मार्च से 27 जून तक रीवा स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर, सतना दोपहर 12:20 बजे, मैहर 12:45 बजे, कटनी 14:00 बजे, मदनमहल 16:05 बजे, नरसिंहपुर 17:05 बजे, पिपरिया 18:00 बजे पहुंचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए और दूसरे दिन दोपहर 12:15 बजे बनदरा टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।


**J.B.F.A**
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मर्स एसोसिएशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 120 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 108 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 88 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 88 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 84 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 104 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 116 |

मो.- 9039925999

